4 रायपुर संभाग
टोल प्लाजा में राहत, हाईवा के लिए समय निर्धारित करने...

6 अभिमत
विष्णु सरकार की सुध से खेती-किसानी को नया सम्बल

09 विविध
इंडस टॉवर्स ने एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ ...

10 संस्कारधानी
नगर पंचायत में सत्तापक्ष की पार्षद का धरना प्रदर्शन

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-289 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज

### एक दल को सरकार बनाने का जनादेश नहीं है यह : पायलट

**टोंक।** राजस्थान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिले बहुमत को खंडित जनादेश बताया है और कहा है कि यह किसी एक दल को सरकार बनाने का जनादेश नहीं है।



पायलट ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि अब मिली-जुली सरकार बनी है।

### सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 10 जुलाई को

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 रिक्त विधानसभा सीटों के लिए 10 जुलाई को उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार हिमाचल प्रदेश की डेहरा, हमीरपुर और नालागढ़, पंजाब की जालंधर पश्चिम (अजा), बिहार की रुपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज , रानाघाट(अजा) और बगदा (अजा) और माणिकतला, मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा (अजजा) , उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर तथा तमिलनाडु की विक्रवांडी सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जायेगी। कार्यक्रम के अनुसार उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र 21 जून तक भरे जा सकेंगे।

### गाजीपुर में तीर्थयात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, 4 मृत, 32 घायल

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के बरेसर थाना क्षेत्र में तीर्थ यात्रियों से भरी बस के पूर्वांचल एक्सप्रेस पर खड़े वाहन में टकरा जाने से चार यात्रियों की मौत हो गई जबकि 32 अन्य घायल भी हो गए। पुलिस के अनुसार बिहार के विक्रमगंज से एक प्राइवेट बस से 36 तीर्थ यात्रियों का जत्था श्रीराम मंदिर अयोध्या दर्शन करने गया था। ये लोग दर्शन पूजन कर वापसी कर रहे थे कि भोर पांच बजे तीर्थ यात्रियों से भरी बस बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े हाइवा (ट्रक) में पीछे से घुस गई।

# सतनामी समाज का उग्र प्रदर्शन, कलेक्टर ऑफिस में पथराव और आगजनी

## सैकड़ों वाहन जलकर खाक, 10 हजार से अधिक की संख्या में मौजूद रहे लोग

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com







गिरौदपुरी धाम से 5 किलोमीटर दूर एक बस्ती मानाकोनी है यहां पर पुरानी गुफा है जो बाघिन गुफा के नाम से प्रचलित है जहां जैतखाम और सतनामी समाज के पूजा स्थल में तोड़फोड़ की गई थी, इसके बाद समाज के लोगों ने इसका जमकर विरोध किया एवं पूरा सतनामी समाज आक्रोशित हो उठा। बलौदाबाजार के इतिहास में पहली ऐसी घटना है जहां सतनामी समाज के 10000 से ज्यादा लोग अपनी मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन पर उतर आए। इसी दरम्यान कलेक्टर दफ्तर, एसपी ऑफिस और जिला पंचायत कार्यालय में पथराव किया गया। साथ ही सरकारी कार्यालयों में आग लगा दी गई। वाहनों में तोड़फोड़ कर परिसर में खड़ी बाइक और बड़ी गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया गया। वहीं पुलिस कर्मियों के साथ झूमा छपटी की भी खबरे सामने आई है। गुस्साई भीड ने सैकड़ो गाड़ियां को आग हवाले कर दी। गिरौदपुरी में जैतखाम तोड़ने पर तीन लोगों को जेल भेजा गया है। लेकिन नाराज समाज के लोगों का कहना है कि जिन्हें जेल भेजा गया है वह असली अपराधी नहीं है इसलिए प्रदेश भर से सतनामी समाज के लोगों ने दशहरा मैदान में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सतनामी समाज ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से कलेक्टर परिसर के चारों तरफ वेरीकेट लगया हुआ था लेकिन उसे तोड़ते हुए समाज के लोग अंदर घुस गए इस दौरान पुलिस कर्मचारियों को चोटे आई है। वहीं गुस्साए लोगों ने कलेक्टर दफ्तर पर आग लगा दी अधिकारियों की गाड़ियों पर भी तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई। हालात बिगडते देख प्रशासन के द्वारा तत्काल शहर की दुकाने बंद करवा दी गई। नाराज लोगों ने तहसील ऑफिस रजिस्ट्री ऑफिस में कृषि विभाग में खड़ी गाड़ियों पर आग लगा दी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आईजी रायपुर एवं कमिश्नर को मौके पर भेजा। हालात में काबू पाने के लिए राजधानी रायपुर से भी पुलिस बल भेजा गया है।

### सीएम विष्णुदेव साय ने शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गिरौदपुरी के अमर गुफा मामले में पूर्व में ही न्यायिक जांच के लिए गृहमंत्री विजय शर्मा को निर्देशित किया था, जिसकी घोषणा उनके द्वारा की गई थी। सीएम द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं और सभी से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। वहीं सीएम द्वारा मुख्य सचिव और डीजीपी को तलब कर घटना की प्रारंभिक जानकारी ली गई है। साथ ही घटना की विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है।



### यह घटना, प्रदेश की लचर क़ानून व्यवस्था का प्रमाण है : डॉ महंत



**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने बलौदा बाजार हिंसा को सरकार की नाकामी और प्रदेश की लचर क़ानून व्यवस्था का प्रमाण बताया है। डॉ महंत ने कहा की, प्रदेश की राजधानी रायपुर से लगे जिले मे यह घटना चिंताजनक है। धर्म स्थली अमर टापू की घटना निंदनीय है,15 मई की घटना से नाराज़ लोग न्याय की मांग को लेकर धरने पर थे, राज्य शासन-प्रशासन अगर समय पर आवश्यक कदम उठाए होते तो आज नाराज़गी को इस हद तक जाने से रोका जा सकता था। भाजपा सरकार सतनाम समाज की मांग अनुसार इस पूरी घटना की जाँच कराये। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने कहा की मैं समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। महंत ने कहा सतनाम समाज बाबा घासीदास जी के बताए शांति और सद्भाव के रास्ते पर चलने वाला समाज है।

### गिरौदपुरी धाम के जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ की होगी न्यायिक जांच : विजय शर्मा



**रायपुर।** जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने मामले की न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है। उन्होंने दो टूक कहा की प्रदेश में कही भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नही की जाएगी ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील भी की है।

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने शांति बनाए रखने की अपील



**रायपुर।** बलौदाबाजार जिले में हुई आगजनी की घटना पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल का बयान सामने आया है। भूपेश बघेल ने कहा कि बलौदाबाजार में हुई हिंसा की घटना चिंताजनक है। उन्होंने कहा अगर शासन-प्रशासन ने समय पर आवश्यक कदम उठाए होते तो लोगों की नाराजगी को इस हद तक जाने से रोका जा सकता था। उन्होने कहा सतनामी समाज बाबा घासीदास के बताए शांति और सद्भाव के रास्ते पर चलने वाला समाज है। मैं समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं।

# मोदी ने तीसरी बार संभाला प्रधानमंत्री पद का कार्यभार, किसान निधि की किश्त को दी मंजूरी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां लगातार तीसरी बार देश प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला और अपने पहले निर्णय में प्रधानमंत्री किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने की मंजूरी देने वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी सुबह अपने कार्यालय पहुंचे और कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान निधि की किश्त जारी करने की फाइल पर हस्ताक्षर किए।इससे 9.3 करोड़ किसानों को फायदा होगा और करीब 20,000 करोड़ रुपये बांटे जाएंगे। फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा, 'हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध सरकार है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालते ही जिस पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए जाएं वह किसान कल्याण से संबंधित हो।

### मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की

**नयी दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि मुर्मु ने राष्ट्रपति मुइज्जू का स्वागत करते हुए मालदीव की नई सरकार और जनता को शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि राष्ट्रपति डॉ. मुइज्जू के नेतृत्व में मालदीव समृद्धि और विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक एवं बहुआयामी संबंधों का उल्लेख किया तथा लोगों के बीच परस्पर संपर्क, क्षमता निर्माण सहयोग, आर्थिक और व्यापार संबंधों तथा विकास सहयोग सहित व्यापक द्विपक्षीय सहयोग के महत्वपूर्ण स्तंभों पर प्रकाश डाला।



### समझौते के अनुसार दिल्ली को पानी देगा हिमाचलः सुक्खू

वार्ता < शिमला
www.dailypioneer.com


हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार दिल्ली सरकार के साथ किए गए समझौते के अनुसार दिल्ली को पानी देने के लिए प्रतिबद्ध है। सुक्खू ने यहां तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के बारे में कहा कि इन क्षेत्रों में मतदाताओं द्वारा निर्दलीय विधायक चुने गए थे जो विधानसभा में विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश सरकार या विपक्ष का साथ दे सकते थे। इसके बावजूद उन्होंने अपनी सदस्यता को त्यागने का निर्णय किस आधार पर लिया है, यह बात उन्हें जनता के सामने रखनी चाहिए। यह बात स्पष्ट है कि उन्होंने अपनी सदस्यता को निजी लाभों के लिए दांव पर लगाया है। यह भी देखना होगा कि क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इन पूर्व तीन निर्दलीय विधायकों को अपना उम्मीदवार घोषित करती है या नहीं।

## मोदी मंत्री मंडल में सौंपे गए विभाग

# अमित शाह को गृह, राजनाथ रक्षा मंत्री, शिवराज संभालेगे कृषि









पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com





अमित शाह को एक बार फिर गृह और सहकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिछले दो कार्यकाल में मोदी और शाह की जोडी चर्चित रही। वहीं राजनाथ सिंह को फिर से रक्षामंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। नितिन गडकरी के भी मंत्रालय को यथावत रखा गया है। गडकरी पहले की भात सड़क एवं परिवहन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। जगत प्रकाश नड्डा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय की जवाबदारी सौंपी गई है। इससे पहले वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। मध्यप्रदेश से शिवराज सिंह को कृषि मंत्रालय की जवाबदारी दी गई है। मनसुख माडविया को श्रम एंव रोजगार मंत्रालय की जिम्मेदारी सौपी गई है। ज्योतिराज सिंधिया को संचार विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अश्विणी वैष्णव को रेल्वे, सूचना प्रसारण, सूचना प्रौद्योगिकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्मला सितारमण को पहले की तरह वित्त और कार्पोरेट मामले के मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# हरियाणा की ओर से दिल्ली के हिस्से का पानी रोकने पर 'आप' ने जताई आपत्ति

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश से दिल्ली को मिल रहे अतिरिक्त पानी को हरियाणा सरकार द्वारा रोकने पर आम आदमी पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली सबकी है और सबको अपनाती है। देशभर के लोग अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर रोजगार के लिए यहां आते हैं। वहीं भाजपा दिल्ली के लोगों के पानी का हक रोक रही है। सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट कर तक हर जगह संघर्ष करेंगे और भाजपा की नकारात्मक राजनीति दिल्ली में एक बार फिर विफल होगी। 31 मई को दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट गई और बताया कि अचानक लू के चलते दिल्ली में तापमान 53 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और पानी की मांग बढ़ गई है। हमने अदालत को बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली को देने के लिए तैयार हैं। हमने सुप्रीम कोर्ट से मांग की कि हरियाणा सरकार को हिमाचल से दिल्ली तक पानी आने देने का आदेश दिया जाए। उन्होंने पानी की कमी को पूरा करने के लिए हमें थोड़े समय के लिए यह व्यवस्था चाहिए। अदालत ने हरियाणा सरकार को पानी को बिना किसी रुकावट के हथिनीकुंड बैराज से होते हुए दिल्ली आने देने का आदेश दिया। हरियाणा सरकार ने हिमाचल प्रदेश से आने वाला 137 क्यूसेक पानी तो रोका ही, साथ ही एक दूसरे चैनल से दिल्ली आने वाले 1050 क्यूसेक पानी में से 200 क्यूसेक की आपूर्ति भी रोक दी है। कक्कड़ ने कहा कि इसी नकारात्मक राजनीति का नतीजा है कि भाजपा हरियाणा में आधी हो गई है।

# पानी संकट की याचिका में खामियां, सुप्रीम कोर्ट ने की दिल्ली सरकार की खिंचाई

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में अतिरिक्त पानी आपूर्ति का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका की खामियां दूर करने की उसकी ओर से दी गई मोहलत की अनदेखी पर दिल्ली सरकार की खिंचाई की और याचिका खारिज करने की चेतावनी के साथ कहा कि वह अखबारों की खबरों के आधार पर आदेश पारित नहीं कर सकता।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति पी बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता दिल्ली सरकार को चेतावनी दी कि वह पिछली सुनवाई की तारीख पर आश्वासन के बावजूद खामियों को दूर करने में विफल रहने के आधार पर रिट याचिका को खारिज कर देगी। पीठ के समक्ष दलील देते हुए हरियाणा सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि वह हलफनामा और स्थिति रिपोर्ट ई-फाइल नहीं कर सकती, क्योंकि दिल्ली सरकार की रिट याचिका में अभी भी खामियां हैं। इस पर पीठ ने दिल्ली सरकार के वकील से कहा, आपने खामियों को दूर नहीं किया है। पिछली तारीख को इस ओर ध्यान दिलाया गया था। अदालती कार्यवाही को हल्के में न लें। हम इस आधार पर याचिका खारिज करेंगे, चाहे यह याचिका कितनी भी महत्वपूर्ण क्यों न हो। पीठ ने आगे कहा जब यह बयान दिया जाता है कि आप खामियों को दूर करेंगे और वह दूर नहीं होती, तो हम उसे खारिज कर देते हैं। आपने कहा था कि आप पानी की कमी से जूझ रहे हैं?, आज ही अंतिम तिथि पर आदेश पारित करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि हलफनामा और स्थिति रिपोर्ट को रिकॉर्ड में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि रिट याचिका में खामियों को दूर नहीं किया गया है।

# समाज के सेवक हैं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी : यादव

वार्ता ∢ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि शासकीय अधिकारी कर्मचारी इस भावना से कार्य करें कि वे सरकार के नहीं समाज के सेवक हैं। उनकी कार्यशैली में मानवीयता व संवेदना का सदैव प्रकटीकरण होना चाहिए। डॉ यादव ने प्रशासन अकादमी भोपाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य सेवा अधिकारियों के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को नई दिल्ली से ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्राप्त अधिकार जन-आकांक्षाओं और जनहित की पूर्ति के लिए हैं और उनकी जनता के प्रति जबावदारी है। शासकीय सेवा बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है साथ ही यह परीक्षा भी लेती है। सामान्यतः व्यक्ति जब अधिकार संपन्न होता है तो उसमें ठहराव और स्थिरता का भाव आ जाता है, जबकि हमें निरंतर सचेत और सक्रिय रहना है। शासकीय सेवा केवल नौकरी नहीं अपितु समाज के लिए सर्वश्रेष्ठ करने की बड़ी जिम्मेदारी है। हमें जो भी भूमिका मिल रही है उसे हम पूर्ण आत्मविश्वास के साथ बेहतर से बेहतर तरीके से निभाने का प्रयत्न करें। आरसीपीवी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच का राज्य प्रशिक्षण कार्यक्रम, भारतीय वन सेवा 2022 बैच का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम और राज्य सिविल सेवा 2019-20 बैच का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से आरंभ हुआ। प्रशासन अकादमी में कार्यक्रम का शुभारंभ अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन तथा महानिदेशक प्रशासन अकादमी विनोद कुमार, अपर मुख्य सचिव वन जे एन कंसोटिया, सचिव सामान्य प्रशासन जी वी रश्मि तथा संचालक प्रशासन अकादमी मुजीबुर्रहमान ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशासन अकादमी के संकल्प गीत का गायन भी हुआ। शुभारंभ अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं ने अपना परिचय दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों से सुशासन के लिए कार्य करने की अपेक्षा है। उन्होंने सुशासन की व्याख्याता करते हुए कहा कि लोकहित में किया गया कार्य ही सुशासन है। भगवान श्री राम का रामराज्य तथा सम्राट विक्रमादित्य व सम्राट अशोक का कार्यकाल प्रशासनिक दक्षता और सुशासन का पर्याय माना जाते हैं। उन्होंने से कहा कि वे समय का सदुपयोग सर्वश्रेष्ठ रूप में करें और अपनी क्षमता व योग्यता के दम पर निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें। डॉ यादव ने प्रशिक्षुओं को निर्भिक और निस्वार्थ रहते हुए कर्मयोगी की तरह काम करते हुए अपनी पहचान बनाने और कार्यशैली में पारदर्शिता, ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अपनी आभा समाज में बिखेरने तथा नई विधाओं, नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 9, भारतीय वन सेवा के 15 और राज्य सिविल सेवा के 127 प्रशिक्षु प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण अपर मुख्य सचिव तथा महानिदेशक प्रशासन अकादमी विनोद कुमार ने कहा कि चयनित प्रतिभाओं को लोकसेवा के प्रति उन्मुख करना आधारभूत प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश की प्रशासनिक संरचना, प्रशासक प्राणाली, नियम प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है। इसके साथ ही प्रतिभागियों को प्रदेश की सामाजिक, आर्थिक भौगोलिक एवं सांस्कृतिक पहलूओं से भी रू-ब-रू कराया जाएगा।

## यादव की नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य भेंट



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान नवनियुक्त केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य भेंट की और केंद्रीय मंत्रिपरिषद में चुने जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। डॉ. यादव ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, पीयूष गोयल, प्रल्हाद जोशी, गजेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. वीरेंद्र कुमार और चिराग पासवान से उनके निवास पर भेंट की। डॉ. यादव ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मध्यप्रदेश भवन में सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

# राजनीति में कुंदन बनकरे चमके विवेक ठाकुर

एजेंसी ∢ पटना
www.dailypioneer.com



अपने पिता पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्मभूषण डॉ. सी.पी. ठाकुर से सियासत का दांवपेंच सीखने वाले विवेक ठाकुर ने अपने राजनीतिक जीवन में भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में स्वयं को कुंदन की तरह तपाया और राज्यसभा सांसद के बाद देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा पहुंचने का गौरव हासिल किया। विवेक ठाकुर का जन्म 27 नवंबर 1969 को बिहार की राजधानी पटना में हुआ था। उनके पिता सी. पी. ठाकुर और मां उमा ठाकुर हैं। विवेक ठाकुर ने राजधानी पटना के संत माइकल स्कूल से स्कूली शिक्षा ग्रहण की है। उन्होंने वर्ष 1985 में संत माइकल स्कूल से मैट्रिक और वर्ष 1987 में इंटरमीडिएट की शिक्षा पूरी की। इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद विवेक ठाकुर उच्च शिक्षा के लिये दिल्ली चले गये। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित किरोड़ीमल कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई की। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह वापस बिहार आ गए और वर्ष 1990 में मगध विश्वविद्यालय से विधि स्नातक की है। इसके अलावा, उन्होंने वर्ष 1998 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फारेन ट्रेड से एक्स मास्टर इन इन्टरनेशनल ट्रेड भी किया है। विवेक ठाकुर की पत्नी मीनाक्षी ठाकुर है, जो गवर्नमेंट जॉब करती हैं। उनकी दो बेटियां वैष्णवी ठाकुर और आहाना ठाकुर है। महज चौबीस साल की उम्र में विवेक ठाकुर भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बन गए। उन्होंने पटना महानगर से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। दिग्गज नेता रहे डॉ. सीपी ठाकुर ने विवेक ठाकुर को राजनीतिक 'ककहरा' तो सिखाया ही और साथ में सिखाया सार्वजनिक जीवन में शुचिता रखते हुए सादगी और सभी के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार कैसे किया जाता है। विवेक ठाकुर भारतीय जनता दल युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे और बाद में राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने पिता डॉ. सीपी ठाकुर से राजनीतिक पृष्ठभूमि पाई जरूर, लेकिन जनसेवा के मैदान में अपनी विरासत, अपनी पहचान खुद बनाई है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के पद पर रहते हुए विवेक ठाकुर गुजरात, बंगाल और हिमाचल प्रदेश के प्रभारी भी रहे। वर्ष 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में विवेक ठाकुर ने बक्सर के ब्रह्मपुर सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाये।

वर्ष 2020 में विवेक ठाकुर राज्यसभा सांसद बनाये गये। उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव में विवेक ठाकुर ने सह प्रभारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राज्यसभा सासंद विवेक ठाकुर संसद में अपनी बातों को तथ्यपरक, गंभीरता और पुरज़ोर तरीक़े से रखने की कला में पारंगत हैं।

# कंगना की आतंकवाद संबंधी टिप्पणी गलत : मान



एजेंसी ∢ चंडीगढ
www.dailypioneer.com

अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत को एक केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जवान कुलविंदर कौर के थप्पड़ मारने की घटना पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को कहा कि घटना के बाद रनौत की पंजाब में आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ने संबंधी टिप्पणी गलत थी। उन्होंने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि कुलविंदर कौर रनौत की किसान महिलाओं संबंधी टिप्पणी से गुस्से में थी और संभवतः इसीलिये उन्होंने यह कदम उठाया लेकिन जो हुआ सही नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी के साथ घटना के बाद सुश्री रनौत का यह कहना भी पूरी तरह गलत था कि पंजाब में आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ रहा है।

मान ने कहा कि वह सार्वजनिक जीवन में हैं और इस तरह पूरे राज्य को लेकर इस तरह की टिप्पणी करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसान देश का पेट भरते हैं और जवान सीमाओं की सुरक्षा करते हैं, तापमान 50 डिग्री सेल्सियस हो या माइनस 50 डिग्री सेल्सियस हो।

## गाजीपुर में तीर्थयात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, चार मरे 32 घायल




**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के बरेसर थाना क्षेत्र में तीर्थ यात्रियों से भरी बस के पूर्वांचल एक्सप्रेस पर खड़े वाहन में टकरा जाने से चार यात्रियों की मौत हो गई जबकि 32 अन्य घायल भी हो गए। पुलिस के अनुसार बिहार के विक्रमगंज से एक प्राइवेट बस से 36 तीर्थ यात्रियों का जत्था श्रीराम मंदिर अयोध्या दर्शन करने गया था। ये लोग दर्शन पूजन कर वापसी कर रहे थे कि भोर पांच बजे तीर्थ यात्रियों से भरी बस बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े हाइवा (ट्रक) में पीछे से घुस गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि घायलों में से 11 लोगो को मऊ और 21 लोगो को गाजीपुर जिला अस्पताल भेजा गया है। जिनमें से अब तक चालक समेत चार लोगों के मौत हो गई है।

# पुणे में भाजपा के मोहोल को जिताने में राकांपा (अप) ने निभायी बड़ी भूमिका : मानकर

एजेंसी ∢ पुण
www.dailypioneer.com

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-अजित पवार) ने दावा किया है कि उसने महाराष्ट्र के पुणे लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल की चुनाव में जीत हासिल करने में बहुत बड़ी भूमिका निभायी है। पुणे राकांपा प्रमुख दीपक मानकर ने सोमवार को यहां मोहोल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्री परिषद में शामिल किये जाने का श्रेय लेते हुए कहा कि राकांपा-अप के कार्यकर्ताओं ने उनकी जीत भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा, ÷श्री मोहोल को मोदी सरकार में जगह मिल गयी है। मानकर ने शहर के गुप्ते मंगल हॉल में सोमवार को पार्टी का 25वां स्थापना दिवस मनाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। मानकर ने श्री मोहोल के मोदी मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा, ''हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्री मोहोल को निर्वाचित कराने के लिए चौबीसों घंटे काम किया है, इसलिए उन्हें मोदी सरकार में जगह मिली। उन्होंने भाजपा नेता देवेंद्र फड़नवीस को धन्यवाद दिया, जिन्होंने श्री मोहोल की कड़ी मेहनत को समझा और उन्हें मंत्रालय दिलाने की सिफारिश की। उन्होंने अजीत पवार के नेतृत्व में सरकारी संगठन समिति में अपनी पार्टी के सदस्य का पद मांगा। मानकर ने कहा कि जल्द ही सांसद सुनील तटकरे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी को और मजबूत करने के लिए पूरे महाराष्ट्र का दौरा शुरू करेंगे।

## अयोध्या के सांसद ने की जेड प्लस सुरक्षा की मांग

**अयोध्या।** अयोध्या के नवनिर्वाचित सांसद अवधेश वर्मा ने गृह मंत्रालय को पत्र लिख कर जेड प्लस सुरक्षा



देने की मांग की है। समाजवादी युवाजन सभा (सयुस) के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के जरिये गृह मंत्रालय को एक पत्र भेजकर कहा है कि पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद को जेड प्लस श्रेणी सुरक्षा दी जाये। पत्र में लिखा है कि जिस दिन से अवधेश प्रसाद लोकसभा फैजाबाद से सांसद निर्वाचित हुए हैं एवं उनकी ऐतिहासिक जीत के बाद से ही कट्टरपंथी एवं जातिवादी व्यवस्था में विश्वास रखने वाले लोगों द्वारा लगातार अपमानजनक एवं अशोभनीय टिप्पणी की जा रही है, जो यह एक सांसद के लिये ठीक नहीं है। यादव ने अपने पत्र में कहा कि जाति व मजहब के नाम पर नफरत करने वाले लोग कोई अप्रिय घटना न कर सकें इसलिए हम गृह विभाग से मांग करते हैं कि फैजाबाद से नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद को जल्द से जल्द जेड प्लस श्रेणी सुरक्षा उपलब्ध करायी जाय।

## तकनीकी कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित

**जयपुर।** दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर मण्डल पर तकनीकी कार्य के कारण दुर्ग एक्सप्रेस रेलगाड़ी अगले सप्ताह रद्द रहेगी। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने सोमवार को बताया कि अनुपपुर-न्यू कटनी रेलखण्डों के मध्य स्थित मुदारिया स्टेशन पर तीसरी लाइन डालने के लिये नॉन इण्टरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके कारण गाड़ी संख्या 18213, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस 16 जून को और गाड़ी संख्या 18214, अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस 17 जून को रद्द रहेगी।

## आदिवासी मूलवासी का विकास झामुमो की नीयत में नहीं, सिर्फ लूट और भ्रष्टचार के लिए चाहता है समर्थन : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और गठबंधन सरकार किसी भी सूरत में यहां के आदिवासी मूल वासियों का विकास नहीं चाहती। शाहदेव ने कहा कि साढ़े चार वर्षों में वायदे के अनुसार 22.5 लाख सरकारी नौकरियां होनी चाहिए थी। मगर ये घोषणा हवा हवाई साबित हुई। हक मांग रहे छात्रों को पीटा गया। महिला उत्पीड़न रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वर्तमान मंत्री आलमगीर आलम दोनों भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद है। पूरे राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त हो गई है। शाहदेव ने कहा कि इस सरकार के प्राथमिकता में सिर्फ खुद का विकास है। इसीलिए तमाम लीज सिर्फ सोरेन परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों को मिला। आदिवासी मूलवासी अपने आप को इस सरकार में ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब यह सरकार अपनी राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर पड़ी हुई है। अपने घोषणा पत्र में दिए गए एक भी वादे को ये पूरा नहीं कर पाए हैं। खतियान आधारित नियोजन नीति को भी इन्होंने जानबूझकर फंसा दिया। ओबीसी आरक्षण के लिए जरूरी ट्रिपल टेस्ट अभी तक शुरू नहीं हुआ। अबुआ आवास में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की खबरें आ रही हैं। यह पूरे तरीके से फ्लॉप सरकार है।

## 47 किलोग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने 47 किलोग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट, गौरव सिंह ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की रात सूचना मिली थी कि सीमा स्तंभ संख्या 201/01 के क्षेत्र में परमानंदपुर गांव के एक घर मे गांजा रखा हुआ है। सूचना के आधार पर एसएसबी के जवान और बीरपुर बिहार पुलिस ने संयुक्त रूप से उक्त घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दो बोरी से 47 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। सिंह ने बताया कि मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बीरपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 7 निवासी सुमित कुमार के रूप में की गयी है। गिरफ्तार व्यक्ति को गांजा के साथ बीरपुर बिहार पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर अरब सागर की ओर बढ़ा

**अमरावती।** दक्षिण-पश्चिम मानसून सोमवार को उत्तर अरब सागर और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों की ओर आगे बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने यहां एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया कि दक्षिण पश्चिम मानसून के उत्तरी अरब सागर के कुछ हिस्सों, दक्षिण गुजरात के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं और अगले दो दिनों के दौरान महाराष्ट्र के कुछ और हिस्सों में यह आगे बढ़ेगा। इसके प्रभाव से 11 जून को रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर और 13 जून को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम में भारी बारिश हो सकती है। अगले पांच दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने और गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अगले सात दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश में एक या दो स्थानों पर, रायलसीमा में कुछ स्थानों पर बारिश हुई और यानम में आमतौर पर शुष्क मौसम बना रहा।

# पश्चिम बंगाल में चार विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को होगा उपचुनाव

एजेंसी ∢ कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल में चार विधानसभा सीटों - मानिकतला, रायगंज, राणाघाट (दक्षिण) और बागदाह में उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे। यह जानकारी सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी एक अधिसूचना से प्राप्त हुई। कोलकाता (उत्तर) में मानिकतला सीट तृणमूल कांग्रेस के तत्कालीन विधायक साधन पांडे की मृत्यु के बाद रिक्त पड़ी हुई है, जबकि तीन अन्य सीटें रायगंज (उत्तर दिनाजपुर), राणाघाट (दक्षिण) और बगदाह सीट भाजपा के सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने और हाल में संपन्न संसदीय चुनाव में हारने के बाद रिक्त हुई है। आयोग के अनुसार रायगंज विधानसभा सीट से कृष्णा कल्याणी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गईं, लेकिन रायगंज सीट से भाजपा उम्मीदवार कार्तिक पॉल से लोकसभा चुनाव हार गईं। बगदाह सीट से बिस्वजीत दास ने भी 2021 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा छोड़कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया था, लेकिन बोनगांव लोकसभा सीट पर भाजपा के शांतनु ठाकुर से हार गए। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भाजपा के एक अन्य विधायक मुकुट मणि अधिकारी तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए और उन्हें राणाघाट सीट के पार्टी उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया, लेकिन वह भाजपा के मौजूदा सांसद जगन्नाथ सरकार से हार गए। आयोग के अनुसार उपचुनाव के लिए अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी।

नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून और नामांकन पत्रों की जांच 24 जून को की जाएगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून निर्धारित की गयी है।

इन चारों विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे और परिणाम 13 जुलाई को आयेंगे।

## वक्फबोर्ड के सीईओ के मामले में स्थिति स्पष्ट करे सरकार : हाईकोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर स्थायी नियुक्ति नहीं किये जाने के मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सोमवार को राज्य सरकार से वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा है। मामले को हल्द्वानी निवासी इमरान अली की ओर से चुनौती दी गयी है। इस प्रकरण की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वक्फबोर्ड अधिनियम की धारा 23 में प्रावधान है कि प्रदेश वक्फबोर्ड के सीईओ के पद पर स्थायी नियुक्ति की जायेगी। साथ ही इस पद पर डिप्टी सेक्रेटरी स्तर का अधिकारी तैनात किया जा सकेगा। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार अधिनियिम की उपेक्षा कर रही है। बोर्ड के सीईओ के पद पर स्थायी नियुक्ति नहीं की जा रही है।

# अमृतसर में आधा किलो हेरोइन सहित एक ड्रोन बरामद

एजेंसी ∢ जालंधर
www.dailypioneer.com




सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक बार फिर सीमा पार से अवैध ड्रोन घुसपैठ और मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए ज़िला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र से लगभग आधा किलो हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफके प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को बीएसएफ खुफिया विंग ने अमृतसर जिले के रतनखुर्द गांव के पास सीमा पार से ड्रोन का उपयोग करके मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयास के बारे में अग्रिम जानकारी दी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ के जवानों ने हेरोइन की तस्करी को रोकने के लिए संदिग्ध क्षेत्र में घात लगाकर हमला किया। उन्होंने बताया कि रात लगभग 10:24 बजे बीएसएफके जवानों ने पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक ड्रोन को रोका। ड्रोन के संदिग्ध ड्रॉप ज़ोन को तुरंत सुरक्षित कर लिया गया और बीएसएफके जवानों द्वारा व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान रात करीब 10:45 बजे जवानों ने अमृतसर जिले के रतनखुर्द गांव के बाहरी इलाके में सीमा सुरक्षा बाड़ के पास एक ड्रोन और संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन - 530 ग्राम) का एक पैकेट बरामद किया।

मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए थे और पैकेट पर एक छोटी एलईडी लाइट और एक काले धागे का लूप भी लगा हुआ था।

# पिता से बगावत कर सुधाकर सिंह ने लड़ा था विधानसभा का चुनाव

एजेंसी ∢ पटना
www.dailypioneer.com



कारोबार की दुनिया में शोहरत की बुलंदियों को छूने के बाद सुधाकर सिंह ने पिता जगदानंद सिंह की इच्छा के विरुद्ध जाते हुये राजनीति में कदम रखा और सियासी रणभूमि में सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ते हुये विधायक, मंत्री और अब सांसद बन न सिर्फ अपने सपने को पूरा किया, साथ ही अपने पिता की राजनीतिक विरासत भी संभाल ली है। सुधाकर सिंह का जन्म 02 जनवरी 1976 को हुआ और उनका पैतृक निवास स्थान कैमूर जिले के रामगढ़ थाना अंतर्गत साहूका गांव में है। वर्ष 1990 में सुधाकर सिंह मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 1995 में दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। श्री सिंह को राजनीति विरासत में मिली। वह अपने पिता जगदानंद सिंह के साथ राजनीतिक कार्यक्रमों में जाते रहे हैं, जिसकी वजह से उनकी रुचि हमेशा राजनीति में आने की रही थी। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद सुधाकर सिंह का झुकाव नौकरी की ओर हुआ लेकिन जिंदगी ने अचानक मोड़ लिया और उन्होंने गांव का रुख किया। सुधाकर सिंह राइस मिल के व्यवसाय से जुड़े। गांव-गांव घुमकर किसानों से धान की खरीद शुरू की। सफलता सुधाकर सिंह के कदमो को चूमती गई और उनकी युवा उद्यमियों की टीम बनती गई। इस क्रम में सुधाकर बिहार राइस मिलर संघ के अध्यक्ष भी रहे। इसी दौर में सुधाकर ने राजनीति में भी दांव आजमाना शुरू कर दिया। सुधाकर सिंह के पिता जगदानंद सिंह रामगढ़ से लगतार छह बार विधायक रहे थे। वर्ष 2009 में जगदानंद सिंह बक्सर के सांसद बने। वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने सुधाकर सिंह को रामगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ने को न्यौता दिया। जगदानंद सिंह इसके पक्ष में नहीं थे, उन्होंने कहा कि इससे वंशवाद बढ़ेगा, लिहाजा उन्होंने अंबिका सिंह को राजद का टिकट दिलाया। सुधाकर सिह ने पिता से बगावत कर दी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा ने रामगढ़ से सुधाकर सिंह को उम्मीदवार बना दिया। राजद के दिग्गज नेता जगदानंद सिंह ने अपने पुत्र भाजपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह के विपक्ष में प्रचार किया। इस चुनाव में राजद के अंबिका सिंह ने जीत हासिल की। भाजपा के सुधाकर सिंह तीसरे नंबर पर रहे। सुधाकर की हार से ज्यादा चर्चा पिता जगदानंद सिंह के पार्टी के पक्ष में मजबूती से खड़े रहने की हुई। सुधाकर सिंह का नाता बाद में भाजपा से टूट गया। वह राजद में सक्रिय हो गए। वर्ष 2020 में उन्होंने रामगढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा।

# उपचुनाव : दो विधानसभा क्षेत्रों के 2,24,896 मतदाता चुनेंगे अपना विधायक

एजेंसी ∢ देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 10 जुलाई को उपचुनाव के लिए मतदान होगा। इन दोनो क्षेत्रों के कुल 2 लाख, 24 हजार, 896 मतदाता अपने विधायक को चुनने के लिए मतदान करेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम ने सोमवार को यह जानकारी दी। मीडिया सेंटर सचिवालय में राज्य की दो विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के सम्बन्ध में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए श्री पुरूषोत्तम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राज्य की दो विधानसभा सीटों बद्रीनाथ और मंगलौर के लिए उप निर्वाचन की तिथि घोषित की जा चुकी है। डा पुरुषोत्तम ने कहा कि विधानसभा सीट 04- बद्रीनाथ और 33-मंगलौर के विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 14 जून यानी आगामी शुक्रवार को अधिसूचना जारी की जायेगी। उन्होंने बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि 21 जून है। सोमवार यानी 24 जून तक नामांकनों की जांच की जायेगी। जो प्रत्याशी नाम वापस लेना चाहेंगे, उनके लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 जून तक होगी। दोनों विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को मतदान होगा और 13 जुलाई को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन के दृष्टिगत, जनपद चमोली और जनपद हरिद्वार में आज से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है, जो 15 जुलाई यानी सोमवार तक रहेगी। उन्होंने बताया कि बद्रीनाथ विधान सभा सीट में 210 पोलिंग बूथ बनाये जायेंगे। बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर 01 लाख 02 हजार 145 मतदाता एवं 2566 सर्विस मतदाता है। जानकी मंगलौर विधानसभा सीट पर 132 पोलिंग बूथ बनाये जायेंगे। मंगलौर विधानसभा सीट पर 01 लाख 19 हजार 930 मतदाता और 255 सर्विस मतदाता हैं। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्रा और सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास भी उपस्थित थे।

# स्थानीय आदिवासी युवा प्रथम पीढ़ी के उद्यमी बनकर जिले की विकास में देंगे अपनी सहभागिता

## 10 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◁ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन के अभिनव पहल से जिले के स्थानीय आदिवासी युवा अब नौकरी तलाशने के बजाय नौकरी देने वाले उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हैं। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के विशेष पहल से पहली बार स्थानीय आदिवासी युवाओं को सफल उद्यमी बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 10 दिवसीय उक्त प्रशिक्षण में 06 दिवस आरसेटी बीजापुर एवं 04 दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर माइक्रो स्मॉल एण्ड मिडियम इन्टर प्राइजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके प्रबंध करना है, जिससे जिले के आदिवासी युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। बीजापुर जिला विकास की ओर अग्रसर है स्थानीय युवाओं की सहभागिता से विकास में तेजी आएगी -कलेक्टर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर उद्यमिता के बारे में प्रशिक्षुओं को विस्तृत जानकारी दी, एक सफल उद्यमी कैसे बने इस संबंध में मार्गदर्शन दिया। बीजापुर जिला विषम परिस्थितियों के बावजूद अपार संभावनाओं से भरा हुआ है। एक सफल उद्यमी बनकर नौकरी तलाशने के बजाय दूसरों को नौकरी देने के लिए कैसे सक्षम हो सकते हैं इस विषय पर विस्तार से चर्चा किया। जिले के छोटे-बड़े विभिन्न विकास कार्यों सड़क, भवन सहित अन्य अद्योसंरचना शासकीय कार्यों एवं कार्यालयों में सामग्री आपूर्ति हेतु अगर जिले के स्थानीय युवा सक्षम हो जाते हैं तो यहां की विकास की गति तीव्र होगी स्थानीय युवाओं में उद्यम कौशल का विकास होगा स्वरोजगार के क्षेत्र में युवा और भी सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत हो सकेंगे। विभिन्न निर्माण कार्यों में पेटी कांट्रेक्टर वाला अनुचित व्यवस्था बदलेगी और रोजगार के व्यापक अवसर का सृजन होगा। उल्लेखनीय है कि शासकीय कार्यों में कुछ सफल निविदाकर्ता कायार्देश प्राप्त कर अवैध और अनुचित तरीके से पेटी कांट्रेक्टर से कार्य करवाते हैं जिससे कार्य में गुणवत्ता की कमी होने के साथ ही समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाता। कलेक्टर ने इस दौरान विभिन्न तकनीकी विषयों पर भी चर्चा किया और जीएसटी, एमआरपी, आईएसआई मार्क, फर्म एवं सोसायटी में पंजीयन, लाइसेंस, आयकर रिटर्न जैसे विषयों के बारे में प्रशिक्षुओं को सरल भाषा में समझाया और प्रशिक्षुओं से संवाद स्थापित कर उनके सवालों का जवाब दिया कि किस तरह से भविष्य में कार्य कर सकते हैं। अभी शुरूआती चरण में केवल आदिवासी युवा जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष की है उन्हे लिया गया है फिर बाद में अन्य वर्गों के युवाओं के लिए भी प्रशिक्षण आयोजित करने की बात कही। आरसेटी संस्था के निदेशक गुप्तेश्वर राव ने जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल के लिए कलेक्टर पाण्डेय को शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षुओं को सभी प्रकार की आवश्यकता सहयोग करने का आश्वासन दिया जिससे प्रशिक्षु युवा एक सफल उद्यमी बन सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, उप संचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा, सहायक संचालक कौशल विकास गौरव पाण्डेय, सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैकरा सहित अधिकारी-कर्मचारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# मॉब लिचिंग की घटना प्रदेश के माथे पर कलंक का टीका

पायनियर संवाददाता ◁ महासमुंद
www.dailypioneer.com



गत दिनों गौ तस्करी के नाम पर अपराधिक किस्म के लोगों द्वारा 2 युवकों की पीट-पीटकर हत्या की घटना को निंदनीय करार देते हुए पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इसे राज्य सरकार के संरक्षण में अपराधियों के बुलंद हौसले का परिणाम बताया है।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के महज 5 माह के कार्यकाल में ही राज्य में कानून व्यवस्था की धज्जिया उड़ गई है। चहूं ओर अराजकतत्वों द्वारा सत्ता संरक्षण में गिरोह बनाकर भय का वातावरण बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की पहचान सबसे शांत व सात्विक प्रदेशों में से एक है। लेकिन, पिछले 5 माह के भाजपा कार्यकाल में प्रदेश बदमाशों के नियंत्रण में आ गया है। प्रदेश में गूंडे, बदमाश बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। इन बदमाशों पर कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। चंद्राकर ने कहा कि आरंग और महासमुंद के मध्य महानदी पूल के पास गौ तस्करी के संदेह पर गिरोह के लोगों द्वारा युवकों की बूरी तरह पिटाई की गई। उन्हें पूल से नीचे फेक दिया गया। 3 में से दो युवकों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक के बयान के बाद भी प्रदेश सरकार द्वारा इस मामले में कार्रवाई नहीं करना इस बात का साक्ष्य दे रहा है कि इन अपराधियों को भाजपा सरकार का खुलेआम समर्थन मिल रहा है। माब लिचिंग की घटना राज्य के माथे पर कलंक का टीका है। इस तरह गिरोह बनाकर कानून को हाथ में लेने का दुस्साहस कहां से आया? सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। घटना से जुड़े लोग किस संगठन से हैं? इसकी जांच कर सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए। चंद्राकर ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गलत है, वह अपराधी साबित होता है तो उसके लिए संविधान के तहत कार्रवाई किया जाना चाहिए। कानून में जो प्रावधान है उसके तहत उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन गिरोहबाजी कर अपराधिक संगठनों द्वारा लोगों को रोकना, भय का वातावरण बनाना, भीड़ बुलाकर हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देना, हत्या जैसे अपराध करना स्वीकार्य नहीं है।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिका के पदों पर दस्तावेज सत्यापन 13 जून को

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर अभ्यर्थियों का छठवें चरण का दस्तावेज सत्यापन 13 जून को प्रातः 09:30 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस/व्हाट्सएप्प पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध 03 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट https://cgiti.cgstate.gov.in/ तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें।




**महासमुंद।** सिख धर्म के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर सिख समाज द्वारा स्थानीय नेहरू चौक में छबील (शरबत) वितरण किया गया।

## थाना प्रभारी हेमंत पटेल का नकेल शराब के अवैध विक्रेताओं पर लगातार जारी, एक शराब तस्कर जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ◁ लवन
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भटापारा सदानंद कुमार द्वारा क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में तथा निरीक्षक थाना प्रभारी हथबंद हेंमत पटेल के नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर आरोपी द्वारा अपने मोटर सायकल होण्डा लियो क्रमांक छ्त्र04 रू8549 मे रखे एक सफे द प्लास्टिक की बोरी में कुल 45 पौवा देशी मसाला शराब एवं अपने शरीर मे रखे 5 पाव देशी मदिरा मसाला शराब कुल 50 पाव देशी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक पाव में 180द्धद्य शराब भरी हुई सीलबंद मात्रा 9.000 बल्क लीटर कीमती 5500 / रुपये एवं मोटर सायकल होण्डा लियो काले रंग क्रमांक छ्त्र04 रू8549 कीमती 30,000 रूपये जुमला कीमती 35,500 / रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 122/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया है।

## चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल के छात्र दर्शन जैन का आईआईटी में चयन

पायनियर संवाददाता ◁ महासमुंद
www.dailypioneer.com



भारतीय प्रद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने आज दिनांक 09 जून 2024 को जेईई एडवांस 2024 का रिजल्ट घोषित किया , जिसमे चंद्रोदय पब्लिक स्कूल, महासमुंद के कक्षा बारहवीं के छात्र दर्शन जैन ने जेईई एडवांस में ऑल इंडिया रैंक (AIR 1568) अर्जित कर स्कूल और पूरे जिले का नाम रोशन किया है । गौरतलब है की दर्शन ने भारत के सबसे कठीनतम माने जाने वाले आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा क्लियर कर आईआईटी जेईई एडवांस की परीक्षा दी थी । दर्शन का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में हुआ है। दर्शन के इस सफलता पर सीपीएस शाला परिवार बहुत ही गौरवान्वित है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना की है । चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, सह सचिव बंशीलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष एवं समिति के समस्त सदस्यगण, प्राचार्य नवीन कुमार, उप प्राचार्य मंजुला चंद्राकर एवं सभी शिक्षकों ने दर्शन जैन को इस अपार सफलता पर उन्हे बधाई दी है।

# नानी घर आई नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर हुई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◁ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव थाना क्षेत्रांतर्गत एक मामला सामने आया हैं जहां नाबालिग लडकी अपने नानी घर के सामने खेल रही थी उसी समय दीपक कुलदीप पिता राजकुमार कुलदीप कुमार उम्र 34 साल सकिन मस्जिद गली केशकाल थाना केशकाल जिला कोंडागांव का आया और इसकी नाबालिक लड़की को बेईज्जती करने के नियत से पीड़िता के हाथ बाह को पकडकर अपनी ओर खीचने लगा पीढ़िता की रोने का सुनकर आवाज आस पड़ोस एवम घर वाले बाहर निकले तो आरोपी दीपक वहा से भाग गया कि, जिसकी लिखित रिपोर्ट पर थाना केशकाल मे अपराध क्रमांक 76/24 धारा 354, पोस्को एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लेकर मामले की विवेचना एंव आरोपी के गिरफ्तारी हेतु आरोपी के मिलने के संभावित स्थानो मे पता तलास व दबिस देकर मस्जिद पारा केशकाल से आरोपी दीपक कुलदीप 34 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## मदिरा दुकानों के खाली काटूनों के विक्रय के लिए निविदा 21 जून तक आमंत्रित

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिले में स्थित 2 देशी, 3 विदेशी मदिरा दुकानों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में संग्रहित खाली कार्टून (पुट्ठा) का विक्रय किया जाना है। खाली कार्टून का प्रति किलो ग्राम की दर से इच्छुक निविदाकारों से सीलबंद निविदाएं (तकनीकी बिड/प्राईज बिड पृथक-पृथक) 21 जून 2024 को दोपहर 2 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आमंत्रित की गई है। सीलबंद प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष 21 जून 2024 को अपरान्ह 4 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा की शर्तें, नियम, निविदा प्रपत्र और मदिरा दुकानों की अवस्थिति आदि की विस्तृत जानकारी अवकाश के दिवसों को छोड़कर निविदा प्रस्तुत करने के निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर खाली कार्टून निविदा फार्म 500 रुपए की दर से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, कार्यालय संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर (जिला आबकारी अधिकारी जिला कोंडागांव के कक्ष क्रमांक 75) से प्राप्त की जा सकती है।

# किरंदुल बस स्टैंड में गुरु अर्जुन देव की मनाई गई शाहदत दिवस



पायनियर संवाददाता ◁ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में सिख समुदाय द्वारा आज गुरु अर्जुन देव की शहीदी दिवस मनाई गई।इस अवसर पर किरंदुल बसस्टैंड के जय स्तंभ चौक यात्री प्रतीक्षालय में राहगीरों को शरबत वितरण किया गया।गुरु अर्जुन देव जी शहीदों के सरताज एवं शान्तिपुंज हैं।आध्यात्मिक जगत में गुरु जी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है।उन्हें ब्रह्मज्ञानी भी कहा जाता है।गुरुग्रन्थ साहिब में तीस रागों में गुरु जी की वाणी संकलित है।बता दें कि गुरु अर्जुन देव सिखों के पांचवें गुरु थे।गुरु अर्जुन देव जी शांत स्वभाव और कुशाग्र बुद्धि वाले थे। उनके शहादत दिवस के अवसर पर किरंदुल गुरुद्वारा सिंघ सभा कमेटी द्वारा नगर में राहगीरों को शर्बत पिलाई गई। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष सुरेंदर सिंह,सचिव बंटी सिंघ अरोरा,संरक्षक राजेश संधू परमजीत सिंह,गुरमीत सिंह, कुलविंदर सिंग, विक्रम सिंग, गुरुमीत सिंग, शिव शर्मा, संदीप जैसवाल,मोहित धवन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सामुदायिक सहभागिता से शाला विकास पर जोर

# जोन्दरा पदर प्रा. शाला प्रबंधन व विकास समिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◁ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर शाला प्रबंधन व विकास समिति की बैठक 10 जून को आयोजित की गई ।प्रधान पाठक मधु तिवारी ने अभिनव पहल करते हुए बैठक का आयोजन स्कूल परिसर में ना कर मोहल्ले में आयोजित की ताकी अधिक से अधिक पलकों माता-पिता ग्राम वासियों को भी शाला विकास से जोड़ा जा सके ।समिति की बैठक में सदस्यों व पालकों को शाला की अधोसंरचना विकास वार्षिक कार्य योजना ,मध्यान भोजन ,छात्रों की प्रगति की जानकारी ,समुदायिकता सहभागिता से शाला का विकास आदि पर विचार विमर्श किया। नये शिक्षा सत्र में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, सभी बच्चों का शाला में प्रवेश एवं शाला में उनके ठहराव शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाने न्योता भोज प्रबंधन समिति के सदस्यों की भूमिका बढाने पर सहमति बनी । प्रबंधन समिति की बैठक में महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही प्रधान पाठक मधु तिवारी ने सभी पालको को समय निकाल शाला में हो रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने एवं हर संभव शाला विकास में योगदान हेतु प्रेरित किया एवं घरो में सब्जी फलदार पौधों के बीजों निशुल्क वितरण किया। बैठक में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य पलक माता-पिता व महिलाएं शिक्षिका स्मिता नेताम उपस्थित रहीं।

## लंबे समय से अनुपस्थित सहायक ग्रेड 3 को किया गया सेवा से पृथक

**कोंडागांव।** स्वास्थ्य विभाग में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े राजपुर में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 संगीता गोरे को लंबे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण शासकीय सेवा से पृथक कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि, स्वास्थ्य विभाग में गोरे विकासखण्ड विश्रामपुरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ेराजपुर में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ थी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से 7 अक्टूबर 2017 से आज पर्यन्त तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थी। उनके विरूद्ध छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत् शासकीय सेवा से हटाये जाने की कार्यवाही की गई है।

# क्यूआरटी बाईक टीम लगातार रात्रि 9 से 12 बजे तक कर रही है पेट्रोलिंग गश्त

पायनियर संवाददाता ◁ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना चौकी प्रभारियों को रात्रि में लगातार गश्त पेट्रोलिंग करने एवं ऐसे संदिग्धों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा उनकी धर.पकड़ करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। वैसे तो तो रात्रि गश्त 12 बजे से 04 बजे तक रात्रि में गश्त पेट्रोलिंग किया जाता है। लेकिन कुछ वार्डों में वार्ड वासियों एवं समाज प्रमुख द्वारा रात्रि 09 बजे से ही 12 बजे के बीच कुछ असामाजिक तत्वों के सुने जगहों पर एवं तालाब के किनारे बैठे रहने एवं अड्डे बाजी करने की शिकायत मिली थीएजिसको देखते हुए ऐसे जगहों पर क्यूआरटी बाईक पेट्रोलिंग गश्त को लगातार बाईक पेट्रोलिंग किये जानेए निर्देशित किया गया है। देर रात्रि तक खुली हुई दुकानों को बंद कराने एवं देर रात्रि तक घुमने वाले एवं कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा तालाब के किनारे एवं मोहल्ले में या सूनसान जगहों पर अड्डे बाजी की शिकायत मिलने पर क्यूआरटी टीम द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्रों में बाईक पेट्रोलिंग टीम द्वारा गली मोहल्ले पहुंचकर, देर रात्रि तक दुकान खोलने वालों को भी बंद कराया जा रहा है एवं कुछ अड्डे बाजी करने वाले असामाजिक तत्वों को भी भगाया जा रहा है। धमतरी शहर के हर मोहल्ले में क्यूआरटी बाईक टीम द्वारा पेट्रोलिंग किया जा रहा है ताकि कहीं पर कोई अप्रिय अन्य घटना ना हो, इसके लिए क्यूआरटी पुलिस टीम को चौकन्ना रहकर पेट्रोलिंग गश्त करने के लिये निर्देशित किया गया है।

# टोल प्लाजा में राहत, हाईवा के लिए समय निर्धारित करने, नशेड़ियो के खिलाफ कार्रवाई करने जैसे मांगों को लेकर चेम्बर आफ कामर्स ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने धमतरी के सभी व्यापारियो और आम नागरिको व चैंबर ऑफ कॉमर्स में राइस मिल एसोसिएशन का भी सहयोग मिलते हुए धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स को मजबूती प्रदान की धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स की पूरी टीम राइस मिल एसोसिएशन का आभार व्यक्त करती है। धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने धमतरी के सभी व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए विभिन्न मांगो को लेकर सरकार के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया है जिसमें धमतरी रायपुर नेशनल हाईवे में लगने वाले टोल टैक्स को धमतरी के आम नागरिकों को मुक्त रखा जाए, धमतरी नगर के मुख्य मार्गो जिसमे सिहावा चौक से लेकर कोलियारी तक और रत्नाबांधा से लेकर आमदी तक ड्रेन टू ड्रेन रोड का नव निर्माण किया जाय, शहर के अंदर से होकर गुजरने वाली बड़ी गाड़ियों और रेत की ट्रिपर के लिए केनाल रोड को बनवाया जाए या शहर में इनका समय परिवर्तित किया जाए क्योंकि अब स्कूल भी शुरू होने जा रहे है, शहर में नशे की लत के कारण व्यापारियों पर हो रहे हमलों को रोकने नशेडियों पर कड़ी कार्यवाही करे। व्यापारियों पर हो रहे हमले को लेकर धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ गृह मंत्रालय, प्रभारी मंत्री, प्रदेश महामंत्री, को भी शहर की कानून व्यवस्था में सुधार के लिए आवेदन देने की बात कही। धमतरी चेंबर के अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा ने शहर के सभी व्यापारियों की सुरक्षा को ले अगर प्रशासन अभी भी सजग नही होता है तो इस पर कड़े कदम उठाने की बात की है। कलेक्टर के आश्वासन मिलने पर चेंबर ने कुछ दिन इंतजार करना उचित समझा। वहीं वरिष्ठ राइस मिल व्यापारी और समाज सेवी राजू लुंकड़ ने भी शहर वासियों को टोल टैक्स से मुक्त रखने की मांग की है। राइस मिल के अध्यक्ष नवीन सांखला ने पूरे राइस मिल एसोसिएशन की ओर से धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के इस पहल पर पूरा साथ देते हुए सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने कलेक्टर से मांग करते हुए बाटांची चाकू और सूखे नशे को लेकर कड़े कदम उठाने की मांग रखी। धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव राजा रोहरा ने कलेक्टर को व्यापारियों पर इन सूखे नशे के कारण आए दिन होने वाले हमलों को लेकर गहन चिंता जताते हुए इस पर कड़ी कार्यवाही की मांग की साथ ही साथ टोलटेक्स पर गंभीरता से विचार कर शहर वासियों को टोल टैक्स से मुक्त रखने का निवेदन किया। धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमोद पाण्डेय ने व्यापारी पर हो रहे हमले और लूट पाट को एक संगीन अपराध बताते हुए अभी तक शहर में बहुत से छोटे व्यापारी साथियों पर हुई हमले को विस्तृत जानकारी कलेक्टर को दी। कलेक्टर ने सभी विषय को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद चेंबर को इस और आवश्यक कदम जल्द से जल्द उठाए जाने का आश्वासन दिया। सभी व्यापारियों को इतनी गंभीरता से सुनने और शहर हित के लिए भरपूर समय देने के लिए चेंबर ने कलेक्टर को धन्यवाद दिया। धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कलेक्टर से इस विषय को गंभीरता से लेने की की अपील की है। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालो में धमतरी चेंबर के अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, राइस मिल के एसोशियेशन के अध्यक्ष नवीन सखला, राजेश गोलछा, राजू लुंकड़, मोहन अग्रवाल, धमतरी चेंबर के उपाध्यक्ष रविंद्र छाबड़ा, सचिव राजा रोहरा, सह सचिव आलोक पाण्डेय, चेंबर के वरिष्ठ सलाहकार, चंदूलाल जसवानी, सलाहकार प्रमोद पाण्डेय, भगत देवांगन, लाला सिन्हा, बृजेश तिवारी, संजय खंडेलवाल, अरविंद खंडेलवाल, रमेश दीवानी, मनोज लखवानी, कन्हैया लाल कामरानी, अशोक भाइ,भूपेश अंबानी एवम अन्य व्यापारी भी बड़ी संख्या में पहुंचे।

# मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर जश्न मनाकर भाजपाइयों ने बांटी मिठाईयां



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर कार्यभार ग्रहण करने एवं मोदी कैबिनेट के शपथ ग्रहण पर धमतरी नगर स्थल के घड़ी चौक में भाजपाइयों के द्वारा पटाखे फोड़ कर बाजे गाजे से झूमते हुए मिठाई खिलाई कर मोदी सरकार की तीसरे कार्यकाल शुभारंभ शपथ ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि राष्ट्र के जननायक, मां भारती के सपूत नरेंद्र दामोदरदास मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लिए हैं जिसमें निश्चित रूप से उनके सक्षम नेतृत्व में हमारा भारत वर्ष एक समृद्ध राष्ट्र बनेगा तथा विश्व गुरु की प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त करेगा। भाजपा वरिष्ठ निर्मल बरडिया ने कहा कि विकसित भारत के प्रणेता, देश को वैश्विक पटल पर महिमामंडित करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी है, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ भारत देश नए कीर्तिमान स्थापित करेंगा। इस खुशी के मौके पर मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा, प्रकाश गोलछा, डीपेंद साहू, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, विजय मोटवानी, चंद्रकला पटेल, विनोदराव रणसिंह, देवेश अग्रवाल, राकेश चंदवानी, राजेंद्र लुंकड़, संतोष सोनकर, दिलीप पटेल, सुशीला तिवारी, नम्रता पवार, सरिता यादव,अनिता सोनकर, नीतू शर्मा, पन्ना थवाईत, संतोष तेजवानी, विशाल शर्मा, कोमल सार्वा, अमित साहू, प्रितपाल छाबड़ा, नीरज नाहर सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# प्राक्चयन परीक्षा में शामिल हुए 1509 विद्यार्थी



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

शैक्षणिक सत्र 2024-25 प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों का जिले में प्राक्चयन परीक्षा बीते दिन आयोजित किया गया। इसके लिए जिले में 6 परीक्षा केन्द्र मॉडल इंग्लिश स्कूल, मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटकेशर, स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर तथा मेनोनाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी बनाया गया था। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्राक्चयन परीक्षा के लिए कुल 1672 विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन किए थे, जिसमें से 1506 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

# सचिव संघ बलौदाबाजार ने सेवानिवृत्त होने पर सचिव द्वारिका को दिये सम्मान



**लवन।** कसडोल विधानसभा के तहसील मुख्यालय लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीडीह के निवासी पंचायत सचिव द्वारिका घिड़ले का पंचायत सचिव विभाग बलौदाबाजार में सेवाकार्यकाल पूर्व होने पर सेवानिवृत्त उपरांत पंचायत सचिव संघ बलौदाबाजार के सचिवों ने गुलदस्ता से सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये।इस अवसर पर पंचायत सचिव संघ से सचिव सरिता श्रीवास, अमरीका सहित अन्य सचिवो की उपस्थिति रही।

# नीट परीक्षा में हुए अनिमितताओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



नीट परीक्षा के परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे जो कि विवादों से घिरे हुए हैं। इसको लेकर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है। एनएसयूआई (भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन) ने भी सवाल खड़े करते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सरकार से एनटीए के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि इस वर्ष कुल 67 छात्रों ने 720 में पूरे 720 अंक प्राप्त किए जो अत्याधिक संदिग्ध है, आमतौर पर केवल 3 से 4 छात्र ही पूर्ण अंक प्राप्त करते हैं, हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र से 6 छात्रों का टॉप करना भी संदेह पैदा करता है, साथ ही कुछ छात्रों को 718 और 719 अंक दिए गए है जोकि सांख्यिकीय रूप से संदिग्ध है। छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स के लिए कोई परिभाषिक तर्क नही दिया गया और ना ही दिए गए ग्रेस मार्क्स के अनुसार कोई सूची सांझा की गई है। देवांगन ने आगे कहा कि नीट 2024 का पेपर कई जगहों पर लीक हुआ लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? परीक्षा का नतीजा 14 जून को घोषित होने वाला था लेकिन नतीजा उस समय घोषित किया गया जब मीडिया आम चुनाव के नतीजे को प्रसारित करने में व्यस्त था इस तत्परता का क्या कारण है। एनएसयूआई ने अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग की सभी छात्रों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पुनः परीक्षा का अनुरोध किया है। ज्ञापन देने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के साथ ऋषभ यादव, विजेंद्र रामटेक, नमन बंजारे, ओमप्रकाश मानिकपुरी, चितेंद्र साहू, तेजप्रताप साहू,सुदीप सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा,चीकू दीवान सहित एनएसयूआई कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे थे।


## पद्म पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**रायपुर।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा साहित्य, संस्कृति एवं कला आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए दिए जाने वाले 'पद्म विभूषण' तथा 'पद्म श्री' पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। पद्म पुरस्कार श्रृंखला के अन्तर्गत उक्त क्षेत्रों में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए योग्य एवं पात्र व्यक्तियों के नामांकन की जानकारी प्रस्तुत करने हेतु ऑनलाईन https://awards.gov.in के माध्यम से 15 सितम्बर 2024 तक एवं निर्धारित प्रपत्र में स्पष्ट पूर्ण रूप से भरे गए प्रस्ताव सहित आवेदन पत्र दिनांक 25 अगस्त, 2024 तक संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, छ.ग. को प्रेषित किया जा सकता है।

# पैसर चंगोरी में रेत तस्करों के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा, शिकायत पहुंचा खनिज विभाग

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

तहसील मुख्यालय लवन से करीब17-18किलोमीटर की दूरी पर बसा ग्राम पंचायत चंगोरी हैं जंहा आश्रित ग्राम पैसर के दो व्यक्ति ऐसे हैं जो विगत कुछ महीने से शिवनाथ, महानदी ,जोंक तीनो त्रिवेणी संगम नदियों से रेत की अवैध खनन एवं परिवहन को बढ़ावा देकर बाहर एव गॉव के ट्रैक्टर चालकों से प्रति ट्रैक्टर रेत लोडिंग का अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत गॉव के जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर, जिला खनिज विभाग बलौदाबाजार में लिखित आवेदन पत्र सौपकर कर अवैध खनन एवं परिवहन को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए


कार्यालय ग्राम पंचायत, चंगोरी
श्रीमती बिसरौतीन केवर्त्य — सरपंच
श्रीमती ओंकेश्वरी केवर्त्य — उपसरपंच
लक्ष्मी नारायण पटेल — सचिव

अवैध खनन परिवहन उपरांत राजस्व घाटे की भरपाई वसूली की मांग किये गए हैं। मीडिया सूत्रों के हवाले से भी शत प्रतिशत खबर यही है कि वास्तव में पैसर के दो व्यक्ति ऐसे है जो रेत की अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त है ,विगत कुछ महीनों से यह गोरख धंधा बेलगाम जारी रहा ,इस तरह देखा जाए तो शासन प्रशासन को दोनों रेत के अवैध तस्कर लाखों की क्षति पहुंचाने में भूमिका निभाया है जिसकी वसूली जरूरी है कि बात ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, राजस्व मंत्री सहित क्षेत्र के विधायक से किये गए हैं।रेत से भरी ओवर लोडिंग ट्रैक्टरो के चलने से पैसर - देवरघटा को जोड़ने वाली ओवर ब्रिज कम समय में जर्जर अवस्था को प्राप्त होती हुई नजर आ रही है।आपको आगे बताते चलें कि ओवर ब्रिज की निर्माण वर्षो बाद हुआ है और ऐसे में रेत की तस्करी में लगे पैसर के दो युवक ओवर ब्रिज एवं राजस्व नुकसान को दरकिनार कर अपनी निजी स्वार्थ सिद्धि में लगा हुआ है।इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर खनिज शाखा बलौदाबाजार कुंदन बंजारे ने बताया कि शिकायत मिली है जल्द खनिज निरीक्षक भेजकर कार्रवाई करवाते हैं।सरपंच प्रतिनिधि धन साय कैवर्त एवं सचिव लक्ष्मी नारायण पटेल ने बताया कि पैसर के दो व्यक्ति है जो रेत की अवैध खनन करवाकर ट्रैक्टर चालको 5 से 7 सौ रुपये प्रति ट्रैक्टर की अवैध करते हुए आ रहा है।जबकि रोजाना 50 से 70 ट्रैक्टर रोजाना आ रहा है।

# नत्थूजी जगताप उमावि में लगी आग, अंदर रखे सामान जलकर खाक, कोई हताहत नहीं

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी शहर के पुराने स्कूलों में से एक नत्थूजी जगताप नगर निगम स्कूल के एक भवन में 10 जून की सुबह आग लग गई। इस आगजनी की घटना से भवन में रखे पुराने फर्नीचर जलकर राख हो गए। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

नत्थूजी जगताप नगर निगम स्कूल के एक भवन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के चलते कमरे में रखे पुराने फर्नीचर जलकर खाक हो गए। इधर आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और स्कूल परिसर के अन्य बिल्डिंग में फैलने से पहले आग को नियंत्रण में किया। आग को तुरंत काबू में नहीं किया जाता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार स्कूल परिसर में रहने वाले एक शिक्षक की पत्नी और गार्ड ने देखा कि स्कूल के एक भवन में भीषण आग लगी है और धुंआ निकल रहा है वहीं आग की लपटे देखते ही देखते तेजी से फैल रही थी। आग की तेज लपटे बाजू में बने खपरैल वाला बिल्डिंग तक नहीं पहुंच सकी जिसके चलते बड़ी घटना होने से रुक गई। इसकी तुरंत सूचना निगम को दी गई। फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। स्कूल में आग लगने का क्या कारण है ये अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है पर कहा जा रहा है कि किसी शरारती तत्वों की हरकतों के चलते आगजनी की घटना हुई है। इस संबंध में कैंपस में रहने वाले स्कूल के शिक्षक घनश्याम पैकरा ने बताया कि सुबह उनकी पत्नी मार्निंग वाक पर निकली थी उसी समय वहां का गार्ड के साथ देखा कि भवन में धुंआ निकल रहा है थोड़ी देर में आग रौद्र रूप लेने लगा उसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

## डीएसपी नेहा पवार ने धीवर समाज के बच्चों को मोटिवेट किया

# अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें तो किसी भी परीक्षा में सफलता अवश्य मिलेगी : डीएसपी नेहा पवार

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

धीवर समाज के 25 वें कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में धमतरी जिले की डीएसपी नेहा पवार ने समाज के बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा की बच्चे एकाग्र होकर अपनी पढ़ाई करें, विषय के प्रति जुनून पैदा करे, अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें तो किसी भी परीक्षा में सफलता अवश्य मिलेगी। एनआईटी रायपुर के प्रोफेसर तोषन मीनपाल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखें। अपने माता.पिता का सम्मान अवश्य करें।

धीवर समाज द्वारा समाज के पहले डिप्टी कलेक्टर संजय धीवर, डॉक्टर सौरभ धीवर एमबीबीएस, डॉक्टर शुभम मत्स्यपाल, एनआईटी के प्रोफेसर तोषन मीनपाल, डॉक्टर श्रद्धा मत्स्यपाल, सत्यम निषाद, प्रबंधक, एसबीआई जीवनलाल निषाद एवं सोनू भगत सपहा भू पू सैनिक, रेखा फूटान, ओमकार धरमगुड़ी एवं सूर्या धरमगुड़ी साफ्टवेयर इंजीनियर, सौरिश सपहा,पलक धीवर आदि को धीवर समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण 100 से अधिक होनहार छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह,प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तक कापियां वितरित किया गया। इसके पूर्व आलोक मत्स्यपाल,व्याख्याता द्वारा गणित विषय, डा दिनेश नाग द्वारा बायो, राजेंद्र धीवर प्राचार्य आर्ट एवं ओमप्रकाश नाग व्याख्याता द्वारा कामर्स विषय पर छात्र.छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया तथा उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। धीवर समाज के वरिष्ठ परिजन रामेश्वरी सपहा एवं द्वारका सपहा द्वारा देहदान करने की घोषणा किया गया। समाज द्वारा दोनो वरिष्ठ परिजनो का फूल माला एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार धीवर प्रदेश अध्यक्ष धीवर समाज महासभा रायपुर, अध्यक्षता परमेश्वर फूटान, महासंरक्षक द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथियों में खिलावन रिगरीए, सब रजिस्ट्रार, बिलासपुर हाईकोर्ट,डॉ रामलाल पेंडरिया महासचिव, पवन धीवर, कोषाध्यक्ष महासभा, दिलीप कुमार नाग राज्यपाल एवं राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत शिक्षक, हेमंत मत्स्यपाल, उप महाप्रबंधक, भाण्खाद्य निगम, डॉ एच एल मीनपाल, बसंत निषाद, प्रदेशाध्यक्ष,कर्मचारी प्रकोष्ठ छग धीवर समाज महासभा रायपुर, चंदूलाल निषाद, जिलाध्यक्ष निषाद समाज, कांतिलाल मीनपाल, रायपुर डा् ज्योति मीनपाल, उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि सुरेश कुमार धीवर ने कहा कि धमतरी परगना द्वारा बच्चों की शिक्षा को लेकर किया जा रहा है यह कार्य बेहद अनुकरणीय एवं प्रसंशनीय है। अध्यक्षता कर रहे महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। इसके लिए सम्पूर्ण समाज को निरंतर प्रयास करना चाहिए। धमतरी परगना के संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल एवं अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने कहा कि निरंतर प्रयासों से धीवर समाज धमतरी पूर्ण शिक्षित हो गया है, मेडिकल एवं उच्च शिक्षा के प्रति समाज में रुझान बढ़ रहा है। बेटियां भी इसमें तेजी से आगे बढ़ रहे है। कार्यक्रम में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले समस्त परिजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सोहन धीवर सचिव द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया जिसमें समाज द्वारा विगत 40 वर्षो से शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु किए गए सतत् प्रयासों की जानकारी दिया गया। मंच संचालन ओमप्रकाश नाग द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन विष्णु प्रसाद निषाद, अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में यशवंत कोसरिया अध्यक्ष प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति रामबाग, मंदरमाई प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति मराठापारा, प्राथमिक मत्स्य सहकारी समिति सोरिद द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। समस्त अतिथियों एवं सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को प्रतीक चिन्ह स्व विष्णु प्रसाद हिरवानी की स्मृति में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में यशवंत कोसरिया, प्रकाश नाग, फिरोज हिरवानी, दीनू पेंदरिया, संध्या हिरवानी, लक्ष्मी पेंदरिया, आशा धीवर, जागेश्वरी सपहा, वेणुका हिरवानी, डॉ ओम प्रकाश मत्स्यपाल दुर्गेश रिगरी, हरीश मत्स्यपाल, तीरथ फूटान,अशोक मत्स्यपाल, कृष्णा हिरवानी,सूर्या धरमगुड़ी, सूरज तारक, लेखराज धरमगुड़ी,गजानंद धीवर अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ, करण हिरवानी, राजू ओझा, शत्रुघ्न धीवर, दिलीप धरमगुड़ी, लेखराज धरमगुड़ी, गुड्डू हिरवानी, सूरज धीवर रायपुर, हेमकुमार धीवर, बलौदाबाजार, शशि धीवर,उषा धीवर रायपुर, रानी धीवर रायपुर।

# तालाब की सफाई के लिए विधायक-आयुक्त ने बढ़ाया हाथ, सफाई के बाद लगाए पौधे





पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com

कल्याणी मंदिर शीतला तालाब की सफाई करने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त मोनिका वर्मा ने श्रमदान किया। तालाब के भीतर फैली गंदगी को साफ कर जलीय पौध को बाहर निकाला। 'कैच द रैन' अभियान में निगम कर्मचारियों समेत 150 से अधिक आम लोगों ने सफाई के लिए श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में तालाबों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। खासकर निस्तारी वाले तालाब की।

लोग जल संग्रहण के महत्व को नहीं समझ रहे है। तालाब को बचाने और सहेजने की आवश्यकता है। यह कार्य जन सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। तालाबों को स्वच्छ रखने और तालाब को सहेजने विधायक ललित ने आम नागरिकों से अपील की। शनिवार को सुबह 7 बजे दुर्ग ग्रामीण विधायक की अगुवाई में कैच द रैन अभियान की सफाई की गई। पहले जलीय पौध और घास को बाहर निकाला गया। इसके बाद श्रृंखला बनाकर तालाब से निकले पौध व कचरा को हटाया गया। इस अवसर पर निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनुप डे, वार्ड पार्षद विलास राव बोरकर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, विधि यादव, रमा साहू, सविता ढवस, खिलेन्द्र चंद्राकर, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, संजु नेताम, टीकम साहू, डोमनलाल बारले, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे आदि उपस्थित थे।

**तालाब के भीतर उतरा पार्षद**-निगम क्षेत्र में तालाब को संवारने पहली बार इतने सारे लोग एकत्र हुए थे। स्वेच्छा से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व आयुक्त मोनिका वर्मा ने काटा लेकर घाट के आस पास उगे जलीय पौध को निकाला। वहीं पार्षद विधि यादव ने तालाब के भीतर 4 फीट गहराई से जलीय पौध को निकालकर सफाई की।

**सम्पूर्ण सफाई के निर्देश**-पहले दिन तालाब में बने घाट के आस पास की सफाई की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि एक दिन में सफाई कार्य पूर्ण नहीं होगा। विभाग के कर्मचारी तालाब सफाई पूर्ण रूप से करे। हर रोज रूटिन वर्क से अलग होकर कर्मी तालाब सफाई कार्य को पूर्ण करे।

**विधायक ने रोपे पौधे**-कैच द रैन अभियान के तहत तालाब किनारे पौध रोपण भी किया गया। विधायक ललित ने नीम व आयुक्त मोनिका वर्मा ने जामुन का पौधा लगाया। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर व रिसाली मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे ने फलदार पौध रोपा।

# नेहरू नगर भेलवा तालाब में सफाई का काम शुरू

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नेहरू नगर भेलवा तालाब एक विशेष आर्कषण का केन्द्र है। जिसमें रोज सुबह एवं शाम को टहलने, घुमने, मॉर्निंग वाक करने, खेलने हजारो लोग आते है वहां कि बनावट संरचना चारो तरफ हरे भरे नारियल के पेड़, गुरूद्वारा, मंदिर, पाथवे, बालीवाल खेल का मैदान, आधुनिक जीम, बच्चो के झुले, तालाब में खेलते हुए हंस, बतख, पक्षी, खिले हुए कमल इत्यादि सब के मन को मोह लेता है।

कुछ दिनो से तालाब के बीच में कमल के ढेंस, हाईड्रोला घॉस इत्यादि फैल जाने के कारण तालाब के सफाई हेतु बहुत दिनो से सब की मांग थी, उसको देखते हुए महापौर नीरज पाल, एम.आई.सी. सदस्य सीजू एन्थोनी, आयुक्त देवेश कुमार धुव्र, जोन आयुक्त रवि सिन्हा, जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ पुरे तालाब का निरीक्षण किये। तालाब सफाई के लिए दुर्ग ढ़िमरा पारा से 20 ढ़िमरो की टोली को बुलाया गया जो अपने व्यवहारी शैली में टयूब, रस्सी, जाल, हंसिया इत्यादि लेकर भेलवा तालाब पहुंचे और तालाब सफाई की शुरूआत की। उन्होने बताया कि एक हफ्ते के अंदर पुरे तालाब की सफाई हो जायेगी। महापौर एवं आयुक्त ने तालाब के सौंदर्यीकरण के बारे मे चर्चा की साथ ही आगे के कार्यवाही सौंदर्यीकरण एवं अन्य कार्य तालाब में जमी हुई लद्दी चैन माउटिंग से निकालने कहा। यह देखकर सुबह वहां टहलने वाले भारत विकास परिषद के सचिव जितेन्द्र सिंह, गौतम मिश्रा, एस.एन.राजू आदि ने इस कार्य की सराहना की। आयुक्त ध्रुव ने भेलवा तालाब में टहलने, घुमने वाले नागरिको से अपील की है कि आप लोग स्वच्छता में निगम का सहयोग करे, किसी भी प्रकार का घर से निकलने वाले पुजा सामग्री, झिल्ली, नारियल, किताबे, पुराने फोटो को तालाब में न फेके, इसके लिए तालाब में ही जाली लगाकर एक पिट बनाया गया है। वहीं पर विसर्जन का सामग्री डाले। खुबसुरत तालाब को और खुबसुरत बनाने के लिए आप सब सहयोग करे।

# लाईवलीहुड कॉलेज में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के इच्छुक योग्यताधारी युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने हेतु जिला कौशल विकास प्राधिकरण गरियाबंद द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, आजीविका विकास मिशन (एलडीपी) एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिले के इच्छुक योग्यताधारी युवक-युवती रोजगार एवं स्वरोजगार के विभिन्न कोर्सो में कौशल प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज सहित अपना आवेदन कार्यालय कलेक्टर ''जिला कौशल विकास प्राधिकरण, गरियाबंद'' के कक्ष कमांक-40, संयुक्त जिला कार्यालय, गरियाबंद एवं लाईवलीहुड कॉलेज (पॉलिटेक्निक कॉलेज), दर्रा पारा गरियाबंद में कार्यालयीन समय सुबह 10.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते हैं। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण गरियाबंद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कौशल प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत क्रमशः कोर्स ब्यूटी थेरेपिस्ट, डिजिटल कैटलॉगर, घरेलू डेटा एंट्री ऑपरेटर, मल्टी स्किल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण), ड्राइविंग सहायक, फील्ड तकनीशियन कंप्यूटिंग और पेरिफेरल्स, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, मेसन टाइलिंग, मल्टी-कुजीन कुक, मशरूम उत्पादक, रिटेल सेल्स एसोसिएट, स्व-रोज़गार दर्जी, सिलाई मशीन ऑपरेटर, सोलर पंप तकनीशियन और टैक्सी ड्राइवर का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत क्रमशः कोर्स फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इन स्टोर डिमॉन्स्ट्रेटर, घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट और रैटेल सेल्स एसोसिएट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। आजीविका विकास मिशन अंतर्गत क्रमशः कोर्स बांस आधारित टोकरी बनाना, फस्ट फूड खाना बनाना और केक बनाना सिखाया जायेगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत क्रमशः कोर्स दर्जी, पारंपरिक टोकरी निर्माता और सहायक नाई-सैलून सेवाएँ आदि कोर्सो में जिले में पंजीकृत व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जायेगा।

# स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का हो रहा विशेष आयोजन

## जिले में भू-जल संरक्षण के लिए 1458 सोकपिट का हुआ निर्माण

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




भारत सरकार द्वारा गांवों में पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने हेतु महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 05 जून से 12 जून 2024 तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 10 जून 2024 को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर स्वच्छ हरित ग्राम का आयोजन किया गया। इसके तहत ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपाय एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि भू-जल को रिचार्ज करने व जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना मदद करता है। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सभी सार्वजनिक नलकूप/हैण्डपम्प के पास सोकपिट का निर्माण करने के संबंध में जानकारी दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद मती रीता यादव के सतत् मार्गदर्शन से जिले के सभी 335 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान के तहत कुल 1458 सोकपिट का निर्माण किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में सोकपिट का निर्माण एवं नाडेप टैंक का निर्माण किया गया है। इसके लिए विकासखण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर हेतु नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है।

स्वच्छ हरित ग्राम कायक्रम में जैविक खाद के बारे में भी जानकारी दिया गया। जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैंविक खाद बनाने में सहायक वर्मी कम्पोस्ट/ नाडेप पीट एक बेहतर उपाय है। जैविक कचरे का प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिये गांवों/ग्राम पंचायतों में वर्मी कम्पोस्ट/नाडेप पिट निर्माण करने के निर्देश दिया गया, जिसके तहत मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त अभिसरण से जिला में वर्मी कम्पोस्ट/नाडेप टैंक का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मती रीता यादव के सतत् मार्गदर्शन से जिले के समस्त 335 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर कुल 650 वर्मी/नाडेप टैंक का निर्माण किया गया। ग्राम पंचायतों के कचरे से कम्पोस्ट खाद, अपशिष्ट पदार्थो का पुनः उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडबेल कचरे के रिसायलिंग के लिये प्रोत्साहित किये जाने हेतु 10 जून 2024 से विशेष अभियान के रूप में ग्राम/गांवों में दिवाल लेखन, रैली आयोजन, मानव श्रृंखला पर्यावरण सरंक्षण के उपाय के लिये शपथ, संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा बड़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियों जैसे जल निकायों के आस-पास सफाई कार्य, सार्वजनिक स्थलों का सफाई, रैली निकालकर स्वच्छता के संदेश, वृक्षारोपण का वृहद आयोजन 05 जून को भी समस्त ग्राम पंचायतों में किया जा चुका है।

# महतारी वंदन योजना से बदल रही ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया यह मजबूत कदम छत्तीसगढ़ की आधी आबादी के सपनों को पूरा करने की दिशा में बड़ी छलांग है। इस योजना से प्रदेश के लाखों महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। इस योजना के तहत राज्य शासन द्वारा अब तक चार किस्त जारी की जा चुकी है। इस योजना से जुड़े ऐसी कई कहानियां है, जो समाज के लिए प्रेरणा का विषय है। जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम खुडियाडीह निवासी 'एस कुमारी जगत' महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग सुअर पालन के व्यवसाय में कर रही हैं। एस कुमारी जगत एक गृहणी है, जो मजदूरी करके अपना जीवनयापन करती है। इन्हांने महतारी वंदन योजना की राशि से सुअर पालन के व्यवसाय में बढ़ोत्तरी कर रही है। एस कुमारी ने बताया कि ''यह योजना मेरे जैसे बहुत से महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना के तहत मुझे चार किश्तों के रूप चार हजार रूपये मिल चुके है। जिससे मैं सुअर पालन व्यवसाय में वृद्धि कर हूॅ। हालाकिं अभी इसे छोटे रूप में शुरू की हूॅ लेकिन आने वाले समय में मैं इसका विस्तार करुँगी।

इस व्यवसाय में अच्छी आमदनी होती है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा योजनाके तहत प्रति माह एक हजार रूपये की राशि प्राप्त होती है। जो कि आजीविका संवर्धन एवं घरेलू खर्चो में भी सहायक होती है। उन्होंने कहा कि गृहणी होने के साथ व्यवसाय भी कर रही हूॅ और यह सब महतारी वंदन योजना के कारण संभव हुआ है।

# श्रमदान महाअभियान के तहत की गई बंधवा तालाब की सफाई

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com




श्रमदान महाअभियान के तहत बंधवा तालाब भिलाई-3 की सफाई की गयी। नगर निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र के वार्ड क्र. 8 महामाया पारा स्थित बंधवा तालाब की सफाई का कार्य निगम प्रशासन द्वारा किया गया। विशेष अभियान चलाकर इस पुराने तालाब को साफकिया गया है। इस कार्य में निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा हिस्सा लिया। गौरतलब है कि निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के द्वारा एक दिवस पूर्व ही बंधवा तालाब के सफाई हेतु एक विशेष श्रमदान अभियान चलाने विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके फलस्वरूप बंधवा तालाब को साफ करने की शुरुवात की गयी। रापा, फावड़ा सहित अन्य उपकरणों की मदद से तालाब में एकत्र गंदगी एवं कचड़े इत्यादि को तालाब से निकालकर बाहर किया गया। इस कार्य में निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। साथ ही जनप्रतिनिधियों में निगम के नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर वार्ड 17 शांति नगर के पार्षद फिरोज फारूखी, वार्ड क्रं-16 बाजार चौक की पार्षद प्रेमलता चंद्राकर, वार्ड कं-12 के पार्षद तुलसी राम ध्रुव, वार्ड कं-08 महामाया पारा के पार्षद गुलमोहर वर्मा, पूर्व पार्षद दिलीप पटेल ने सफाई में श्रमदान का योगदान दिया। इस दौरान निगम के सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, उपअभियंता मुकेश रात्रे, उपअभियंता विक्टर वर्मा, उपअभियंता किसलय साहू, उपअभियंता वैभव त्यागी, उपअभियंता मुकेश चंद्राकर, स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, संपदा विभाग प्रभारी राजू वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक रामअवतार साहू, सहायक ग्रेड-3 अभिलाषा श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड-3, चंद्रकांती साहू, आयुक्त स्टेनो चेतन देवांगन, टाईम कीपर श्यामता साहू, समस्त सफाई मित्र एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# मानसून की शीध्रता को देखते हुए आयुक्त ध्रुव ने ली अधिकारियो की बैठक



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

आगामी कुछ दिनो में मानसून के आगमन को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने नगर निगम भिलाई एवं भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियो को दिये निर्देश जिसमे प्रमुख रूप से अपर आयुक्त, सर्व अधीक्षण अभियंता, सर्व जोन आयुक्त, बीएसपी से के के यादव, स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, भवन अधिकारी, सर्व जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी आदि को बारीश से पूर्व कार्य योजना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जितने भी पुराने होर्डिग लगे है उन सभी को चेक किया जावे, कोई कमजोर, सड़ा गला होर्डिग हो उसे हटाया जाये। नालियो एवं नाली के सफाई में शीध्रता लाया जाये। जलजनित बिमारी जैसे- डायरिया, मलेरिया, डेंगू इत्यादि से बचने के लिए घर-घर जाकर दवाई का वितरण करना, घरो को चेक करना, प्रत्येक जोन में विशेष दल गठित कर रखना जो आवश्यकता पड़ने पर मुस्तैद रहे। नगर निगम भिलाई में कंट्रोल रूम सुचारू रूप से संचालित हो, तीनो सिफ्ट में कर्मचारी बैठे लोगो की समस्याओ को नोट करके संबंधित अधिकारी कर्मचारी को बताये। स्वास्थ्य विभाग का दल नालियो में या अन्य किसी स्थल पर पाईप से पानी का लिकेज हो रहा हो तो उसे बताये, उसका संधारण कार्य निगम का जल विभाग त्वरित रूप से करे। सभी जोन से पानी का सेंपल लिये जाये, उनकी जॉच की जाये कि पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता है की नहीं। उसी के साथ बहुत से घरो में प्राइवेट एजेंसी से आर.ओ. का पानी लिया जाता है। उन्हे भी चेक करे वह भी मानक के अनुकुल है कि नहीं। इसके संबंध में आम नागरिको, जनप्रतिनिधियो, सामाजिक कार्यकर्ताओ, व्यापारियो से भी अपील की गई है कि सब लोग नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियो का सहयोग करे।

## बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नगर निगम ने कसी कमर

# नाला सफाई व्यवस्था का महापौर एवं आयुक्त ने लिया जायजा: बरसात के मद्देनजर कार्य को मिशन मोड़ पर करने निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम क्षेत्र में नगर निगम प्रशासन द्वारा मानसून को देखते हुए सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। जेसीबी से नालों की सफाई करते हुए कचरा निकालने का कार्य किया जा रहा है,जिससे बरसात के दिनों में नालियों के ओवर फ्लों अथवा जाम आदि की समस्या न रहे। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, वार्ड पार्षद दीपक साहू, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर,पार्षद प्रकाश जोशी स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, रामलाल भट्ट, परम, धनंजय, शिवाकांत तिवारी स्वास्थ्य अमला के साथ आज प्रातः शहर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 43 मुक्त नगर में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुँचे। आने वाले बरसात के मौसम के मद्देनजर इस कार्य को मिशन मोड़ पर करने के निर्देश।निरीक्षण के दौरान महापौर बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर को स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि सभी बड़े और छोटे नालों की सफाई की जा रही है, जिससे पानी के साथ बहकर कचरा फैलने की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा मौसम विभाग के मुताबिक अबकी सीजन में अच्छी बारिश की संभावना है। मानसून भी तय सीमा पर आएगा।उन्होंने साफ कहा कि बारिश के पहले गैंग बनाकर शहर के शेष बचे नाला व नालियों की सफाई का कार्य करवाये। उन्होंने ये भी कहा कि जिस नाला का रोजाना होने वाले साफकार्यो को अपडेट रखा जाये ताकि निरीक्षण में स्पष्टता रहे। महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा नाला सफाई कार्य का निरीक्षण वार्ड क्रमांक 43 मुक्त नगर नाला सहित बल्ला डेयरी क्षेत्र का भी निरीक्षक कर बारिश के पूर्व सभी नालो की सफाई कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश।महापौर व आयुक्त ने क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण कर कार्य मे गति लाने निर्देश देते हुये कहा कि शहर के सभी नालों की सफाई कार्य बारिश प्रारंभ होने के पूर्व कर लिया जावे ताकि पानी भराव की स्थिति उत्पन्न न हो।इस समय महापौर ने वार्ड 46 पद्मनाभपुर पहुँचे जहाँ उन्होंने नाली का सफाई कार्य अच्छे से कराये जाने के निर्देश दिये। क्योंकि इन क्षेत्र में पानी भराव की स्थिति निर्मित होती है, जिससे निजात मिल सके। महापौर ने कहा कि सभी स्वच्छता निरीक्षक सफाई दरोगा व वार्ड सुपर वाइजर अपने अपने वार्डो में प्रतिदिन निर्धारित समय तक सफाई कार्य कराना सुनिश्चित करे।

# बरसात के पूर्व निगम प्रशासन ने कसी कमर

## सभी नालो की सफाई करना किया प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

मानसून की आमद को देखते हुये भिलाई चरोदा निगम प्रशासन ने बड़े नालो की सफाई करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस संबध में जेसीबी की मदद से नालो में एकत्र गंदगी एवं अन्य कचरा निकालने का कार्य किया जा रहा है। जिससे बरसात के दिनों में नालियों के ओवर प्लो होने की समस्या से बचा जा सके। ज्ञात है कि बरसात के मौसम के शुरू होने से पूर्व ही निगम के सफाई विभाग द्वारा यह कार्यवाही की जा रही है। स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा ने बताया कि कमिश्नर डी. एस. राजपूत से प्राप्त निर्देशानुसार बरसात से पहले सभी बड़े और छोटे नालो की सफाई की जा रही है जिससे पानी के साथ बहकर कचरा फैलने की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

## संपादकीय

### भाजपा नीत सरकार नेता नरेन्द्र मोदी

**भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन**-राजग अपने संख्याबल के आधार पर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार बना चुका है। लोकसभा चुनाव में हालांकि, भाजपा को स्वयं पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, लेकिन चुनाव-पूर्व गठबंधन राजग को बहुमत से अधिक सीटें मिली हैं। इस गठबंधन में अनेक क्षेत्रीय पार्टियां शामिल हैं। कहा जाता है कि इन सहयोगियों ने कड़ा लेनदेन किया है, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने राजग सांसदों को संबोधित करते हुए इसका खंडन किया। उन्होंने सांसदों को सतर्क किया था कि वे संभावित मंत्रिमंडल के बारे में किसी प्रकार की अफवाहों का शिकार न बनें। राजग गठबंधन में चंद्रबाबू नायडू की तेलगूदेशम पार्टी-तेदेपा तथा नीतीश कुमार की जनता दल युनाईटेड-जदयू व अन्य दल शामिल हैं। क्षेत्रीय पार्टियां स्वाभाविक रूप से अपने राज्य-विशिष्ट हितों को प्राथमिकता देती हैं, लेकिन इससे राजग में शामिल पार्टियों में किसी मतभेद या गठबंधन के स्थायित्व पर संदेह की आशंका नहीं है। नीतीश कुमार ने उम्मीद जताई है कि मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति करेगा और इसका लाभ बिहार को भी मिलेगा। मोदी ने कहा कि वह अपनी सरकार के सभी फैसलों से सर्वसम्मति सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने राजग को एक 'जैविक संगठन' बताते हुए कहा कि यह गठबंधन 'सर्व पंथ समभाव' के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एनडीए का अर्थ 'नया भारत, विकसित भारत और आंकाक्षी भारत' है। मोदी ने यह भी याद दिलाया है कि वे किसी प्रकार के दबाव में आने वाले नहीं हैं। मोदी की आत्मविश्वास से भरी इन घोषणाओं से स्पष्ट है कि भाजपा अपने राजग सहयोगियों के साथ मिल कर राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य नीतियां



अपनाएगी और उनको तेजी से लागू करेगी। नायडू ने भी आशा प्रकट की कि नई सरकार जल्दी से और तेजी से काम करना शुरू करेगी।

गठबंधन सरकारों की कुछ अंतर्निहित समस्याओं के बावजूद उन्होंने खासकर 1990 के दशक में सुशासन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सर्वाधिक उल्लेखनीय गठबंधन सरकार का नेतृत्व अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। उसने न केवल अनेक चुनौतियों का सामना किया, बल्कि भारत में भावी गठबंधन राजनीति के लिए उदाहरण भी स्थापित किया। अटल बिहारी वाजपेयी के समय राजग में 20 से अधिक पार्टियां शामिल थीं जिनके अपने-अपने एजेंडे थे। इसके बावजूद वाजपेयी सरकार ने नाभिकीय आयुधों के परीक्षण किए तथा भारत का विश्व स्तर पर सम्मान बढ़ाया। सरकार ने नाभिकीय परीक्षणों पर लगे प्रतिबंधों का सामना करते हुए भी देश की अर्थव्यवस्था की प्रगति सुनिश्चित की। वाजपेयी सरकार की सफल राजनय ने धीरे-धीरे दुनिया के सभी देशों को भारत की उन स्थितियों के बारे में समझाया जिसके कारण उसे नाभिकीय आयुध बनाने का निर्णय करना पड़ा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजग के नव-निर्वाचित सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि यह राजग देश में 15 साल सरकार चला चुका है। इस प्रकार उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में चली राजग सरकार की उपलब्धियों को भी रेखांकित किया। अटल सरकार ने देश में जिस व्यापक आधार पर ढांचागत निर्माण को गति दी थी, मोदी के नेतृत्व में पिछली दो राजग सरकारों ने उसे अभूतपूर्व गति दी है। मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने की घोषणा के बाद शेयर बाजार ने भारी छलांग लगाकर सर्वोच्च स्तर प्राप्त किया। यह इस बात के प्रति विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर होगा।

# भारत में नई राजनीति का युग

भारतीय मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत न देकर गठबंधन राजनीति का नया युग शुरू किया है। हालांकि, भाजपा नीत राजग सरकार बनाने में सफल हुआ है।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत में लोकसभा चुनाव ने क्षेत्र में नई राजनीति के संकेत दिए हैं। इससे देशों को अपने राजनीतिक लोकतांत्रिक ढांचों को मजबूत करने का संकेत मिला है। लोकतांत्रिक दृढ़ता का परिचय देते हुए भारतीय मतदाताओं ने भाजपा के वर्चस्व को थोड़ा झटका जरूर दिया है, पर अंततः भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग सरकार बनाने में सफल हुआ है। यह एक राष्ट्र की सामूहिक भावना को स्वर देता है जिसने स्पष्ट रूप से 'शक्ति संतुलन' का पक्ष लिया है। जनता की राय प्रभावित करने के व्यापक चुनाव प्रचार अभियान के बावजूद मतदाताओं ने मोदी के वर्चस्व पर सवाल उठाए हैं। इससे मोदी के जादू और करिश्माई व्यक्तित्व पर थोड़ा प्रभाव जरूर पड़ा है, पर देश की भावी आर्थिक प्रगति को देखते हुए दुनिया में भारत के कद पर कोई फर्क पड़ने की आशंका नहीं है। भाजपा को इस चुनाव में सीटों का नुकसान उठाना पड़ा है और उसकी संख्या पिछले चुनाव में मिली 303 सीटों से 92 कम हो गई हैं।

भाजपा के गढ़ समझे जाने वाले उन क्षेत्रों में भी सीटें कुछ कम हुई हैं जहां उसने पिछले दो चुनावों में पूर्ण वर्चस्व प्राप्त किया था। हालिया लोकसभा चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया पर भारी खर्च हुआ है। निर्वाचन आयोग ने भी अधिकाधिक मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने हेतु गूगल समेत सोशल मीडिया पर काफी खर्च किया। राजनीतिक दलों में सोशल मीडिया पर भाजपा ने सबसे ज्यादा खर्च किया। मीडिया और सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों द्वारा भारी खर्च से स्पष्ट होता है कि लोकतांत्रिक मानकों को प्रभावित करने में विज्ञापनों की कितनी बड़ी भूमिका होती है। इससे लोकतंत्र को अपनी इच्छानुसार परिवर्तित करने की संभावनायें व जोखिम भी स्पष्ट होते हैं।

लेकिन इसके बावजूद अंततः लोकतंत्र की विजय हुई है। लोगों ने अपनी बातें पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ता के साथ प्रकट की हैं तथा अनेक लोगों ने धार्मिक विचारधाराओं या व्यक्तिवाद से अलग हट कर अपनी राय प्रकट की है। इससे लोकतंत्र तथा पंथनिरपेक्ष प्रशासन को बल मिला है। यह चुनावी उथलपुथल इस बात का भी संकेत देती है कि अब लोकतांत्रिक देशों में जनता केवल राजनेताओं के खोखले वादों पर विश्वास करने को तैयार नहीं है और वह वास्तविक जमीनी बदलाव देखना चाहती है। भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा अपनी विजय तथा दुनिया भर में भारत के बढ़े कद के आधार पर विमर्श तैयार किया गया था, पर इसके बावजूद उनके चुनावी प्रदर्शन को धक्का लगा है। भाजपा को विपक्षी दलों द्वारा तैयार जातीय गणित तथा सामाजिक समीकरणों के कारण नुकसान उठाना पड़ा है और सत्ता पर उसकी पकड़ थोड़ी ढीली पड़ी है।

भाजपा का आरोप है कि विपक्षी दलों ने मतदाताओं में अनेक मुद्दों पर भ्रम पैदा करने का प्रयास किया और वे इसमें एक सीमा तक सफल भी हुए। हालांकि, भाजपा 2019 में प्राप्त अपनी पकड़ का काफी हिस्सा बनाए रखने में सफल हुई, पर उसे 92 सीटों का नुकसान हुआ जिसके कारण वह प्रचंड विजय नहीं प्राप्त कर सकी। इससे उसकी रणनीतियों में कमी तथा उसके दावों में जमीनी कमियां उजागर होती हैं। मोदी के प्रचार अभियान में विदेशी मामलों तथा राजनय को काफी स्थान मिला। उसमें दुनिया में भारत के बढ़े कद तथा भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति पर खासतौर से ध्यान दिया गया। विपक्ष का आरोप है कि मोदी ने यह काम घरेलू समस्याओं, जैसे बेरोजगारी, आर्थिक असमानता व देश के कुछ हिस्सों में सामाजिक उथलपुथल से ध्यान हटाने के लिए किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों का खासतौर से चुनाव प्रचार में उल्लेख किया जिसमें वैश्विक सम्मेलनों का आयोजन और भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति शामिल है। लेकिन इसके बावजूद भारत के बहुत से नागरिकों के दिन-प्रतिदिन के संघर्षों में कोई कमी नहीं आई थी और इस प्रकार राजनीतिक विमर्शों तथा जमीनी अनुभवों में विरोधाभासी स्थितियां पैदा हो रही थीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले दस साल के कार्यकाल में तकनीक का प्रयोग कर भ्रष्टाचार दूर करने तथा लोगों का जीवन सहज बनाने के अनेक प्रयास किए गए, लेकिन इसके बावजूद जमीनी स्तर पर जनसंख्या और मतदाताओं की इच्छानुसार समुचित परिवर्तन नहीं दिखाई पड़े। अब हालिया चुनाव में सीटें कम हो जाने पर भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जनता की ओर से जवाबदेही तथा परिवर्तन की तेज होती मांगों का सामना करना पड़ सकता है। मोदी की नई सरकार के समक्ष प्रशासन को और ज्यादा पारदर्शी बनाने तथा जन-केन्द्रित करने की चुनौती बनी रहेगी। इसके कारण अब सरकार को जनता के प्रति ज्यादा जवाबदेही का दृष्टिकोण अपनाना पड़ेगा। मोदी की विदेश नीति और घरेलू एजेंडे में एक प्रकार की संगति है जिसके चलते 'हम बनाम वे' का विमर्श तैयार हुआ है। मोदी सरकार ने पाकिस्तान और चीन का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता बार-बार दुहराई जिसमें खासकर आतंकवाद से मुकाबला करना शामिल है। पाकिस्तान और चीन के साथ 2020 में टकरावों के बावजूद भारत द्वारा मुकाबले को राष्ट्रीय शक्ति के प्रतीक के रूप में प्रदर्शित किया गया। इसके उलट मोदी के आलोचकों का कहना था कि चीनी आक्रामकता के प्रति सरकार की नीति एकदम सटीक नहीं थी। हालांकि, इस विरोधाभास के पीछे भू-राजनीतिक जटिलताओं तथा राजनयिक बाधाओं की प्रमुख भूमिका है।

भारत ने विभिन्न विश्व शक्तियों के साथ संबंधों में अपने राष्ट्रीय हितों को वरीयता दी और वह अंतरराष्ट्रीय जगत में उथलपुथल के बावजूद अपनी 'रणनीतिक स्वायत्ता' के रास्ते पर चलता रहा। भाजपा पर विपक्ष का यह आरोप भी है कि उसने घरेलू मामलों पर विदेशनीति मामलों को वरीयता दी। इस प्रकार विपक्ष दुनिया में भारत का कद बढ़ने के बावजूद मोदी के 'राष्ट्रवादी विमर्श' को चुनौती देता है। विपक्ष ने भले ही भाजपा द्वारा लोकतांत्रिक मानक तोड़ने के आरोप लगाए हों, पर अधिकांश मतदाताओं ने मोदी के दृढ़ दृष्टिकोण को पसंद किया। इससे जनता के मन में मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति की इच्छा प्रकट होती है। लेकिन इसके बावजूद भाजपा देश में मुद्रास्फीति व बेरोजगारी के मुद्दों से ठीक से नहीं निपट सकी और संभवतः इसी कारण उसे उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में नुकसान उठाना पड़ा। विपक्ष ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह संवैधानिक अधिकारों के लिए खतरा पैदा कर रही है जिससे उसके आलोचकों तथा पूर्व-समर्थकों में निराशा की भावना पैदा हुई।

1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस से लेकर 2021 में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण भाजपा की सत्ता तक यात्रा और चुनौतियों का इतिहास है। हालांकि, मोदी की वाराणसी पर छाप से इनकार नहीं किया जा सकता है। उनके प्रयासों से वाराणसी में तेजी से ढांचागत विकास हुआ है और शहर की तस्वीर बदल गई है, लेकिन अनेक स्थानीय लोगों के विचार से इससे वाराणसी की 'परंपरागत' छवि तथा 'जीवनशैली' भी टूटी है जिसका बहुत से लोगों को दुःख है। उत्तर प्रदेश के चुनावी नतीजे एक जटिल परिदृश्य का संकेत देते हैं जहां कुछ परिवारों के प्रति सहानुभूति के साथ दलितों के एक हिस्से में संकट की भावना बनी हुई है।

मोदी की लोकप्रियता के बावजूद वाराणसी में उनकी जीत का अंतर घटा है। भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे ने दलितों के एक हिस्से में संविधान में संशोधन कर आरक्षण को चोट पहुंचाने की भावना पैदा हुई जिसका विपक्ष ने खूब लाभ उठाया और उसे भड़काया। भाजपा के आक्रामक चुनाव प्रचार ने मुसलमानों को विपक्ष के साथ ज्यादा मजबूती से जोड़ दिया। लेकिन चुनावी नुकसान के बावजूद भाजपा अभी देश की सर्वाधिक मजबूत शक्ति है और सहयोगियों के साथ मिल कर बनी उसकी सरकार इन कमियों को दूर करने का प्रयास करेगी। देखना होगा कि इससे आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति में कितने परिवर्तन आते हैं। अगले पांच साल में मोदी सरकार ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का वादा किया है। ऐसे में देखना होगा कि दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में जनता की सोच कैसे परिवर्तित होती है।

# विष्णु सरकार की सुध से खेती-किसानी को नया सम्बल



नसीम अहमद खान
उप संचालक
जनसंपर्क विभाग

**देश** की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में कई फैसले लिए हैं, इससे राज्य में खेती-किसानी को नया सम्बल मिला है। किसान बेहद खुश है। उनके मन में एक नई उम्मीद जगी है।

छत्तीसगढ़ की नई सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान करके एक ओर जहां अपना संकल्प पूरा किया है, वहीं दूसरी ओर किसानों से बीते खरीफ विपणन वर्ष में 144.92 लाख मेट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की है। किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 31,914 करोड़ रूपए का भुगतान एवं किसान समृद्धि योजना के माध्यम से मूल्य की अंतर की राशि 13,320 करोड़ का भुगतान करके यह बता दिया है कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का रास्ता खेती-किसानी से ही निकलेगा।

किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार किसानों की हितैषी है। खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने इस साल कृषि के बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि की है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के मुताबिक समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में प्रति क्विंटल 917 रूपए के मान से अंतर की राशि भी दे दी है। किसानों को प्रति क्विंटल के मान से 3100 रूपए के भुगतान की यह राशि देश में सर्वाधिक है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस साल के बजट में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 10 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है।



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई अभिनव पहल की जा रही है। जशपुर जिले के कुनकुरी में कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट एवं प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी महाविद्यालय, सूरजपुर जिले के सिलफिली एवं रायगढ़ में शासकीय उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, तथा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के खडगंवा में कृषि महाविद्यालय खोलने की व्यवस्था बजट में की है। कृषि में आधुनिक उपकरणों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय की स्थापना एवं राज्य स्तरीय नवीन कृषि यंत्र परीक्षण प्रयोगशाला के भवन का निर्माण, दुर्ग एवं सरगुजा जिले में कृषि यंत्री कार्यालय तथा रासायनिक उर्वरकों की जांच के लिए सरगुजा जिले में गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी। राज्य के किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8 हजार 500 करोड़ का लक्ष्य तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों की सहायता हेतु दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने के लिए बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, सौर सुजला योजना के माध्यम से सिंचित रकबे में बढ़ोत्तरी का प्रयास किया जा रहा है। नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। चालू वित्तीय वर्ष कृषि बजट 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8500 करोड़ रूपए की साख सीमा छत्तीसगढ़ सरकार ने तय की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वर्तमान खरीफ सीजन को देखते हुए राज्यभर की सहकारी समितियों में सोसायटियो में गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज भंडारण एवं उठाव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसलिए पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने खेती-किसानी के दीर्घ अनुभव के आधार पर कहा है कि खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डी.ए.पी. खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डी.ए.पी. खाद की मांग और सप्लाई पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। खाद-बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सेंम्पलिंग एवं प्रयोगशाला के माध्यम से जांच का विशेष अभियान संचालित किया जाए। खरीफ सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 13.68 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों की मांग के विरूद्ध अब तक 9.13 लाख मैट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है, जो मांग का 67 प्रतिशत है। सोसायटियों में विभिन्न खरीफ फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। खरीफ सीजन 2024-25 में 5 लाख 59 हजार 203 क्विंटल बीज की मांग के विरूद्ध 6 लाख 39 हजार 4 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जो कि मांग का 114 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसान लगातार बीज का उठाव कर रहे है। अब तक 03 लाख 75 हजार क्विंटल बीज का उठाव किसानों ने किया है, जो कि बीज की डिमांड का 67 प्रतिशत है।

## आप की बात

### नेताओं को सबक

**चुनाव परिणामों** ने नेताओं को अनेक सबक दिए हैं। कांग्रेस की सीटें बढ़कर 99 हो जाना उसके लिए जश्न मनाने जैसा है। लेकिन इसके पीछे गरीबों को ललचाने व भ्रमित करने के दांव हैं जिनका अब खुलासा हो रहा है। इस बार चुनाव में कुछ दलों ने जम कर घटिया हथकंडे अपनाए। बीजेपी राजस्थान और यूपी मैं अति आत्मविश्वास और भीतराघात के चलते अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। इन चुनाव के बाद उसे आत्म मंथन करना होगा। अपने निजी फायदे के लिए पार्टी को चोट पहुंचने वाली कई काली भेड़ों को पार्टी से बाहर करना होगा। नतीजों से कांग्रेस का कॉन्फिडेंस हाई हो गया है। मगर उसे भी मध्य प्रदेश सहित जिन राज्यों में एक भी सीट नहीं मिली है वहां आत्ममंथन करना होगा। सभी पार्टियों के चुनावी गणित गड़बड़ाने की प्रमुख वजह कार्यकर्ताओं की अपेक्षा है। कुछ स्थानों पर थोपे गए बाहरी उम्मीदवारों ने भी खेल बिगड़ है। मोदी के तीसरी बार शपथ लेने के बाद अब अनेक निर्दलीय एनडीए में शामिल हो सकते हैं। हो सकता है कि भाजपा दूसरे दलों को तोड़ कर भी अपनी संख्या बढ़ाने का प्रयास करे। लेकिन राजनेताओं को चुनाव ने सबक दिया है कि जनता हमेशा दलबदलुओं को स्वीकार नहीं करती है और पुराने कार्यकर्ता इस अवसरवाद के कारण निष्क्रिय हो जाते हैं।

**–सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### शेयर बाजार की छलांग

**4 जून** को लोकसभा चुनाव परिणामों से महागठबंधन की संभावना और मोदी सरकार की कमजोर संभावना के चलते शेयर बाजार का अंक 76468 से लुढ़क कर 72079 हो गया था, किन्तु जैसे ही मोदी सरकार बनने की संभावना प्रबल हुई, शेयर मार्केट ने आसमान छूना आरम्भ कर दिया और बढ़ते.बढ़ते 7 जून को पूरे समय उच्च स्तर पर बने रहकर 76,795 तक गया। यह अब तक की उसकी सबसे ऊंची छलांग है। महागठबंधन की खिचड़ी सरकार की संभावना शेयर बाजार को भी स्वाभाविक रूप से पसंद नहीं आई और वो धड़ाम हो गया। जैसे ही मोदी सरकार की सम्भावना बढ़ी और उसने लम्बी-लम्बी छलांग लगना शुरू कर दी। मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद इसके और ऊपर जाने की उम्मीद है। इस प्रकार शेयर बाजार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आईना दिखा दिया है। जनता को खैरातें बांटने या सरकारी खजाना लुटाने का वादा कर सत्ता तक पहुंचने का प्रयास करने वालों को यह कड़ा सबक है। देश के शेयर बाजार तथा व्यापार जगत को नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास है जो देश की अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें स्थान से पांचवें स्थान पर लाए हैं और अब उसे तीसरे स्थान पर ले जाएंगे।

**– पूजा नेनावा साहू,** पुणे

### अविस्मरणीय चुनाव

**2024** के लोकसभा चुनाव को लंबे समय तक याद किया जाता रहेगा। ऐसा पहली बार हो रहा है कि सत्ता पक्ष भी खुश, विपक्ष भी खुश और जनता भी खुश। एनडीए की सीटें कम होने में कई कारकों के साथ-साथ अधिकांश राज्यों में बहुत कम मतदान होना भी है। मोदी द्वारा 400 सीटों के दावे से भी स्थिति खराब हुई। लोगों ने सोचा कि भाजपा को पूर्ण बहुमत तो आ ही जाएगा फिर क्यों हम वोट देने की जहमत उठाएं? हमेशा की तरह पढ़े-लिखे शहरी मतदाताओं के मुकाबले ग्रामीण मतदाताओं ने अधिक संख्या में वोट डालें। इस स्थिति में मतदान बढ़ाने तथा उसे शत प्रतिशत बनाने के प्रयास करने होंगे। अपने मतदान केंद्र से दूर प्रवास करने वालों के लिए ऑनलाइन मतदान करने का कोई पारदर्शी तरीका खोजा जाना चाहिए। साथ ही किसी भी कारण से जेल में बंद व्यक्तियों के चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई जाना चाहिए। अन्यथा भविष्य में जेल में बंद आतंकी भी अल्पमत सरकारों को टेका लगाने के लिए सत्ता में आकर देश की संप्रभुता पर चोट पहुंचा सकते हैं। इस बार जेल से चुनाव लड़ने वाले दो अतिवादी माननीय सांसद की शपथ लेने आने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं। इन पर आतंकी फंडिंग तथा खालिस्तान समर्थन के आरोप हैं।

**–विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### जातिवाद का असर

**लोकसभा** के चुनाव परिणामों में ऐसा प्रतीत हुआ कि देश की राजनीति में जातिवाद का असर अभी काफी है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। स्पष्ट बहुमत की सरकार और गठबंधन की सरकार का आंकलन तो विगत बीस वर्षों में देश की जनता ने कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रचंड बहुमत वाली सरकारों में सभी संप्रदाय के लोगों का विकास किया गया, करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया, देशहित में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई, विदेश नीति भी अपने चरम पर रही तथा विदेश में रहने वाले भारतीय लोगों ने दस सालों में अकल्पनीय अनुभव किया। इसके बावजूद जनता के बड़े हिस्से ने इन सारी चीजों को अनदेखा कर आंखें बंद कर जाति के नाम पर वोट दिया है। मजेदार बात है कि जातियों तो मुसलमानों में भी हैं, लेकिन वे सब एकजुट होकर भाजपा को हराने वाली पार्टी को वोट देते हैं। देश पर सबसे लंबे समय तक राज करने वाली कांग्रेस ने जातीय जनगणना तथा आरक्षण सीमा बढ़ाने की बात कर जातिवाद का असर बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जातिवाद विकसित भारत के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है।

**– अंकित सोनी,** मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बढते प्रदूषण के रोकथाम के लिए ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 10 जून को जिला कलेक्टर को अनुविभागीय दण्डाधिकारी आर के सोनकर (रा.) दल्ली राजहरा के माध्यम से बालोद जिला में बढते प्रदूषण के रोकथाम के उपाय करने बाबत् ज्ञापन सौंपा।

मुश्ताक अहमद ने बताया कि पर्यावरण प्रदुषण की समस्या भारत की नहीं वरन पूरे विश्व में एक गम्भीर समस्या बनी हुई है। प्रदुषण के कारण मनुष्य को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, पर उसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है, इस कारण वातावरण का तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गया, इससे कई प्रकार की समस्या आई है सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भू-गर्भिय जल स्तर नीचे जाने लगा है। इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है।

इसलिए भारतीय मजदूर संघ इस ज्ञापन के माध्यम से जिलाधीश से मांग की है कि जिले में होने वाले सभी प्रकार के प्रदुषणों पर विशेष ध्यान देते हुए इसके रोकथाम हेतु तत्काल उपाय किये जाये, साथ ही निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाय । .वायु प्रदुषण पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किये जाये जिससे लोगों को स्वास्थ्य पर असर न हो, साथ ही सभी प्रमुख शहरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदुषण का स्तर दर्शाने वाला इलेक्ट्रानिक बोर्ड लगवाया जाय। नदी, नालों के पानी को प्रदुषित होने से बचाने हेतु उचित उपाय किये जाय । अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए एवं वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाय । .सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों के बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाय । जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास, सरकारी एवं निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में रूफ्टाप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भू जल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाय । शहरों से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन की नियमानुसार उचित व्यवस्था की जाये।

.ज्यादा प्रदुषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्यवाही की जाय । ध्वनि प्रदुषण से स्वास्थ्य पर कई प्रकार की समस्या आ रही है, इसके रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाय । खदानों से निकलने वाले वेस्ट पानी के साथ बह कर नगर के डेम को प्रदूषित कर रहे और डेम का कैचमेंट एरिया कम होता जा रहा है। प्रशासन को निर्देशित किया जाए कि नगर के राजहरा डेम की सफाई की जाये ताकि पानी साफ हो सके और कैचमेंट एरिया बढ सके । उक्त डेम में आने वाले नालों पर चेक डैम का निर्माण कराया जाये।

टाउनशिप में घरों के पीछे की गलियों की सफाई सुनिश्चित की जाये ताकि प्रदूषण से बारीश के समय बीमारियों का फैलाव न हो। संघ इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे अपेक्षा करता है कि इन सभी बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्रदूषण की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये जिससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से बचा जा सके। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से प्रदेश पर्यावरण संयोजक लखनलाल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, जिला महामंत्री आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ श्रीमती माधुरी रथ, रजनीश जरयाल, बी पी कश्यप, विमल यदु, गजेन्द्र ठाकुर, एवं अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# किसानों ने अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर से मिले



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सिंघौरी एवं कंतेली के किसानो के साथ कलेक्टर बेमेतरा से मुलाकात कर किसानो के समस्या से अवगत कराया गया । पिछले कई वर्षो से शहर का गंदा पानी नालियों के माध्यम से सिंघौरी दुर्ग रोड मे किसानों के खेत मे फैल रहा है जिसके कारण खेती कार्य कर पाना मुश्किल हो गया है ,वर्तमान मे 9 से 10 एकड़ किसानों की कृषि भूमि मे पानी भर चुका है ,पहली बारिश मे ही सैकड़ों मे यह पानी फैल जाएगा जिससे किसान बोवाई कार्य भी नहीं कर पाएंगे , कलेक्टर से चर्चा कर बताया गया की उक्त क्षेत्र मे छोटे किसानों की जमीन है ऐसे मे उनके सामने जीवकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो गई है । कलेक्टर बेमेतरा ने जल्द ही समस्या का निराकरण किए जाने की बात कही है। कलेक्टर से मुलाकात करने वालो मे सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस ,कुमार वर्मा , गोलू साहू , देवराम साहू , जागू साहू ,भानु साहू, जागेशर वर्मा,राजू साहू ,अशोक साहू, झाड़ू वर्मा , मन्नू साहू , जकला साहू , तुका साहू , दोहाई वर्मा ,मनोज मानिकपुरी ,शंभू साहू , शावत वर्मा, मोहन वर्मा, गनपत साहू ,सीताराम यदु, खम्मन वर्मा , बहादुर वर्मा , मेहत्तर वर्मा ,मुन्ना वर्मा, लोभन वर्मा , सरजू निशाद ,कार्तिक वर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित रहें।

# कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में शहरी विकास अभिकरण प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा की। इस बैठक का उद्देश्य शहर में आवास योजना की प्रगति का आकलन करना और आगामी योजनाओं को सुचारु रूप से लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाना था। रणबीर शर्मा ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य शहरी गरीबों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण आवास प्रदान करना है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने योजना के विभिन्न चरणों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कितने घरों का निर्माण किया जा चुका है और कितने अभी निर्माणाधीन हैं। शर्मा ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी प्रकार की कमी होने पर तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आवंटियों को समय पर घर सौंपे जाएं ताकि वे अपने नए घरों में जल्द से जल्द रहना शुरू कर सकें।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि लाभार्थियों से मुलाकात करें और उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुनें। उन्होंने कहा जिन लाभार्थियों आवास मिला है और उनकी अगर कोई समस्या है उनका भी समाधान शीघ्र किया जाये और सभी जरूरी सुविधाएं उन्हें मुहैया कराई जाये।

बैठक के अंत में, कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की निगरानी करें और समय-समय पर अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इस योजना की सफलता से ही शहर के गरीब और निम्न आय वर्ग के लोगों के जीवन में सुधार आएगा।

# मन से पुकारों,गोविंद चले आयेंगे : पं. मोहन नारायण शास्त्री

पायनियर संवाददाता ∢ थान खमरिया
www.dailypioneer.com



पावन भूमि कबीरधाम जिले के ग्राम धमकी में भागवत कथा का आयोजन हुआ, मोहन शास्त्री कहते हैं,वर्तमान युग में हम भगवान के पीछे -पीछे भागते है वह भगवान के लिए नहीं अपने समाधान के लिए जो मेरे प्रभु को कतई स्वीकार नहीं है।

यही कारण है कि हमे इस युग में भगवान नहीं मिलते अति भाग्यशाली को अनुभूति हो पाता है क्योंकि प्रभु को हमारे प्रपंच स्वीकार नहीं है यदि आप सच मे भगवान को पाना चाहते हैं तो मन को भक्ति भजन कीर्तन मे लगाकर देखे भगवान आपके पीछे-पीछे चले आयेंगे परम उपदेश शास्त्री जी कही शास्त्री जी ने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीला के बाद कर्त्तव्य का समय आया और उन्होंने वृंदावन छोड़कर जाना पड़ा तब गोपियाँ उनके पदचिन्ह के पीछे -पीछे दूर तक निकल पडी थी जहां रास्ते में राधा जी मिलती है राधा जी ने समझाया कि अब हम अपने प्राणधार के पीछे बहुत भाग लिए अब तो निस्वार्थ भजन भक्ति गोविंद को हमारे पास लाएगी ! शास्त्री जी ने कहा कि जन मानस को अपने पूर्व कथाओं का उदहारण का स्मरण कराते हुए बताया कि आप कलयुग में प्रभु को पाने का केवल एक ही मार्ग है जिस कलयुग में केवल नाम आधार कहा जाता है अर्थात हमें भक्ति के साथ भगवान का भजन करना चाहिए जिसमें मुख्य यजमान यस कुमार सुमन देवी कमला देवी साहू (स्वः गुमान साहू) साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा धमकी ( कवर्धा ) मे बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं मुख्य श्रोता विजय शर्मा जी,उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन,श्री ईश्वर साहू जी विधायक साजा,डॉ. सियाराम साहू जी पूर्व विधायक कबीर धाम ,श्री अजीत चंद्रवन्शी जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष कवर्धा श्रीमती सुषमा चंद्रवन्शी जी सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व मंत्री जिनका प्रतिनिधि श्री कीर्तन शुक्ल जी श्री पुन्नी लाल पटेल जी जिला मंडी अध्यक्ष जिला बेमेतरा,श्री गंगाधर साहू सामाजिक कार्यकर्ता ,श्री गौतम मिश्रा जी ग्राम पटेल ,उपदृष्टा पं. दिनेश शास्त्री जी श्रीमती सुनीता देवी मिश्रा अंजलि देवी पाण्डेय श्रीमती नीतू शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष-कबीरधा और वरिष्ठ नागरिक जनमानस उपस्थित रहे !

# छलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को वर्षा ऋतु में मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया

**दल्लीराजहरा ।** जिले में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछ्ली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों के वंश वृद्धि हेतु राज्य में नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 03, उपधारा 02 के तहत क्लोज सीजन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 3(5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर 01 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

# प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। जिसके अंतर्गत पात्र खिलाड़ी राज्य खेल अंकरण पुरस्कार वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु 30 जून तक आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों को अलग-अलग वर्षों के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोर्ट्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। पुरस्कार नियम में प्रावधानों के अनुरूप जिन खिलाड़ियों की मान्यता प्राप्त संघ द्वारा पुरस्कार के लिए अनुसंशा नहीं की गई है तथा तुलनात्मक रूप से उनकी उपलब्धि अधिक है। ऐसे खिलाड़ी तत्संबंधी विवरण प्रस्तुत कर निर्धारित प्रारूप में 30 जून 2024 तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जी.ई. रोड, रायपुर,या कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के अंतर्गत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो उन्हें शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 05 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चैम्पियनशीप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाएगा। खेल से जुड़े 55 वर्ष से अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया बाल मित्र समूह का गठन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विगत दिनों ग्राम जेवरी, परियोजना बेमेतरा, जिला बेमेतरा में चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बालमित्र समूह का गठन विभाग प्रमुख चंद्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा के आदेशानुसार तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं परियोजना समन्वयक राजेन्द्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व मे में सीएचएल-पर्यवेक्षक करिश्मा परवीन, एवं केस वर्कर इन्द्राणी मरकाम के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य ग्रामीणों को बच्चों के अधिकारों हेतु सक्रिय रहकर देखरेख एवं संरक्षण बाले बच्चों की जानकारी प्रदान करना एवं बाल विवाह, बालश्रम, भिक्षावृत्ति, गुमसुदा, बेघर, बेसहारा, बाल तस्कर, अनाथ आदि समस्याग्रसित बच्चों की उचित देखरेख एवं संरक्षण उत्थान तथा पुनर्वास हेतु चिन्हीत बच्चों की जानकारी विभाग को प्रदान करना है।

# विजयी विजय बघेल से मिलने पहुँची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिले के विजयी हुए सांसद विजय बघेल को ब शुभकामना देने भिलाई स्थित आवास में पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,जिला पंचायत क्षेत्र के बूथवार भाजपा को मिले आंकड़ो पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विजय बघेल ने मुँह मीठा कराते हुए बेमेतरा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओ के कड़े परिश्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि जिले के मंत्री दयाल दास बघेल ,बेमेतरा विधायक दीपेश साहू,साजा विधायक ईश्वर साहू ,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, लाभचंद बाफना,भाजपा जिलाअध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में पूरे कार्यकर्ताओ ने दिन रात एक कर मोदी जी के विकास और विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन को लेकर घर घर पहुंचे अपने अपने क्षेत्र में जिला पंचायत,जनपद और पंच सरपंचों ने भी पूरी ताकत झोंक दी थी, मुलाकात के दौरान भाजपा नेता राजेश दीवान, अमित महेश्वरी और डॉ सौरभ निर्वाणी ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर विजयी सांसद को शुभकानाएँ दी।

सांसद बघेल ने बेमेतरा आगमन पर जिलापंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के घर आने की बात कह ते हुए बताया कि उनकी सासु मां प्रभा निर्वाणी जब बेमेतरा की नगर पालिका अध्यक्ष थी उसी दौर में उनकी राजनीतिक शुरुवात भी कुम्हारी नगरपालिका अध्यक्ष के तौर पर हुई थी।

# वैष्णव देवी श्रद्धालुओ पर हमला करने वाले का हो संहार : डॉ. सौरभ निर्वाणी

## साधु संतों मठ और मंदिरों के अखाड़े शस्त्र अभ्यास भूले नही है :महंत नरेन्द्र दास

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com







## अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ ने घटना पर जताया क्रोध

वैष्णव देवी जा रहे श्रद्धालुओ पर आतंकी हमले पर अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ ने घोर आक्रोश जताया है, रायपुर दूधाधारी मठ के महंत डॉ रामसुंदर दास,निर्मोही अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव राजनादगांव के महंत नरेन्द्र दास,थान खम्हरिया के जमात मंदिर के महंत बसंत दास,नवागढ़ के वैष्णव महंत सुरेंद्र दास भागवताचार्य दानेश्वर दास,बुचीपुर-योगीराज मंदिर के संरक्षक रितेश शर्मा ने घोर आपत्ति जताते हुए श्रद्धालुओ के ऊपर हुए इस नृशंस हत्या को जिसमे 10 श्रद्धलुओं की मौत हो गई और 33 श्रद्धालु गोलियों से घायल होकर जीवन मरण के बीच जूझ रहे हैं, को विधर्मियों द्वारा सनातन मतावलम्बियों पर प्रहार कर चुनौती दी है। वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि आतंक के मंसूबे में पीछे छिपे इंसानी दरिंदगी की हद है,छोटे छोटे बच्चों के तक शरीर को छलनी करते इनका दिल नही पसीजा, स्वतंत्र भारत मे ऐसी घटनाओं पर सरकारों को त्वरित कठोरतम सजा आतंकी दरिंदो को देना चाहिए,यह आतंकवाद का अमानवीय चेहरा है सनातन धर्म के श्रद्धालुओ पर गोली बारी कर उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों को ललकार दिया है,सरकार,सेना,प्रशासन का दायित्व है राष्ट्र विरोधी तत्वों का समूल नाश करें,और ऐसी मिशाल खड़ी करे कि सपने में भी सात पुश्त तक ऐसी हरकतों को अंजाम देने के बारे में सोच न सके,डॉ निर्वाणी ने कहा कि भारत मे ऐसी घटनाओं के विरोध में सभी जाती पंथ धर्म के अनुयायियों को विरोध के स्वर बुलंद करना चाहिए। ऐसी घटनाओं को कतई बरदास्त नही किया जा सकता,आतंकियों को उनकी ही जुबान से सबक सिखाया जाए।

महंत नरेंद्र दास ने कहा कि आतताई भूले न शस्त्र और शास्त्र दोनों में पारंगत है हमारे मठ मंदिर ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरे बार प्रधानमंत्री बनायें जाने पर आतिशबाजी



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाये जाने पर आज बेमेतरा जिला मुख्यालय में घड़ी चौक पर भाजपा कार्यकताओ के दावारा आतिश बाजी कर ढ़ोल नगाड़ा बजाकर खुशी जाहिर की इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा जी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू राकेश मोहन शर्मा रोशन दत्ता गौरव साहू संजू तिवारी युगल देवागन परमेश्वर वर्मा केशव साहू निखिल साहू तुषार साहू देव राम साहू राजेश दीवान हेमंत देवागन महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता साहू लक्ष्मी साहू सावित्री रजक नंदू गुप्ता मैना देवी बंछोर दीदी अनीता पटेल सुरेश पटेल राजकुमार चौहान प्रेम वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के नए सत्र के लिए अध्यक्ष चुने गए राजकुमार मित्तल





■ 08 एवं 09 जून को कोलकाता में संपन्न हुआ अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का अग्र अलंकरण समारोह

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह 8 जून 2024 को कोलकाता के होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में संपन्न हुआ, इस दौरान जहां पूरे विश्व की अग्रवाल समाज की 32 अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया, तो वहीं श्रेष्ठ कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के भी पदाधिकारी का सम्मान किया गया, तथा इस कार्यक्रम में विश्व के विभिन्न देशों से तथा भारत के विभिन्न राज्यों से अग्रवाल बंधुओ ने सहभागिता की, साथ ही पदाधिकारीयो के अलावा सर्वश्रेष्ठ कार्यों के लिए विशिष्ट प्रतिभा सम्मान से भी नवाजा गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में जहां अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की कोलकाता वृहत्तर इकाई जोर-शोर से जुटी रही तो वहीं 9 जून को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष की प्रतिवेदन, कोषाध्यक्ष प्रतिवेदन, महामंत्री प्रतिवेदन के साथ ही नए सत्र के लिए राजकुमार मित्तल आसनसोल पश्चिम बंगाल को अध्यक्ष चुना गया, राजकुमार मित्तल के अध्यक्ष चुने जाने पर जहां बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी- सदस्यों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी तो वहीं इस अवसर पर अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रत्येक राज्यों में स्थानीय स्तर पर संगठन बनाने प्रयास किए जाएंगे, साथ ही इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ से पधारे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी विश्वामित्र आनंद का भी स्वागत सम्मान किया गया तथा बैठक में सर्वसम्मति से नए सत्र के लिए अध्यक्ष चुने जाने पर सदस्यों में भी उत्साह देखा गया तो वहीं इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने भी अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के संगठन को लेकर अपने सुझाव दिए तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने की भी बात कही एवं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने के लिए जहां कोलकाता वृहत्तर इकाई एवं केंद्रीय टीम सहित सभी प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले साथियों का आभार व्यक्त किया गया तो वहीं 9 जून को दोपहर केंद्रीय टीम के द्वारा सभी आगंतुक पदाधिकारीयो को ससम्मान बधाई दी गई।

# भारत-पाकिस्तान मैच में सट्टा खिलाने वाले 03 आरोपीयो को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com



हमर पुलिस हमर संग अभियान के तहत जिले में जुआ, सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार की जा रही है कार्यवाही। अभियान के तहत् थाना चाम्पा क्षेत्र में टी 20 विश्व कप के भारत-पाकिस्तान मैच में सट्टा खिलाने वाला 03 आरोपीयो को किया गिरफ्तार थाना चाम्पा /सायबर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही। विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन जिले में हमर पुलिस हमर संग के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान जिले में सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सट्टा खिलाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिसमे सायबर टीम जांजगीर एवं थाना चाम्पा पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर यदुमणि सिदार SDOP चांपा के कुशल मार्ग दर्शन में रेड कार्यवाही किया गया। जिसमे मुकबीर सूचना पर आरोपीगण (01) साहिल देवांगन पिता जगदीश प्रसाद देवांगन उम्र 26 वर्ष पता देवांगन मोहल्ला चांपा (02) निवास देवांगन पिता शिव प्रकाश देवांगन उम्र 21 वर्ष पता रानीरोड धनजी गली चांपा (03) बिट्टू उर्फ दिव्यम थवाईत पिता दिलीप थवाईत उम्र 20 वर्ष पता परसुराम चौक के द्वारा भाले राय मैदान में बैठकर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन टी-20 विश्वकप भारत -पाकिस्तान मैच का सट्टा खिला रहा है। की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपियों को पकड़े जिसके कब्जे से नगदी रकम 1350 / रूपया एवं 03 नग मोबाईल किमती 1,50,000/ रूपया बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध थाना चाम्पा में अपराध कमांक 250/2024 धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 10.06.24 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में DSP अनिल कुर्रे, संगम राम, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, सायबर सेल से प्रधान आर मनोज तिग्गा, आर. गिरीश कश्यप, रोहित कहरा आरक्षक आनंद किशोर सिंह, थाना चाम्पा से उप निरीक्षक कमल दास बनर्जी, सउनि मुकेश पांडेय का योगदान सराहनीय रहा।

# नशीली कोडीन शिरप बिक्री के लिए परिवहन करने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com



नशीली कोडीन शिरप बिक्री हेतु परिवहन करने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार। थाना चांपा पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिला की दो व्यक्ति नया बस स्टैंड चांपा के पास भारी मात्रा में नशीली शिराप बिक्री हेतु अपने कब्जे में रखा है की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में आरोपियों को घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया आरोपी (01) नरोत्तम सहिस निवासी भैसा बजार चांपा के कब्जे से बैग के अन्दर में रखे 39 नग Codin Wincere& Cough Syrup बरामद किया गया जिसमे प्रत्येक सीसी में 100ml कीमती 180/- जुमला 3900ML तथा 7020/- तथा मोटर सायकल कीमती 40000/ रूपये कुल कीमती 47020/- तथा आरोपी सोम कुमार सहिस पिता यशवंत सहिस निवासी भैसा बजार चांपा के कब्जे से 23 नग कोडिन Wince Re& Cough Syrup प्रत्येक में 100ML भरी हुई एवं प्रत्येक की कीमती 180/- रूपये जुमला 2300ML कीमती 4140/- रुपये बरामद हुआ बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 08.06.24 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना चांपा स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

# स्पीड बाइकर्स और ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों की सघन जांच के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

**वाहन चेकिंग दौरान शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गये 14 वाहन चालक समेत 34 वाहन चालकों पर की गई मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई**

■ मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई में पुलिस ने 18 वाहनों का काटा 65,000 का चालान

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने अभियान स्तर पर पुलिस की जांच कार्यवाही जारी है।
पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत माल वाहक वाहनों पर सवारी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई जारी है, इसी कड़ी में कल स्पीड बाइकर्स और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर कार्रवाई किया गया। शहर में नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला तथा ट्रैफिक डीएसपी रमेश चन्द्रा थानों व यातायात पुलिस के साथ देर शाम तक अलग-अलग स्थानों पर वाहन चेकिंग किया गया। कार्रवाई दौरान पुलिस की जांच में 34 दुपहिया भारी वाहन के चालक रडार में आये, जिनमें 14 व्यक्ति ब्रीथ एनालाइजर के परीक्षण पर शराब सेवन किये पाये गए जिनके विरूद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार किया गया है तथा 18 अन्य वाहन चालकों पर एमवी एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई कर 65,000 का समन शुल्क की वसूली की गई है। पुलिस की वाहन जांच कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी। विदित हो कि संशोधित मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार शराब पीकर गाड़ी चलाने पर जुर्माना दो हजार रुपये से बढ़ाकर दस हजार रुपये कर दिया गया है।

# जिले में 129 हाथी अलग-अलग दलों में कर रहे विचरण, कई गांव में दहशत का माहौल, वन विभाग निगरानी में जुटा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के जंगलों में इन दिनों सौ से अधिक हाथियों का दल अलग-अलग विचरण कर रहा है जिससे हाथी प्रभावित गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। इसी बीच रविवार की शाम तालाब में नहाते हुए हाथियों का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है।
इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ एवं रायगढ़ वन मंडल में इन दिनों 129 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल में जहां 77 हाथी हैं तो वहीं रायगढ़ वन मंडल में 52 हाथी विचरण कर रहे हैं। इसमें सर्वाधिक हाथी धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों धरमजयगढ़ ओंगना में 27 हाथी, धरमजयगढ़ के ही नागदरहा में 24 हाथी, कापू में 11 हाथी के अलावा अलग-अलग रेंज में हाथियों की मौजूदगी है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल के राबो तमनार के राबो बीट में 38 हाथी, घरघोड़ा के डेहरीडीह में 14 हाथी के अलावा जिले के अलग-अलग जगलों में हाथियों की मौजदूगी है।
**कई गांव में दहशत का माहौल-** रायगढ़ जिले में सौ से अधिक हाथियों की मौजदूगी को देखते हुए हाथी प्रभावित क्षेत्रों गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। एक साथ हाथियों की इतनी अधिक संख्या हाथी प्रभावित क्षेत्र के लिये चिंता का विषय बना हुआ है।
**तालाब में मस्ती करते दिखे गजराज-** एक तरफ जहां रायगढ़ जिले में सौ से अधिक हाथियों की मौजूदगी को लेकर हाथी प्रभावित क्षेत्र के गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है वहीं दूसरी ओर रविवार की शाम घरघोडा रेंज माझीडीपा तालाब में हाथियों का दल स्नान करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। जिसके बाद से वन विभाग की टीम इस पर निगरानी रखते हुए आसपास के ग्राम बेहरामुडा, ऐडूकला के ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की गई है ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार की अनहोनी घटना घटित न हो।
**गजराजों ने एक रात में 8 जगह पहुंचाया नुकसान-** रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले गजराजों ने एक ही रात में 8 जगह नुकसान पहुंचाने जाने की जानकारी सामने आई है। इसमें धरमजयगढ़ के ओंगना में 3 किसानों की झोपडी व फसल व झोपड़ी को नुकसान, नागदरहा में 2 किसानों की फसलों को नुकसान, छाल रेंज के लामीखार में आम पेड व पाईप की नुकसान के अलावा रायगढ़ वन मंडल के राबो बीट में 2 बोरवेल पाइप को नुकसान पहुंचाने की जानकारी सामने आई है।
**गांव-गांव में मुनादी-** रायगढ़ जिले में जंगलों में इन दिनों जहां 129 हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा हाथी प्रभावित गांवों में लगातार पहुंचकर लोगों को हाथी से सावधानी बरतने की अपील करने के अलावा मुनादी कराई जा रही है ताकि उनके क्षेत्र में हाथी की हमले से किसी प्रकार की जनहानी की घटना घटित न हो।
**ड्रोन कैमरे से रखी जा रही नजर-** रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों के बड़े दल पर वन विभाग एवं हाथी मित्र दल के द्वारा लगातार हाथियों के हर मूवमेंट पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही है ताकि क्षेत्र के लोगों को हाथी के हर मूवमेंट के बारे में समय से पहले आगह करते हुए उन्हें सचेत किया जा सके।

# केलो जल सत्याग्रह को अधिवक्ताओं का मिला समर्थन




पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

केलो अर्थात रायगढ़ जिले के जन-जन के लिए पूजनीय और इसके प्रवाहित जल से हर घर - घर में नमामी मां के लोग किसी भावना यद्यपि यही है की मां केलो से हमारा अपनापन है। केलो जल सत्याग्रह कार्यक्रम के प्रयासों की शुरुआत और इसको मिलने वाले जन समर्थन में विधि के वक्ताओं मतलब अधिवक्ताओं ने तहेदिल से इस सत्याग्रह का समर्थन किया इसमें जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा के साथ वरिष्ठ अधिवक्ताओं, युवा अधिवक्ताओं, महिला अधिवक्ताओं के साथ-साथ जिला वार रूम में उपस्थित सभी स्नेहियों ने तहे दिल से हस्ताक्षर करके इस अभियान को सहयोग करने का वादा किया और इसके लिए सत्याग्रह में शामिल होने के लिए भी उपस्थित होगी ऐसा प्रयास करेंगे का कहा। रायगढ़ बचाओ-लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला,मनोज पटनायक,संतोष यादव, संगीता जैन, किरण गुप्ता, सुरेंद्र पटेल और अनिल चीकू ने बताया कि केलो जल सत्याग्रह कार्यक्रम 15 जून को पुराना स्टाप डेम,बाघ तलब के पास सुबह 7 बजे से शाम 8 बजे तक आहुत है जिसमें किलो मैया के सपूतों से आग्रह ही की कचरे से लदी नदी, औद्योगिक अपशिष्ट से जूझती नदी और कोयला खदानों से रिश्ते जहरीले पानी के मिलते रहने से पचधारी स्थित इंटेकवेल भी बंद और खराब होना फिर उसकी 2दिनो तक सफाई होना निश्चित ही गंभीर कारणों को दर्शाता है और इन्हें सभी कारणों के तहत केलो जल सत्याग्रह का प्रयास आहूत किया जा रहा है इसीलिए आप सभी प्रयास करके इस कार्यक्रम में शामिल हो पर हम सभी के प्रयास से केलो मैया सुरक्षित,संरक्षित और स्वच्छ हो सकेगी।

**चार चार चैंन माउंटेन मसीन लगाकर बरबसपुर रेत घाट से बडे पैमाने निकाली जा रही रेत जिम्मेदार महिने का पैकेज लेकर खुश**

# कलेक्टर साहब नदी मे चैन माउंटेन लगाकर ठेकेदार निकाल रहा रेत कागज मे मसीन लगाने की नही अनुमति



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर रेत घाट मे ठेकेदार ने चार चार चैन माउंटेन लगाकर धड़ल्ले से रोजाना सैकड़ों हाइवा रेत निकालकर परिवहन कर रहा है जब की किसी भी रेत घाट मे किसी तरह की मसीन लगाकर रेत निकालने की अनुमति नही है पर बरबसपुर रेत घाट मे जिम्मेदार खनिज विभाग के अधिकारियों के संरक्षण मे ठेकेदार चार चार चैन माउंटेन लगाकर हसदेव नदी की अस्तित्व मिटाने में ठेकेदार कोई कसर नही छोड रहा है केव की ठेकेदार जिम्मेदार अधिकारीयों को हर महीने मैनेज करते आ रहा है इस वजह से जिम्मेदार अधिकारी भी ठेकेदार को पुरा संरक्षण दे रहे है और बरबसपुर हसदेव नदी मे चैन माउंटेन लगाकर रेत निकालने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उसे खुली छूट दे रहे हैं। ग्राम पंचायत बरबसपुर के रेत घाट को बंद करने के लिए ग्रामीण भी जिम्मेदार अधिकारी को अवगत करा चुके है पर जिम्मेदार अधिकारी है की अपने अड़ियल रवैया पर बरकरार बने हुए हैं जिसे लेकर ग्रामीणों मे भी काफी आक्रोश पनप रहा है?

> रास्ता बनाने के लिये ठेकेदार बोला था अगर मसीन से रेत निकाल रहा है तो गलत है इसकी जांच की जायेगी।
> **हेमंत चेरपा**
> **जिला खनिज अधिकारी जांजगीर चांपा**

## ठेकेदार को बरबसपुर रेत घाट से निकालने की अनुमति क्या मिली बना दिया घाट को खोदापुर

ग्राम पंचायत बरबसपुर रेत घाट मे खनिज नियम को ढेंगा दिखाते हुए ठेकेदार घाट से रेत निकाल रहा है यहां चार चार चैन माउंटेन लगाकर हसदेव को छल्ली करने मे ठेकेदार कोई कसर नही छोड रहा है ठेकेदार को तीन फिट तक रेत निकालने की अनुमति मिली है वह भी केवल फावड़ा से रेत निकालना है पर यहां तो ठेकेदार चार चार चैन माउंटेन मसीन लगाकर बीस बीस फिट तक गहरी खाई बना कर हसदेव नही से रेत निकाल रहा है और जिम्मेदार खनिज विभाग अपने एयर कंडीशनर कमरे में हसदेव को छल्ली छल्ली होते देख रहे है।

## शासन का खनिज नियम केवल कागज तक सीमित धरातल मे चौबीस घंटे छल्ली हो रही हसदेव

हसदेव नदी से चौबीस घंटे चार चार चैंनमाऊटेन मसीन लगाकर रेत निकाली जा रही है जब की शासन का सख्त आदेश है कि साम 6 बजे के बाद नदी से रेत का उत्खनन नही करना है पर यहां तो बरबसपुर रेत घाट से रात दिन रेत निकाली जा रही है और इस अवैध उत्खनन में खनिज विभाग ठेकेदार का पुरा सहयोग कर अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे है बताया जा रहा है की जिन व्यक्ति यों ने बरबसपुर रेत घाट को पेटी ठेका मे लिया है वह एक राजनैतिक पार्टी से जुड़े हुए हैं जिसके चलते खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उनके इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने के बजाए उनके इस अवैध काम मे पुरा सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# सक्ती थाने के नए दरोगा बृजेश तिवारी, जिले के 07 पुलिस थानों के प्रभारी बदले गए

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा ने 10 जून 2024 को एक बड़ा फेरबदल करते हुए शक्ति जिले के सात थाना क्षेत्र के प्रभारीयो में फेरबदल कर दिया तथा शक्ति थाना के नए टीआई बृजेश तिवारी, होंगे वहीं वर्तमान टीआई विवेक शर्मा को आरक्षी केंद्र शक्ति में स्थानांतरित किया गया है, वहीं प्रवीण सिंह राजपूत निरीक्षक रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी बाराद्वार होंगे, राजेश पटेल निरीक्षक आरक्षि केंद्र से थाना प्रभारी मालखरौदा, राजेश चंद्रवंशी थाना प्रभारी मालखरौदा को थाना प्रभारी नगरदा, अमित सिंह थाना प्रभारी नगरदा को साइबर सेल प्रभारी रक्षित केंद्र, गगन वाजपेई थाना प्रभारी बाराद्वार को रक्षित केंद्र जीविशा मैं पदस्थ किया गया है,ज्ञात हो कि चुनाव की आचार संहिता खत्म होते ही शक्ति जिले की पुलिस अधीक्षक ने बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं, तथा जिला पुलिस अधीक्षक का मानना है की शक्ति जिले में पुलिस के कार्यों में कसावट लाने के लिए ऐसे तबादले किए गए हैं, तथा शक्ति पुलिस थाने का नया पदभार संभालने वाले नगर निरीक्षक बृजेश तिवारी पूर्व में धमतरी कोतवाली प्रभारी रह चुके हैं।

# इंडस टॉवर्स ने एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ सूरजपुर, छत्तीसगढ़ में 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन' लॉन्च की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





दुनिया की सबसे बड़ी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक, इंडस टॉवर्स ने अपने क्रियान्वयन पार्टनर, एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से छत्तीसगढ़ में सूरजपुर और कोरबा जिलों के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों के लिए अपनी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन (डीटीवी) लॉन्च की है। कंपनी के सीएसआर प्रोग्राम 'सक्षम' के अंतर्गत लॉन्च की गई यह 21 सीट की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन सौर ऊर्जा से चलती है और इसमें इंटरनेट, अत्याधुनिक कंप्यूटर, प्रिंटर, सॉफ्टवेयर एवं ई-लर्निंग टूल्स की सुविधा है। इसमें बेसिक आईटी शिक्षा, साईबर सिक्योरिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, और वित्तीय साक्षरता में सर्टिफिकेट के साथ डोरस्टेप डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए लाईव मॉनिटरिंग की सुविधाएं भी हैं। इस वैन का उपयोग अनुकूलित जन-जागरुकता और जन-साक्षरता सत्रों के लिए भी किया जाएगा। ये सभी सत्र एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रशिक्षकों द्वारा लिए जाएंगे, जिनमें समुदाय के निवेदन पर अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। इस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन का उद्घाटन सूरजपुर जिला पुस्तकालय मेंश्री रोहित व्यास, आईएएस, कलेक्टर सूरजपुर (छ.ग) द्वारा किया गया। इस डीटीवी को अगले छः महीनों में पंपापुर, कोट, पटना, सागरपुर, रामपुर, सेंदरी, और जगन्नाथपुर जैसे विभिन्न स्थानों पर पहुँचाकर रणनीतिक परिवर्तन लाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के निवासियों का डिजिटल कौशल बढ़ाने का यह अभियान भारत सरकार के डिजिटल साक्षरता मिशन का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष बैच होंगे, और सरकारी शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों, गली में सामान बेचने वालों, बच्चों, और पर्यावरण के संरक्षण एवं कचरा प्रबंधन के लिए काम करने वाले संस्थानों को अपने सशक्तिकरण एवं कौशल विकास के लिए एक सहयोगपूर्ण वातावरण मिल सकेगा।

**इंडस टॉवर्स के मिशनवाक्य** - ''वी ट्रांसफॉर्म लाईव्स सस्टेनेबल डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज़'' (हम सस्टेनेबल डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और सेवाओं द्वारा जीवन में परिवर्तन लाते हैं) के अनुरूप यह मोबाईल डिजिटल क्लासरूम हर उम्र एवं पृष्ठभूमि के व्यक्ति को बहुमूल्य और मांग में रहने वाले कौशल प्रदान करता है, जिनमें डिजिटल साक्षरता, बेसिक आईटी शिक्षा, और साईबर सुरक्षा शामिल हैं। रोहित व्यास, आईएएस, कलेक्टर सूरजपुर (छ.ग) ने कहा, मैं सुरजपुर और कोरबा जिलों में इस पहल के लिए इंडस टावर्स और एनआईआईटी फाउंडेशन को हार्दिक बधाई देता हूँ। यह कार्यक्रम केंद्रीय सरकार की पहल पीएमजीदिशा के अनुरूप है और डिजिटल विभाजन को पाटने का लक्ष्य रखता है, जिससे नागरिकों को डिजिटल कौशल प्रदान किया जा सके और डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जा सके। डीटीवी प्रोग्राम के बारे में आशीष मित्रा, सर्किल सीईओ, एमपीसीजी, इंडस टॉवर्स ने कहा, ''इंडस टॉवर्स में हम सामाजिक-आर्थिक प्रगति लाने के लिए टेक्नोलॉजी की परिवर्तनकारी शक्ति में भरोसा करते हैं। हमारे डीटीवी प्रोग्राम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में जनसमूह तक डिजिटल शिक्षा पहुँचाना और वंचित समुदायों को सशक्त बनाना है। युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक समूहों पर केंद्रित अनुकूलित कोर्स व संसाधन प्रदान करके हम डिजिटल डिवाईड को कम कर रहे हैं। यह अभियान राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन (एनडीएलएम) का हिस्सा है।

# छत्तीसगढ़ इंटरवेंशन काउंसिल की कार्यशाला का सफल आयोजन सम्पन्न, नयी कार्यकारणी ने ली शपथ




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के छत्तीसगढ़ चैप्टर की नयी कार्यकारणी ने 8 और 9 जून को आयोजित छत्तीसगढ़ इंटरवेंशन कौंसिल में अपना पदभार सम्भाला । डॉ एस एस मोहंती ने प्रेसिडेंट और डॉ निखिल मोतीरमानी ने सेक्रेटरी ऑफ़ एसोसिएशन की शपथ ली। छत्तीसगढ़ इंटरवैनशन कांऊसिल की दो दिन की कार्यशाला में दूसरे दिन भारत के कई प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट शामिल हुए। होटल मैरियट रायपुर में आयोजित हुई इस कार्यशाला में सभी प्रदेश के डॉक्टर को नयी तकनीकों के बड़ी में जानकारी मिली। दिल्ली भोपाल से आये प्रसिद्ध डॉक्टर छत्तीसगढ़ प्रदेश में हृदय रोग में चल रहे उपचार और आधुनिक तकनीक का इस्तमाल देख काफ़ी खुश हुए। इसमें दिल्ली से डॉ मोहन भार्गव, भोपाल से डॉ आर के सिंह और डॉ मनोरिया, नागपुर से डॉ देशपांडे और डॉ पठान ने अपनी प्रस्तुति पेश की। इस कार्यशाला का आयोजन डॉ जावेद अली ख़ान और डॉ स्मित श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रदेश से डॉ सूर्यवंशी, डॉ सामल, डॉ रत्नानी, डॉ बख्शी, डॉ स्नेहिल , डॉ मनोज और बाक़ी सभी डॉक्टर्स शामिल हुए। प्रदेश से क़रीब 100 डॉक्टर्स ने शिरकत कर अपने तकनीकों और आधुनिक हृदय रोग इलाज की जानकारिया साझा की। नयी तकनीकों के उपयोग से यह फायदे हमारी छत्तीसगढ़ की जानता यही पे हर तरह के जटिल इलाज का लाभ उठा सकती है ।

# सुधांशु झा ने बढ़ाया कोलंबिया ग्लोबल स्कूल का गौरव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के लिए एक और गौरव का क्षण आया। स्कूल के सुधांशु झा ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होकर एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। सुधांशु झा ने अपने कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट शैक्षिक कौशल से यह सफलता प्राप्त की है।

जेईई एडवांस्ड परीक्षा, जो भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए एक महत्वपूर्ण मानदंड है, में उत्तीर्ण होना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस वर्ष की परीक्षा में सुधांशु झा ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए पी डब्ल्यू डी केटेगरी में 25 वां रैंक प्राप्त किया

कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा और प्राचार्य आइवन स्मिथ ने कहा, हमें सुधांशु झा पर अत्यधिक गर्व है। उनकी इस उपलब्धि ने हमारी संस्था का नाम रोशन किया है और यह उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। सुधांशु झा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार और दोस्तों को दिया है जिन्होंने हमेशा उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा, ÷यह सफलता केवल मेरी नहीं है, यह मेरे परिवार, शिक्षकों और दोस्तों के निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं उनके बिना यह सब कुछ हासिल नहीं कर सकता था। संपूर्ण कोलंबिया परिवार सुधांशु झा को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता है और उनके भविष्य के सभी प्रयासों में सफलता की कामना करता है।

# प्रीमियम टीवी सीरीज़ लॉन्च की, कीमत 65,990 रुपये से शुरू




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

2024 QLED 4K टीवी सीरीज़ अब क्वांटम डॉट और क्वांटम HDR तकनीक के साथ आती है, जिससे उपभोक्ता असली रंगों का आनंद ले सकेंगे। इस मॉडल में 4च अपस्केलिंग तकनीक है जो कंटेंट को लगभग असली 4K क्वालिटी में बदल देती है, जिससे यूजर्स को प्रीमियम मनोरंजन का अनुभव मिलता है। गुरुग्राम 10 जून, 2024 -भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारत में 65990 रुपये की शुरुआती कीमत पर 2024 क्यूएलईडी 4K टीवी सीरीज लॉन्च की है। 2024 क्यूएलईडी 4K टीवी लाइन-अप ढेर सारे प्रीमियम फीचर्स के साथ आता है। 2024 क्यूएलईडी 4K टीवी तीन साइज 55 इंच, 65 इंच और 75 इंच में आएगा। यह आज से Samsung.com ¥1 U Amazon.in सहित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

# कैस्ट्रॉल ने भारत में एज उत्पादों की नई रेंज लॉन्च की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड ने कैस्ट्रॉल एज लाइन के तहत उत्पादों की एक नई रेंज लॉन्च की है। ऑन-डिमांड परफॉर्मेंस के लिए डिज़ाइन किए गए इस प्रीमियम और एडवांस इंजन ऑयल में अब पैसेंजर कार सेगमेंट के लिए तीन नए वैरिएंट मिलेंगे। ये नए वैरिएंट ऑटोमोटिव उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करेंगे। इस लॉन्च का प्रचार एक प्रभावशाली टेलीविजन कमर्शियल कैंपेन द्वारा किया जा रहा है, जिसका शीर्षक 'स्टे अहेड' है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार और ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान शामिल हैं। इस टीवी विज्ञापन का भव्य प्रीमियर 9 जून 2024 को बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान T20 मैच के दौरान हुआ, जिसमें शाहरुख खान को एक नए और रोमांचक अवतार में दिखाया गया है। इसमें कैस्ट्रॉल एज का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया गया है। यह विज्ञापन बहुत चतुराई से आज की पैपराजी संस्कृति पर आधारित है। इसमें मशहूर हस्तियों को शटरबग्स से 'आगे रहने' के लिए नए-नए तरीके खोजते हुए दिखाया गया है। इस टीवी विज्ञापन का मुख्य संदेश यह है कि कैस्ट्रॉल एज में जरूरत के मुताबिक इंजन के प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) को बढ़ाने की क्षमता है, जिससे ड्राइवर किसी भी स्थिति और इलाके में इसके बेहतरीन प्रदर्शन पर भरोसा कर सकते हैं। इस टीवी विज्ञापन की शुरुआत शाहरुख खान से होती है, जो अपनी खड़ी कार के पास कैस्ट्रॉल एज का पैकेट हाथ में लेकर मजेदार डांस मूव्स दिखा रहे हैं। जल्दी ही, बाइक पर सवार पैपराजी, जो उनका पीछा करते-करते थक चुके हैं, शाहरुख को देखकर आश्चर्यचकित होते हुए उनके पास आते हैं। फिर फ्रेम फ्लैशबैक में चला जाता है, जहां पैपराजी तेजी से शाहरुख की कार के करीब जाने की कोशिश करते हैं ताकि उनकी तस्वीरें ले सकें। लेकिन हर बार शाहरुख तेजी से दूर चले जाते हैं, जिससे पैपराजी को उनकी केवल धुंधली तस्वीरें ही मिल पाती हैं। हास्यास्पद अंदाज में बनाई गई इस फिल्म में उन अनूठे तरीकों को दिखाया गया है, जिनसे शाहरुख जैसे सेलेब्स पैपराजी से दो कदम आगे रहते हैं। हल्के-फुल्के अंदाज में, शाहरुख पैपराजी से 'आगे रहने' का अपना रहस्य बताते हैं।

# खेल क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पुरस्कारों एवं डाइट मनी के लिए आवेदन 30 जून तक आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता हैं। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान सहित मुख्यमंत्री ट्राफी एवं खेलवृत्ति डाइट मनी प्रदान करने के लिए खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना व्यक्तिगत विवरण लेख करते हुए 30 जून 2024 तक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ या जिला कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण गरियाबंद में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं। यह पुरस्कार वर्ष 2021- 22 एवं 2022-23 के लिए दिया जायेगा। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षो के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप मय विज्ञापन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद ने बताया कि राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को ''शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार'' से अलंकृत किया जाएगा, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को ''शहीद कौशल यादव पुरस्कार'' से अलंकृत किया जाता है। जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 05 वर्षा में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चैम्पियनशीप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला/पुरूष खिलाड़ियों को ''शहीद पंकज विक्रम सम्मान'' से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों/निर्णायकों को ''वीर हनुमान सिंह पुरस्कार'' से अलंकृत किया जायेगा। खेल से जुड़े 55 वर्ष से अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किये जाने हेतु विचार किया जाए उन्हें ''शहीद विनोद चौबे सम्मान'' से अलंकृतत किया जावेगा। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को ''मुख्यमंत्री ट्राफी'' प्रदान की जाती है। पुरस्कारों के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किए गए है, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री निःशुल्क डायलिसिस योजना अंतर्गत एस्काग संजीवनी द्वारा डायलिसिस यूनिट का संचालन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रधानमंत्री निःशुल्क डायलिसिस योजना के अंतर्गत मात्र 02 डायलिसिस मशीने थी, इस निःशुल्क डायलिसिस योजना के अंतर्गत एस्काग संजीवनी द्वारा डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में सिर्फ 50-55 डायलिसिस हो पाता था। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू से मिली जानकारी अनुसार निःशुल्क डायलिसस प्रोगाम के अंतर्गत फेयर फैक्स ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 में जिला चिकित्सालय दुर्ग को 05 मशीने प्राप्त हुई है। जिसमें वर्तमान में 350-400 डायलिसिस प्रति माह हो रहे है। जिला चिकित्सालय द्वारा आयरन सुक्रोस जिसकी कीमत 350-400 रूपये है, जिसे रोगियों को निःशुल्क प्रदाय किया जाता है। जिसे समय-समय पर शासन द्वारा प्राप्त होने पर इंजेक्शन एरिथ्रोपोइटिन भी रोगियों को निःशुल्क दिया जाता है। जिसकी बाजार में कीमत 1800-2000 रूपये है। वर्तमान में किडनी के गंभीर मरीजों को डायलिसस नोडल ऑफिसर डॉ. देवेन्द्र साहू द्वारा सेंट्रल लाइन लगाया जा रहा है, जिससे रोगियों को बाहर नहीं जाना पड़ता है। यहां हेपेटाइटीस-सी के रोगियों को शासन स्तर से प्राप्त मेडिसिन भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका बाजार मूल्य 10-15 हजार रूपये है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रतिमाह लाभांवित मरीजों की संख्या 38-40 एवं प्रतिमाह डायलिसिस 350-400 होता है।

# कलेक्टर ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी का भ्रमण, कलेक्टर ने परिसर में किया पौधरोपण



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संस्थान में संचालित डेयरी, बकरी पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, बीज प्रसंस्करण इकाई एवं जायद 2024 में बीजोत्पादन कार्यक्रम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत गार्डन कीपर विषय पर चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षाणार्थियों से चर्चा की। उन्होंने धान के अलावा अन्य दलहनी व तिलहनी फसलों को लगाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने संस्थान परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा, मती अंजली घृतलहरे, आशीष गौरव शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# एलिजाबेथ सैमुएल का निधन

एलिजाबेथ सैमुएल, सेवानिवृत्त शिक्षिका (94 वर्ष) पति स्व. के.सी. सैमुएल का



शनिवार 8 जून को केरल स्थित अपने गृह ग्राम में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जून प्रातः 11.30 बजे केरल में किया जाएगा। वे एलसी साकरिया, मोहन सैमुएल (रिटा. डी.जी.एम. सेंट्रल बैंक), जैसी, नैंसी और फिलिप (विज्जू) की माता जी थीं। संपर्क सूत्र :- मोहन सैमुएल, मो. 7024115001


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

// फार्म-अ //
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिभुवन सोनबोईर आ. श्री खेमलाल सोनबाईर, जाति तेली, आयु 28 वर्ष, साकिन वार्ड नंबर 07 बाजार चौक गुरूर, थाना व तह. गुरूर जिला बालोद एवं आवेदिका कुमिता आ. श्री रोहित साहू, जाति तेली, उम्र 27 वर्ष, निवासी गौरा चौक वार्ड नंबर 08 ग्राम व पो. धनेलीकन्हार थाना कोरर तह. व जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 25/06/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
आगामी तिथि - 25/06/2024

मुहर

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

// ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //
(प्रथम आमंत्रण)

दिनांक 07/06/2024

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 27.06.2024 है।

| एन.आई.टी.क्र./ निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| NIT NO. 259 Tender No. 154659 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग महासमुन्द क्रमांक-1 महासमुन्द अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | रू. 30.00 लाख |
| NIT NO. 260 Tender No. 154660 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग महासमुन्द क्रमांक-1 महासमुन्द अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | रू. 30.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसिटी उलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-242500150/4

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**
**जोन क्रमांक-1, संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी**
E-mail :- rmczone1@gmail.com

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र. 03/न.पा.नि./जोन क्र. 1/2024
रायपुर दिनांक 10/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें एस.ओ.आर दर के आधार पर दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 01/07/2024 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 01 में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 24/06/2024 शाम 4:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा करने उपरांत दिनांक 25/06/2024 को निविदा प्रपत्र जारी किये जायेगें। प्राप्त निविदायें दिनांक 02/07/2024 को दोपहर 12.00 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

प्रथम आमंत्रण सूचना

| क्र. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित व्यय (लाख में) | अमानती राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र | समयावधि | एस.ओ.आर. / अन्य पंजीयन | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड क्र. 15 अंतर्गत शिवानंद नगर आकाश गैस गोदाम क्षेत्र में पंचमुखी हनुमान मंदिर से नहरीपट्टी तक नाली निर्माण कार्य। | विकास शुल्क | 5.33 | 8000.00 | 750.00 | A | 03 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 2 | नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड क्र. 15 अंतर्गत डी.डी. नगर गली नंबर 05 में रोड निर्माण कार्य। | विकास शुल्क | 3.34 | 5000.00 | 750.00 | A | 03 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 3 | जोन कार्यालय अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग में आवश्यक मरम्मत/संधारण कार्य। | संधारण मद | 2.00 | 3000.00 | 300.00 | A | 02 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 4 | जोन क्र. 01 स्थित उद्यानों के क्षतिग्रस्त झुला, जिम इत्यादि मरम्मत/संधारण कार्य। | संधारण मद | 3.00 | 4500.00 | 750.00 | B | 03 माह | NON SOR | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 5 | जोन कार्यालय में कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता कक्ष हेतु पार्टीशन शौचालय मरम्मत कार्य, पेंटिंग तथा अन्य आवश्यक कार्य। | संधारण मद | 1.00 | 3000.00 | 300.00 | A | 02 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 6 | वार्ड क्र. 15, 17 व 18 में 450 व 300 डाया पाईप में वाल्व लगाने व इंटरकनेक्शन कार्य। | सामान्य मद | 7.72 | 7800.00 | 750.00 | A | 03 माह | PHE SOR 2020 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 7 | बम्लेश्वरी नगर में उद्यान निर्माण कार्य। | अधोसंरचना मद | 10.00 | 1000.00 | 750.00 | A | 04 माह | PWD Building SOR 01.01.2015 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 8 | बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रं. 18 अंतर्गत अंबेडकर चौक के पास उड़ीया बस्ती में पाईप लाईन विस्तार कार्य | संधारण मद | 1.80 | 3000.00 | 300.00 | A | 03 माह | PHE SOR 2020 & Ammendments | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |

# नगर पंचायत में सत्तापक्ष की पार्षद का धरना प्रदर्शन

## वार्ड की अनदेखी का आरोप, ठेका निरस्त की कार्रवाई, डोंगरगांव नगर के कांग्रेसी खेमे में राजनैतिक हड़कंप





पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत के आरक्षित वार्ड 10 की महिला पार्षद सोमवार को वार्डवासियों के साथ निकाय कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गई। निकाय में सत्तापक्ष की महिला पार्षद ने नगर पंचायत पर वार्ड की अनदेखी व मूलभूत सुविधाओं में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए वार्ड में टेंडर हो चुके कार्यों का ठेका निरस्त करने की मांग की। सीएमओ के आश्वासन उपरांत धरना समाप्त हुआ। निकाय में धरना प्रदर्शन दरम्यान महिला पार्षद श्रीमती वैशाली विरेन्द्र बोरकर ने मीडिया को बताया कि वार्ड 10 में मूलभूत सुविधाओं को लेकर भेदभाव किया जा रहा है। मेनरोड से सिनेमा लाइन मोहल्ले में सीसी रोड व आरसीसी नाली निर्माण के कार्य अधूरे छोड़ दिये गए हैं, यद्यपि बाकी कार्य के टेंडर उपरांत भी कार्य नही किये जा रहे हैं, जिसे लेकर इंजीनियर को अनेक बार कार्य पूर्ण करने कहा गया, लेकिन इंजीनियर सारथी द्वारा लगातार कोताही बरतते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस तक जारी नही किया जा सका है। इसके अलावा आंगनबाड़ी समीप बाल उद्यान भी अधूरा है। तो वहीं वार्ड में पेयजल व्यवस्था हेतु सार्वजनिक नल की दरकार है। पार्षद के मुताबिक इस बारे में शीर्षस्थ जनप्रतिनिधियों को भी अवगत करा चुके थे। उन्होंने धरना प्रदर्शन के संबन्ध में पुर्व से ही कांग्रेस संगठन को अवगत करा दिया है।

### धरने में बैठे वंचित वार्डवासी

पार्षद के साथ धरना में वार्ड के दर्जनभर महिला व पुरुष भी बैठे थे। अपने बच्चों के साथ बैठी एक गरीब महिला ने बताया कि बे 4 वर्षों से पीएम आवास हेतु फार्म जमा किये हैं, अब चक्क र लगाकर तक गई हैं। रामाधीन ने बताया कि उनके पास रुपयों की कमी है, उनकी बात कोई नही सुन रहा है, वे आवास के लिए 4 वर्षों से भटक रहा है। कुछ महिलाओं ने टैंकर नही पहुंचने की शिकायत की।

### इंजीनियर पर भड़के कांग्रेसी नेतागण

धरना प्रदर्शन दरम्यान पार्षद ने इंजीनियर के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। तो धरना खत्म होने के उपरांत सीएमओ के चेम्बर में पूर्व नपंउपाध्यक्ष विरेन्द्र बोरकर ने नियमावली के साथ अभियंता सारथी को उधेड़ कर रख दिया। इस मौके पर समर्थन देने महिला कांग्रेस नेत्री व पूर्व नपंअध्यक्ष संध्या साहू, डॉ नरेंद्र साहू, पार्षदगण दीपक देवांगन व प्रियंक जैन, गोल्डी शामिल थे।

> एक सप्ताह में समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। लंबित कार्यों के टेंडर निरस्त की कार्रवाई कर रहे हैं।
>
> -दादू सिंह पॉल, सीएमओ

# आदेशों की अवहेलना कर हिन्दी माध्यम स्कूलों को किया बंद

## पैरेंट्स एसोसियेशन जाएगा न्यायालय

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की आड़ में हिन्दी माध्यम स्कूलों को बंद कर दिया गया, अब यह मामला तूल पकड़ने लगा है।

राज्य शासन ने स्पष्ट आदेश दिया था कि जहां जहां अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंभ किया जा रहा है, वहां पूर्व से संचालित हिन्दी माध्यम स्कूलों को किसी भी परिस्थिति में बंद नही किया जाएंगा और अब उच्च न्यायालय ने भी हिन्दी माध्यम स्कूलों को आरंभ करने का आदेश दे दिया है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन द्वारा इस मामले को लेकर बीत दो वर्षो से लगातार मांग किया जा रहा है कि गंजपारा अंग्रेजी माध्यम स्कूल और म्युनिसिपल स्कूल में प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल आरंभ किया जाए, क्योंकि इन दोनों स्थानों में जब अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंभ किया गया तो यहां पूर्व में संचालित हिन्दी माध्यम स्कूल को बंद कर दिया गया।

पॉल का कहना है कि आदेशों की अवहेलना कर तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी ने हिन्दी माध्यम स्कूलों को एक षड़यंत्र के तहत बंद किया। ताकि शहर में संचालित प्रायवेट हिन्दी माध्यम स्कूलों को इसका लाभ मिल सके।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि, वर्तमान में पदस्थ प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को इन दोनों स्थानों में प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल आरंभ करने की मांग की गई थी, लेकिन उन्होने भी कोई रूचि नही दिखाई। इसलिए अब अंतिम बार कलेक्टर से इन दोनों स्थानों में प्राथमिक हिन्दी माध्यम स्कूल आरंभ करने निवेदन किया गया, क्योंकि शाला प्रवेश 18 जून को मनाया जाना है। अन्यथा जुलाई माह में न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करेंगे क्योंकि न्यायालय के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन न्यायालय के आदेश की अवज्ञा के समान है।

# कलेक्टर ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी का भ्रमण

- कलेक्टर ने परिसर में किया पौधरोपण



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संस्थान में संचालित डेयरी, बकरी पालन, मछली पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, बीज प्रसंस्करण इकाई एवं जायद 2024 में बीजोत्पादन कार्यक्रम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंर्तगत गार्डन कीपर विषय पर चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की। उन्होंने धान के अलावा अन्य दलहनी व तिलहनी फसलों को लगाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने कहा। इस दौरान कलेक्टर ने संस्थान परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा, श्रीमती अंजली घृतलहरे, आशीष गौरव शुक्ला, जितेन्द्र मेश्राम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज को दुर्दशा की ओर ले जाने कांग्रेस सरकार जिम्मेदार : चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता अशोक चौधरी द्वारा कांग्रेस के प्रवक्ता द्वारा पूर्व एवं वर्तमान सांसद की निष्क्रियता एवं मेडिकल कॉलेज और दिग्विजय स्टेडियम के अपूर्ण रहने की स्थिति में उद्घाटन करने को लेकर उठाए गए सवाल को थोथा चना बाजे घना करार दिया है। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा कि राजनांदगांव की जनता ने पिछले चुनाव में जब कांग्रेस की सरकार बनी उस समय भी डॉक्टर रमन को जीताकर उनके किए गए कार्यों का समर्थन कर दिया था।दिग्विजय स्टेडियम छत्तीसगढ़ के शानदार स्टेडियम में देखा जाता है उसे खंडहर कहकर राजनंदगांव के विकास को झुठलाने का काम कांग्रेस प्रवक्ता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, वास्तव में मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा के लिए और दिग्विजय स्टेडियम की आज की स्थिति के लिए पूर्ववर्ती भूपेश सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। कांग्रेस की सरकार का विकास से कोई लेना-देना नहीं रहा। पूरे प्रदेश में सड़कों की दयनीय स्थिति भूपेश सरकार की देन है। 400 करोड़ के मेडिकल कॉलेज को दुर्दशा की ओर ले जाने की जिम्मेदार कांग्रेस की भूपेश सरकार ही है।जब कांग्रेस की सरकार थी राजनांदगांव के इसी प्रवक्ता एवं राजनांदगांव के कांग्रेसी नेता के मुंह में दही जमा हुआ था। उन्होंने कहा कि, एक बार भी राजनांदगांव के विकास के लिए इनका मुंह नहीं खुला। जब राजनांदगांव से प्रदेश स्तरीय कार्यालय रायपुर और दुर्ग स्थानांतरित किया जा रहा था तब यह नेता सोए हुए थे। यदि मेडिकल कॉलेज और दिग्विजय स्टेडियम में कुछ कमी थी उसको दुरुस्त करने का दायित्व तत्कालीन कांग्रेस सरकार का था। लेकिन राजनांदगांव को खंडहर बना दो यह कहने वाले भ्रष्टाचारी सट्टेबाज भूपेश बघेल को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के जनता ने उनकी गलतियों के लिए भूपेश बघेल सहित स्थानीय कांग्रेसी नेताओं के मुंह पर कालिख पोत दी है। अब कांग्रेस के प्रवक्ता विधवा प्रलाप कर रहे हैं।

# ग्रामीणों ने रोका अवैध उत्खनन, पुलिस के हवाले किया





- पार्रीकला में मुरुम निकाल रहे वाहनों पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के करीब पार्रीकला में अवैध मुरुम उत्खनन के खिलाफ लामबंद ग्रामीणों ने दो हाईवा पुलिस के हवाले कर दी। पुलिस को मिली सूचना पर वाहनों को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया। प्रकरण अब खनिज विभाग के हवाले कर दिया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव की सीमा में सोमवार की सुबह मुरुम उत्खनन का काम शुरु किया गया। इसकी न ही कोई अनुमति थी और न ही पंचायत ने ऐसा कोई प्रस्ताव किया था। इसके बाद गांव में लोग जुटे और खनन रुकवा दिया। कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। कोतवाली प्रभारी ऐमन साहू ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके में वाहनों अवैध मुरूम के साथ जब्त किया गया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को मामले को सौंप दिया गया है। विरोध शुरु होने के बाद मौके पर मौजूद अवैध उत्खनन में लगे चालक, सह-चालक और अन्य सहयोगी मौके से भागने की कोशिश में थे। इससे पहले वाहनों को ग्रामीणों ने अपने कब्जे में रखा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने एक्शन लिया और वाहनों को अपने कब्जे में लिया है। पिछले कुछ दिनों से पार्रीकला गांव में अवैध उत्खनन के मामले सामने आ रहे थे। पुलिस की दखल के बाद खनिज विभाग को कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

# निगम में दुकानें के अनुबंध और किराये जमा करने शिविर

**राजनांदगांव।** निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित निगम स्वामित्व की विधिवत आबंटित दुकानों तथा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों का आबंटन पश्चात अनुबंध नही कराने तथा किराया जमा नहीं करने वालों के लिये प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को निगम के राजस्व कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में दुकानों का अनुबंध एवं किराया जमा कराया जावेगा। उल्लेखनीय है कि निगम सीमाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों में नगर निगम द्वारा दुकानों का निर्माण किया गया है, जिसे विधिवत प्रक्रिया कर नीलामी के माध्यम से उच्चतम बोलीकताओं को आबंटित किया गया है। कुछ दुकानदारों के द्वारा नीलामी उपरांत अनुबंध नहीं कराया गया है, और न ही किराया जमा किया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित दुकाने जिन्हें विधिवत आबंटित किया गया है। उनका भी अनुबंध नहीं हुआ है। जिसे ध्यान में रखकर आबंटितो की सुविधा के लिये निगम के राजस्व कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को शिविर लगाया जावेगा। जिसमें आबंटिति अनुबंध करा किराया जमा कर सकते है।

# मोदी सरकार को बधाई देना छोड़ सत्ता हथियाने का सपना देख रही कांग्रेस : मोरजध्वज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता मोरजध्वज देवांगन ने कहा कि लोकतंत्र में स्वस्थ परंपरा के अनुसार निकटतम प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों को मोदी सरकार को तीसरी बार सत्ता संभालने के लिए बधाई देना चाहिए लेकिन वह एनडीए की जीत को पचा नहीं पा रही है और अपनी हार को हार नहीं मार रही है। उल्टे मध्यावधि चुनाव और उसमें सत्ता हथियाना का सपना देख रही है। कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन को मन के लड्डू खाने की पूरी आजादी है। देवांगन ने आगे कहा कि कांग्रेस जैसा करना है करे लेकिन देश की जनता ने साबित कर दिया हैकि कांग्रेस नीति इंडिया गठबंधन सत्ता संभालने के काबिल नहीं है। इसलिए जनता ने उन्हें विपक्ष पर बिठा दिया है। वह अब अपनी विपक्ष की भूमिका ईमानदारी से निभाएं और हो सके तो देश हित में कोई अच्छी सलाह हो तो उसे केंद्र सरकार के समक्ष रखें। मोरजध्वज देवांगन ने कहा कि संतोष पांडे भाजपा प्रत्याशी के रूप में लगातार दूसरी बार चुनाव जीते हैं तो यह उनके व्यक्तित्व और 17 वी लोकसभा में नरेंद्र मोदी ने नीत भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं और विश्व में भारत की शाख बढ़ने का अच्छा परिणाम है। जनता ने इसी को देखकर वोट किया है। पांडे को बधाई देते हुए मोरजध्वज देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनी सरकार भी 5 साल चलेगी। इस तरह मोदी सरकार 15 साल का लंबा सफर पूरा कर विकसित भारत का संकल्प पूरा करेगी।

## अपराध की जांच में मिलेगी तकनीकी मदद

# गुंडा-बदमाश और संदेहियों के फिंगर प्रिंट डेटा सर्वर में अपलोड

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



फिंगरप्रिंट सर्च स्लिप नफीस प्रणाली में 1622 आरोपियों सहित गुंडा-बदमाश एवं संदेहियों के फिंगरप्रिंट अपलोड किए गए। फिंगरप्रिंट के माध्यम से आरोपियों को पकडऩे में सहयोग मिलेगा। 01 जनवरी 2024 से 7 जून 2024 तक 1622 आरोपियों एवं संदिग्धों का फिंगरप्रिंट ऑनलाइन डाटाबेस तैयार कर एनसीआरबी सर्वर में संग्रहण किया गया। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत आपराधिक तत्वों को तस्दीक कर फिंगरप्रिंट ली गई। गिरफ्तार संदेहियों एवं निगरानी बदमाशों के दोनों हाथों की आदर्श अंगुली चिन्हपर्णी का फिंगरप्रिंट लिया गया। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। ऑनलाइन फिंगरप्रिंट मिलान कर त्वरित आरोपी के बारे में जानकारी मिलेगी। फिंगरप्रिंट मिलान कर साक्ष्य के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाया जाएगा। जिले के समस्त थाना व चौकी के लगभग 257 अधिकारी-कर्मचारियों को फिंगरप्रिंट ऑनलाइन डाटाबेस तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन पर एएसपी ऑप्स मुकेश ठाकुर, एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में डीसीआरबी शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नफीस प्रणाली के माध्यम से जिले के समस्त थाना व चौकी में गिरफ्तार आरोपियों सहित गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेहियों पर विशेष अभियान चलाकर चेक कर उनकी दैनिक गतिविधि की जानकारी लेकर उनके फिंगरप्रिंट लेने निर्देशित किया गया। 01 जनवरी से 7 जून तक जिलेभर में अभियान चलाकर कुल 1622 लोगों के दोनों हाथों की आदर्श अंगुली चिन्हपर्णी लेकर फिंगरप्रिंट ऑनलाइन डाटाबेस तैयार कर एनसीआरबी सर्वर में संग्रहण किया गया है। इस योजना से विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों एवं संदेहियों की पहचान आसानी से की जा सकती है। नफीस (राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली) का महत्व एवं उपयोग के संबंध में जिले के समस्त थाना व चौकी के अधिकारी व कर्मचारी को पूर्व में एक दिवसीय कार्यालय का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया था। जिसमें फिंगरप्रिंट के संबंध में विस्तार व तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया गया था। यह अपराध विवेचना एवं आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी में अत्यंत लाभदायक है। साथ ही साक्ष्य के रूप में अपराधियों को सजा दिलाने में भी इसकी अहम भूमिका होगी।

# कब्जा धारियों से खाली करवाया शासकीय आवास



- औंधी में हुई कार्रवाई, वर्षों से जमे हुए थे

पायनियर संवाददाता ◄ मानपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण मानपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत औंधी में विभागीय आवासों पर अवैध कब्जे हटाए गए हैं। तसीलदार, वन विभाग के अधिकारी और पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई है। प्रशासने ने जानकारी दी है कि औंधी में वन विभाग के कर्मियों हेतु निर्मित आवासों में 12-15 वर्षों से अवैध कब्जा कर कुछ परिवार रह रहे थे। ऐसे 06 आवास थे जिनमें कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाईश देकर उनसे आवास खाली करवाया। गौरतलब है कि, वन विभाग लंबे समय से इन आवासों को खाली करने की कोशिशें कर रहा था। कब्जाधारियों को नोटिस भी दिए गए थे। अंततः सोमवार को कार्रवाई उन्हें यहां से हटा दिया गया। यह आवास काफी पुराने हैं और काफी हद तक जर्जर भी हो चुके हैं।

# समाचार पत्रों में सामग्री ऐसी हो जिसे पाठक वर्ग पढ़ने के प्रति आकर्षित हो : आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी

■ जैन पत्रकार महासंघ का केशोरायपाटन में आयोजित, क्षेत्रीय अशिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



जैन पत्रकार महासंघ का हाडौती संभाग में क्षेत्रीय अधिवेशन, श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र, केशोरायपाटन जिला बूंदी में 9 जून को दोपहर 1:30 बजे से गणिनी आर्यिकारत्न 105 श्री स्वस्तिभूषण माताजी के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम जैन पत्रकार महासंघ के सभी पदाधिकारियों ने पूज्य माताजी को श्रीफल भेंट कर अधिवेशन में सानिध्य प्रदान करने के लिये निवेदन किया,तत्पश्चात श्री मुनिसुव्रतनाथ स्वामी के चित्र के समक्ष अनिल ठोरा . सुनीता ठोरा, विज्ञान नगर, कोटा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने महासंघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के लिये अपने शब्दों के माध्यम से स्वागत उद्बोधन दिया। समारोह अध्यक्षीय उद्बोधन अतिशय क्षेत्र केशोरायपाटन के अध्यक्ष गुलाब चन्द जैन ने दिया और अतिशय क्षेत्र के बारे में जानकारी प्रदान की। अशिवेशन के मुख्य विषय प्रिंट मीडिया की आवश्यकता एवं जैन पत्रकारों के संरक्षण पर बोलते हुए महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र जैन महावीर, सनावद ने कहा कि हमें अपने समाचार.पत्रों में सकारात्मक समाचार ही प्रकाशित करने चाहिये। उन्होंने कहा कि इलैक्ट्रोनिक मीडिया इतिहास का साक्ष्य नहीं बनता है जबकि प्रिंट मीडिया साक्ष्य बनता है इसलिये प्रिंट मीडिया का महत्व कभी समाप्त नहीं हो सकता। उन्होंने पूज्य माताजी से यह भी निवेदन किया कि माताजीए आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के बाद आपसे समाज को बहुत अपेक्षायें हैं। महासंघ के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री अकलेश जैन,अजमेर ने कहा कि हमें जैन पत्रकार कहलाने से बात नहीं बनेगी बल्कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी भी निभानी होगी। जैन गजट के सह संपादक सुनील जैन ष्संचयष्ए ललितपुर ने बताया कि सोशल मीडिया पर भरोसा नहीं किया जा सकता। हालांकि सोशल मीडिया के आगे प्रिंट मीडिया दबा.दबा सा नजर आता है क्योंकि कोई समाचार जब तक पेपर में छपता हैए उससे पहले वह समाचार सोशल मीडिया पर आ जाता है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि जैन पत्रकार निःस्वार्थ सेवा करते हैंए समाज के श्रेष्ठीगणों को इन्हें प्रोत्साहित करना चाहिये। ब्रण् मनीष जैन ने जहाजपुर स्थित स्वस्ति धाम के बारे में और वहां के अतिशय के बारे में विस्तार से बताया। परम पूज्य गणिनी आर्यिकारत्न श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अधिवेषन दो दिवसीय होना चाहिये और प्रथम दिन, इसके तीन चरण होने चाहिये ताकि सभी लोग अपनी बात रख सकें और उनके बारे में विस्तृत चर्चा हो सके। उन्होंने प्रिंट मीडिया की आवश्यकता पर बोलते हुए कहा कि आपके समाचार.पत्र को लोग क्यों पेड, इस पर विचार करने की आवश्यकता है, सामग्री ऐसी होनी चाहिये कि पाठक वर्ग उसको पढने के प्रति आकर्षित हो, उसमें रूचि पैदा हो। पूज्य माताजी ने यह भी कहा कि प्रिंट मीडिया के साथ.साथ, सोशल मीडिया को भी नहीं भुलाया जा सकता,उसकी भी आवश्यकता है।

# नवागढ़ पुलिस के द्वारा दो अलग अलग प्रकरण के गुम बालिकाओं को जम्मू कश्मीर से बरामद बरामद करने में मिली सफलता

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



नवागढ़ पुलिस के द्वारा दो अलग अलग प्रकरण के गुम (अपहृत) बालिकाओं को जम्मू कश्मीर से बरामद बरामद करने में मिली सफलता, विवेक शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में गुम बालक बालिकाओं का पतासाजी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं उप पुलिस अधीक्षक अजाक अनिल कुर्रे के कुशल मार्ग दर्शन में गुम बालक बालिकाओं का लगातार पातासाजी की जा रही थी। जिसमे थाना नवागढ़ के दो प्रकरण में गुम बालिकाओं का जम्मू तरफ जाने का लोकेशन प्राप्त होने से थाना नवागढ़ से टीम बनाया गया जिसमे प्रधान आरक्षक प्रेमलाल दिवाकर, आरक्षक जनक कश्यप, महिला आरक्षक नीता महंत के टीम को जम्मू कश्मीर तरफ रवाना किया गया जहा पर पहले प्रकरण की अपहृता 26/10/23 को बिना बताए अपने घर से अज्ञात व्यक्ति के बहलाने फुसलाने से कही चली गई थी जिस पर थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 320/23 धारा 363 ipc कायम कर विवेचना में लिया गया था। अपहृता का लोकेशन जम्मू तरफ मिलने से टीम के द्वारा जम्मू में बरामद किया गया पूछताछ पर अपहृता के द्वारा बताया गया की अपहृता को नाबालिक बालक के द्वारा शादी का झांसा देकर भागकर ले गया था। जिस पर विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक के विरुद्ध थाना नवागढ़ में धारा 363,366,376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट कायम कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाकर, बाल संप्रेक्षण गृह कोरबा भेजा गया। एक अन्य प्रकरण में अपहृता दिनांक 10/01/24 को अपने गांव से बिना बताए कही चली गई थी जिस पर से थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 14/24 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया अपहृता को जम्मू कश्मीर के पास से बरामद किया गया जाकर उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया है।

प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । उक्त प्रकरण में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, प्रधान आरक्षक प्रेम लाल दिवाकर, स्वाति गिरोलकर, आरक्षक जनक कश्यप, महिला आरक्षक नीता महंत, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक विवेक सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कनकी में पहुंचे प्रवासी पक्षी, समृद्धि का संदेश

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



पक्षियों का अपना अलग संसार है और उनका बिल्कुल अलग विज्ञान। तकनीक के इस युग में भी हैरान करने वाला मैपिंग सिस्टम मौजूद है जिसके जहां सहारे वह बड़ी आसानी से पहुंच जाते हैं और कुछ समय के बाद फिर पुरानी जगह पर लौट आते हैं। साइबेरिया जैसे दूर देश से ऐसे ही प्रवासी पक्षी एशियन ओपन बिल स्टार्क की उपस्थिति एक बार फिर कोरबा जिले के कनकी में हो गई है। यहां के प्राचीन मंदिर के पास उनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर करतला विकासखंड के गांव कनकी मैं सफेद रंग के खूबसूरत पक्षियों को देखना लोगों के लिए काफी सुखद एहसास है। एक दशक से पक्षियों ने यहां पर आना शुरू किया है। साइबेरिया की दूरी हजारों किलोमीटर दूर है जहां से यह पक्षी छत्तीसगढ़ के इस शांत स्थान की तरफ रुख करते हैं।

बीते वर्षों से उन्होंने इस जगह को अपना सबसे अच्छा ठिकाना माना और उनकी उपस्थिति यहां लगातार हो रही है। अब तक 50 से अधिक पक्षियों का डेरा सीमित आबादी वाले इस गांव में लग चुका है। प्राचीन कनकेश्वर मंदिर के बाहरी परिसर में लगे पीपल के वृक्ष में प्रवासी पक्षियों ने अपना ठिकाना पहले की तरह बनाया है। इस इलाके के ग्रामीण मानते हैं कि पक्षियों की उपस्थिति एक प्रकार से समृद्धि का संदेश है। उन्होंने इसे महसूस किया है इसलिए अभी सभी पक्षियों को अपना सबसे अच्छा साथी समझते हैं और हर प्रकार से उनकी रक्षा भी करते हैं। प्रवासी पक्षी संरक्षण के अंतर्गत वन विभाग की ओर से इस स्थान पर जरूरी जतन किए गए हैं ताकि किसी भी तरीके से उन्हें नुकसान न होने पाए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रवासी पक्षी मुख्य रूप से प्रजनन के लिए इस स्थान तक पहुंचाते हैं और निश्चित समय के बाद फिर अपने मूल देश को वापस लौट जाते हैं। यूं तो छत्तीसगढ़ में और भी कई अच्छी जगह है लेकिन प्रवासी पक्षियों का कोरबा जिले के इस गांव को चुना यह दर्शाता है कि यहां कुछ खास तो है।

# दंपत्ति पर हाथी ने किया हमलाः पत्नी की मौत, पति ने भागकर बचाई जान

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



लंबे समय से हाथी समस्या से जूझ रहे वनमंडल कोरबा में मुश्किलें जस की तस हैं। आज सुबह हाथी की हमले में एक ग्रामीण महिला की मौत हो गई। वह अपने पति के साथ धान बीज लेने गिरारी जा रही थी। आपात परिस्थितियों में पति ने भागकर अपनी जान बचाई। हाथी के हमले में हुए घटनाक्रम की खबर मिलने पर वन विभाग की टीम कुछ घंटे बाद मौके पर पहुंची। करतला पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया है। उक्तानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आज सुबह लगभग 05 बजे के आसपास यह घटना वनमंडल कोरबा के अंतर्गत हुई। अधिकारिक जानकारी में बताया गया कि 50 वर्षीय आदिवासी महिला यादोबाई कंवर का हाथी सामना हुआ और आखिरकार उसके प्राण पखेरू उड़ गए। बासिन ग्राम पंचायत क्षेत्र की निवासी मृतका अपने पति वृक्षराम कंवर 55 वर्ष के साथ धान बीज लेने के लिए बासिन से गिरारी गांव जाने निकले थे। उन्हें नहीं पता था कि संबंधित रास्ते में हाथी मौजूद हैं और उनकी हरकतें जारी है। बताया गया कि देर रात ही एलोंग गांव से एक दंतैल हाथी कलमीटिकरा पहुंचा था। वनकर्मी भी इस बारे में अनभिज्ञ थे और इसलिए उनकी ओर से सुरक्षात्मक प्रयास नहीं किये जा सके। इधर हाथियों की पहुंचने के कुछ घंटे बाद ही सुबह जब आदिवासी दंपत्ति कृषि कार्य के संबंध में गिरारी के तरफ जा रही थी तभी वनमंडल के श्यांग परिसर के पास एक जगह दंतैल हाथी ने अटैक कर दिया। विशालकाय हाथी को अपने काफी करीब पाकर महिला को न तो भागने का मौका मिला और न ही सोचने का। अगले ही क्षण हाथी ने महिला को पटककर जान ले ली। पता चला कि इस दौरान पति वृक्षराम ने साहस जरूर दिखाया लेकिन अपनी जान बचाने के लिए उसने जंगल के रास्ते में दौड़ लगा दी। मामले के बारे में उसने वन विभाग के स्थानीय कर्मियों को जानकारी दी। कुछ देर बाद अमले के साथ पहुंचे वन अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया तो संबंधित क्षेत्र में महिला को मृत पाया गया।

# ऋण उप समिति की बैठक में 4472 करोड़ की साख सीमा एवं ऋण स्वीकृत

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग में ऋण उप समिति एवं बोर्ड की बैठक कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं प्राधिकृत अधिकारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में बोर्ड के सदस्य अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग एवं विकास साहू सहायक संचालक कृषि एवं हृदेश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहें। ऋण उप समिति की बैठक में बैंक से सम्बद्ध सेवा सहकारी समितियों को केसीसी ऋण अंतर्गत 4462 करोड़ का साख सीमा स्वीकृत किया गया जिसके अंतर्गत समितियों से किसानों को कृषि कार्य, उद्यानिकी, पशुपालन, बोर पम्प, तारफेंसिग, ट्रेक्टर ऋण, स्वयं सहायता समूह ऋण की स्वीकृति दी गयी। इसके अतिरिक्त 10 करोड़ रुपये गैर कृषि कार्य हेतु गोल्डन क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण स्वीकृत किया गया। बैठक में बोर्ड के सदस्यों द्वारा खरीफ ऋण वितरण कार्य में प्रगति लाने निर्देशित किया गया। खरीफ वितरण वर्ष 2024-25 में अभी तक कुल 600 करोड़ का ऋण वितरण हो गया है। बोर्ड की बैठक में बैंक के कालातीत ऋणी सदस्यों का एकमुश्त समझौता योजना 2023 के तहत 79 हितग्राहियों को 92.37 लाख रु. ब्याज छूट की स्वीकृति दी गई। वर्ष 2024-25 हेतु प्रति हेक्टेयर ऋणमान की पुष्टि किया गया, बैंक के उप समितियों के कार्यवाही का अवलोकन व समीक्षा किया गया।

# मध्याह्न भोजन योजना के तहत 2275 क्विंटल खाद्यान्न आबंटित

**जिले के 1349 प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के लिए**

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

मध्याह्न भोजन योजना के तहत जिले के 1349 प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के लिए माह जुलाई 2024 हेतु कुल 2275 क्विंटल 80 किलोग्राम चावल आबंटित किया गया है। इसमें 890 प्राथमिक स्कूलों के लिए 1104 क्विटल 20 किलोग्राम और 459 माध्यमिक स्कूलों के लिए 1171 क्विंटल 60 किलोग्राम खाद्यान्न का आबंटन शामिल है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि धमतरी विकासखण्ड के 289 स्कूलों के लिए 631 क्विंटल 20 किलोग्राम खाद्यान्न का आबंटन किया गया। इसमें 173 प्राथमिक स्कूलों के लिए 297 क्विंटल 10 किलोग्राम और 116 माध्यमिक स्कूलों के लिए 334 क्विंटल 10 किलोग्राम खाद्यान्न आबंटन शामिल है। इसमें से धमतरी शहर के 55 स्कूलों में खाद्यान्न आबंटन के लिए एनजीओ को 53 क्विंटल 80 किलोग्राम खाद्यान्न आबंटन किया गया है। इनमें 32 प्राथमिक स्कूलों के लिए 31 क्विंटल 70 किलोग्राम और 23 माध्यमिक स्कूलों के 22 क्विंटल 10 किलोग्राम खाद्यान्न आबंटन शामिल है। इसी तरह कुरूद विकासखण्ड के 308 स्कूलों के लिए 492 क्विंटल 80 किलोग्राम चावल का आबंटन किया गया है। इसमें 187 प्राथमिक स्कूलों के लिए 234 क्विंटल 40 किलोग्राम और 121 माध्यमिक स्कूलों के लिए 258 क्विंटल 40 किलोग्राम चावल आबंटित किया गया है। मगरलोड विकासखण्ड के 226 स्कूलों के लिए 437 क्विंटल खाद्यान्न का आबंटन किया गया है। इनमें 154 प्राथमिक स्कूलों के लिए 213 क्विंटल 50 किलोग्राम और 72 माध्यमिक स्कूलों के लिए 223 क्विंटल 50 किलोग्राम खाद्यान्न शामिल है। इसी तरह नगरी विकासखण्ड के 471 स्कूलों के लिए 661 क्विंटल खाद्यान्न का आबंटन किया गया है।

# कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्या और शिकायतें

■ जिले के दूर-दराज से पहुंचे लोगों ने अधिकारियों के समक्ष रखीं अपनी समस्याएं

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम और संयुक्त कलेक्टर विनय पोयाम ने जिले के दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्या और शिकायतें सुनीं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लगे आदर्श आचरण संहिता के हटने के बाद कलेक्टोरेट में आयोजित पहले जनदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायत, मांग और समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। कलेक्टर ने लोगों से प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए। आयोजित जनदर्शन में महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, पेंशन, पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदाय करने सहित भूमि विवाद सुलझाने, नाली निर्माण, एरियर्स राशि भुगतान, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने, भूमि मुआवजा राशि दिलाने, टोल टैक्स नाका में अवैध वसूली रोकने इत्यादि संबंधी कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करेंः कलेक्टर नम्रता गांधी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर बारी-बारी से विभागीय कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों को मुस्तैदी से निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक मे कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, किसान सम्मान निधि सहित योजना के तहत विभिन्न प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीवीटीजी के तहत बसाहटों में आधार कार्ड वितरण के लिए कार्ययोजना तैयार करने कहाऔर ऐसे जनमन बसाहट जहां बिजली नहीं पहुंची उसकी जानकारी कलेक्टर ने ली। इसके अलावा कमार बसाहटों में युवाओं के कौशल विकास हेतु योजना बनाने कहा। साथ ही कमार बसाहटों में नशामुक्ति अभियान के तहत सभी विभागीय योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले में खाद-बीज भण्डारण की जानकारी लेते हुए फसल बीमा के प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन द्वारा अधिकृत भूमि का मुआवजा दिलाने के लिए उचित कार्यवाही करने कहा।

बैठक में अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी, मेधावी छात्रवृत्ति योजना, नोडल अधिकारी की नियुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण, बच्चों की डायरी, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि की जानकारी ली। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव की पूरी रूप-रेखा तैयार करने कहा। साथ शाला त्यागी बच्चों को पुनःस्कूल तक लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिक से अधिक स्कूली बच्चों को श्रम विभाग की योजनाओं के तहत छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कराने कहा। इसके साथ ही ऐसे छात्रावास जहां होमगार्ड नियुक्त नहीं है, वहां होमगार्ड की नियुक्ति करने कहा। साथ ही छात्रावासों में रहने वाले सभी बच्चों का स्वास्थ्य कार्ड बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

**सामाजिक संस्था, स्वयं सेवी संस्था, स्व सहायता समूह सहित ग्रामीण लें रहे बढ़-चढ़कर हिस्सा**

# जिले में मनाया जा रहा स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह, पर्यावरण संरक्षित करने वृक्षारोपण सहित की जा रही साफ–सफाई

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में आगामी 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षित करने ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छता, हरियाली, प्लास्टिक सामग्री जलाने से प्रदूषित वातावरण की जानकारी, गांव को स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त और हरा भरा बनाने का संदेश दिया जा रहा है। इसके तहत जिले के ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मेट, बिहान समूह की महिलाएं, ग्रीन आर्मी स्वच्छता समूह की दीदी, स्वयं सेवी संस्था प्रथम, प्रदान संस्था, एग्रीकेट सोसायटी, अजीम प्रेमजी फाउडेंशन, राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े लोगों के द्वारा साकार किया जा रहा है। धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत मुड़पार, बरारी, बेन्द्रानवागांव, सोरम, बलियारा, सेमरा बी, सेहरा डबरी, पीपरछेड़ी गा, धौराभाठा, बिरेतरा, बिजनापुरी, देमार, गुजरा, रांवा, सारंगपुरी, कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ेली, गणेशपुर, भैसबोड़, कोड़ेबोड़, कोर्रा, ईर्रा, भेण्डरवानी, गातापार को, कमरौद, सिरसिदा, भुसरेगा, धूमा, विंचरी, संकरी, मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत कोरगांव, परसाबुड़ा, नवागांव (खि), भोथीडीह, परसट्टी, मोतिमपुर, सिंगपुर, कुल्हाड़ीकोट, नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसिंया, रानीगांव, मल्हारी, उमरगांव, भुरसीडोंगरी, हिर्रीडीह, गढ़डोंगरी रै, खल्लारी, मौहाबाहरा, कांटाकुर्रीडीह, जबर्रा, गट्टासिल्ली, राजपुर, बटनहर्रा, हरदीभाठा, छिपलीपारा, मुकुंदपुर, सिहावा, भीतररास के ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता के लिए सामुदायिक शौचालय की साफ - सफाई की गई। इसके साथ ही हेण्डपंप के आस पास एवं वहां उगे खरपतवार को साफ -सफाई करते हुए एकत्रित गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की गई। श्रमदान करके गांव की गलियों की साफ-सफाई, पर्यावरण जागरूकता लाने के लिए पुराने वृक्षों पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत पंचायतों में सार्वजनिक जल स्त्रोतों के पास की साफ-सफाई, गंदे पानी निकासी हेतु सोकपिट एवं किचन गार्डन का निर्माण, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं शासकीय भवनों में पेयजल स्त्रोतों की साफ -सफाई, पंचायत में जल कर की चर्चा एवं नियोजन कार्य, रेनवाटर हार्वेस्टिंग मरम्मत एवं निर्माण कार्य, रिचार्ज एवं सोकपिट का निर्माण, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन हेतु ग्रामीणों में जागरूकता के लिए सामुहिक चर्चा के साथ प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जलदूत एप्प के माध्यम से मानसून में खुले कुंओं के जल स्तर सर्वेक्षण कार्य कराये जा रहे हैं, इससे गांवों के कुंओ के जलस्तर की जानकारी फोटो के साथ अपलोड होगी।

जल स्तर मापने के लिए सचिव, रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक द्वारा मानसून से पहले और मानसून के बाद चयनित कुंओ के जलस्तर को मापने का कार्य कराये जा रहे हैं। महानदी तट पर स्थित महानंदेश्वर मंदिर नगरी की एफएल.सी.आर.पी.संध्या मानिकपुरी एवं सक्रिय महिला योगश्वरी ठाकुर ने मंदिर परिसर के आसपास की साफ-सफाई करते हुए बताया कि स्वच्छता का मतलब कई अलग-अलग अभ्यासों से है। स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए व्यक्ति को स्वस्थ और स्वच्छता निहायत जरूरी है। जिसके लिए पर्यावरण को साफ सुथरा रखना होगा। ग्राम पंचायत घोटगांव नगरी की कृषि मित्र बबीता साहू ने पर्यावरण के लिए स्वयं गढ्ढा खोदकर पौधा का रोपण किया। किचन गार्डन के लिए जमीन तैयार किया गया वहीं स्कूल के पास कचरा के संग्रहण के लिए कूड़ादान बनाकर स्वच्छता की मिशाल पेश की। किचन गार्डन के संबंध में उन्होंने बताया कि यह प्रकृति के साथ संबंध को बढ़ावा देता है बाहरी गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है और अपने स्वयं के भोजन का पोषण और फसल के रूप में उपलब्धि की भावना प्रदान करता है। कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी, भालूझूला के ग्रीन आर्मी सदस्यों ने बताया कि बायो कम्पोस्ट जैविक खाद बनाने के लिए गावं में यत्र-तत्र बिखरे हुए सब्जी बाजार से सब्जियों के अवशेष को उठाकर जैविक खाद बनाने के लिए संग्रहित किया गया। प्लास्टिक संबंधी वस्तुओं को संग्रहण कर मणिकंचन केन्द्र में छंटाई के लिए संग्रहण किया गया जो आमदनी का हिस्सा बनेगा। मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा की ग्रामीण महिलाओं ने जल जगार में पानी बचाकर पौध रोपण करने ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इसके माध्यम से जलस्तर में वृद्धि हेतु जल जगार उत्सव मनाकर हेण्डपंप में रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने लोगों को प्रेरित कर रही है।

# आचार संहिता हटते ही विद्युत विकास कार्यों में तेजी





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी की अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक 400 के.वी. अति उच्चदाब विद्युत उपकेंद्र कुरूद से 220 के.वी. फीडर बे को आज प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला द्वारा चार्ज कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अधोसंरचना विस्तार के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए है, जिसके तहत प्रदेश के सचिव ऊर्जा तथा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा कंपनियां पी. दयानंद के मार्गदर्शन में आज यह प्रगति दर्ज की गई।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद ने इस उपलब्धि के लिए विद्युत पारेषण कंपनी को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि विगत वर्षों में स्वीकृत तथा लंबित परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए। जिन क्षेत्रों में समस्याएं है उनके प्रस्ताव भी बनाए जाएं। विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कदम तेजी से उठाए जाएं।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के कार्यों में तेजी लाने का असर दिखने लगा है। 400 के.वी. कुरूद उपकेंद्र को मिलाकर प्रदेश में इस उच्च दाब क्षमता के 4 उपकेंद्र है जो खेदामारा, रायता, तथा परचनपाल में स्थित है। 400 के.वी. उपकेंद्र कुरूद से 220 के.वी. क्षमता के 6 फीडर बे निकाले जाने है, जिनमें से 2 राजिम के लिए, 2 गुरूर के लिए तथा 2 पाटन के लिए है। इनमें से पाटन के दोनों फीडर बे के निर्माण तथा उन्हें चार्ज करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। आज 220 के.वी. फीडर बे तथा 20 किलोमीटर लंबी डबल सर्किट 220 के.वी. पाटन लाइन को चार्ज किया गया। इससे पाटन स्थित 220 के.वी. उपकेंद्र को प्रारंभ करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस एक कार्य की लागत लगभग 6 करोड़ रुपये है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनियों के कार्यपालक निदेशकगण राजेश चंद्र अग्रवाल, एम.एस. चौहान, मुख्य अभियंतागण डी.के. तुली, जी. आनंदराव, अविनाश सोनेकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंतागण चंद्रकला गिडवानी, ईश्वर सिंह कंवर, अधीक्षण अभियंतागण वी.ए. देशमुख, मनोज राय, प्रसन्न गोसावी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ जूनियर पावर लिफ्टर्स से मुख्यमंत्री की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ सदन में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नेशनल जूनियर और सब जूनियर प्रतियोगिताओं में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ के 32 पावर लिफ्टर खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए और राज्य सरकार से मिल रहे समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

# आदिमजाति विकास मंत्री राम विचार नेताम ने नवनिर्वाचित केंद्रीय मंत्री जुएल ओरांव व नितिन गडकरी से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के आदिमजाति, अनुसूचितजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री रामविचार नेताम ने दिल्ली में नवनिर्वाचित केंद्रीय मंत्री जुएल ओरांव से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने जुएल ओरांव को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री बनाएं जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मंत्री नेताम ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री जुएल ओरांव को छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनहित में किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में कार्यान्वित हो रही राज्य और केंद्र प्रवर्तित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के संबंध में भी चर्चा की।



**कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने नवनिर्वाचित केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की सौजन्य मुलाकात :** रामविचार नेताम ने दिल्ली में नवनिर्वाचित केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने गडकरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री बनाएं जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री नेताम ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनहित में किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में कार्यान्वित हो रही राज्य और केंद्र प्रवर्तित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के संबंध में भी चर्चा की।

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का निर्देश, लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**रायपुर।** सरगुजा जिले के विकासखण्ड अंबिकापुर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानगर में प्रसूता द्वारा जमीन पर प्रसव किए जाने की घटना संज्ञान में आते ही स्वास्थ्य मंत्री



श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना की जांच के निर्देश दिए थे। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच करवाई गई। जांच के दौरान बीएमओ, संस्था प्रभारी, बीपीएम, स्टॉफ नर्स, एएनएम एवं स्थानीय मितानिन उपस्थित रहे। जांच के तहत सभी के समक्ष उक्त प्रकरण के बारे में बयान लिया गया, तथा जच्चा-बच्चा प्रसूता महिला एवं नवजात बच्चों को देखा गया। प्रसव को लेकर प्रोटोकॉल का पालन नही करने वाले खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी.एन. राजवाड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

# आयुक्त ने मानसून पूर्व नाला सफाई अभियान का निरीक्षण किया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य एवं 10 जोनो द्वारा राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में नालो एवं नालियों की सफाई मानसून पूर्व तेज गति से निरंतर प्रगति पर है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव की उपस्थिति में जोन 3 के क्षेत्र शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 के तहत दुर्गा मैदान शंकरनगर के पास बडे नाले की मानसून पूर्व सफाई के अभियान का निरीक्षण किया। आयुक्त ने निर्देश दिये है कि सभी जोनों के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण नगर निगम क्षेत्र के सभी नालो एवं नालियों की मानसून के पूर्व अच्छी तरह सफाई करवाना मॉनिटरिंग कर सुनिश्चिचत करें। ताकि नगर में जल भराव की समस्या न आने पाये। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालो एवं नालियों की सफाई के दौरान विशेष सतर्कता बरतें कि पॉलीथीन पन्नी आदि नाला, नालियों में न रहने पाये। इनके फंसने से निकास प्रणाली बाधित हो जाती है। इसलिए यदि पॉलीथीन पन्नी नालों, नालियों में फंसी दिखे तो उसकी उसी समय सफाई करवाकर उसे बाहर निकालना सुनिश्चिचत करें ताकि पॉलीथीन निकास व्यवस्था को बारिश में बाधित न कर सके।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403